सूर्योदय प्रातः 6:21 सूर्यास्त संध्या 5:45 पखवाड़ा फाल्गुन कृ. चतुर्थी, संवत 2081 तापमान अधिकतम 27° न्यूनतम 14°



# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि



रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, रविवार, 16 फरवरी 2025, वर्ष : 16, अंक : 07, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter

**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 75,939.21 | -199.76 (-0.26%) |
| निफ्टी | 22,929.25 | -102.15 (-0.44%) |

**सर्राफा बाजार** प्रति 10 ग्राम

| | | |
|---|---|---|
| सोना | 24 carat | 84,680 .00 |
| चांदी | | 1080 .00 |

## एक झलक

### राष्ट्रपति आज आदि महोत्सव 2025 का करेंगी उद्घाटन

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को आदि महोत्सव 2025 का उद्घाटन करेंगी। जनजातीय मामलों के मंत्रालय के तहत ट्राइबल को-ऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित आदि महोत्सव 16-24 फरवरी तक मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आयोजित हो रहा है। भारत के जनजातीय समुदायों की जीवंत संस्कृति, विरासत और आर्थिक क्षमता का जश्न मनाने के उद्देश्य से इसका आयोजन किया जा रहा है। उत्सव में इंडोनेशिया और श्रीलंका के प्रतिनिधिमंडल भी शामिल होंगे। इसमें देश के 30 से अधिक राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेश के 600 से अधिक आदिवासी कारीगरों, 500 लोक कलाकारों और 25 आदिवासी खाद्य स्टालों लगाए जा रहे हैं। जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम ने शनिवार को मीडिया को बताया कि आदि महोत्सव सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, यह जनजातीय समुदायों को एक व्यापक बाजार प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाने की पहल है।

### भारत-चाड के द्विपक्षीय रिश्तों को गहरा करने पर सहमति

**नयी दिल्ली :** भारत-चाड विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) का पहला दौर 13 फरवरी 2025 को चाड गणराज्य के एनड्जामेना में आयोजित किया गया, जिसकी सह-अध्यक्षता सेवाला नाइक मुडे, अतिरिक्त सचिव (मध्य और पश्चिम अफ्रीका), विदेश मंत्रालय, भारत सरकार और फातिम अल्दजिनेह गरफा, विदेश मामलों के लिए मंत्री प्रतिनिधि, चाड गणराज्य ने की। भारत के विदेश मंत्रालय ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि एफओसी के दौरान दोनों पक्षों ने व्यापार, निवेश, स्वास्थ्य और फार्मास्यूटिकल्स, शिक्षा, क्षमता निर्माण, रक्षा, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई), कृषि, लोगों से लोगों के बीच संपर्क और सांस्कृतिक आदान-प्रदान सहित द्विपक्षीय सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों को शामिल करते हुए भारत-चाड संबंधों के संपूर्ण दायरे की व्यापक समीक्षा की।

### 17-18 को भारत की राजकीय यात्रा पर अमीर शेख

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी 17-18 फरवरी को भारत की राजकीय यात्रा पर आयेंगे। उनके साथ मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल सहित एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आयेगा। कतर के अमीर की यह दूसरी भारत यात्रा होगी। इससे पहले मार्च 2015 में वह भारत की राजकीय यात्रा पर आये थे।

## अंदर के पन्नों पर

3 के. राजू बने झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नये प्रभारी...

5 50 बांस हस्तशिल्पियों के बीच नि:शुल्क उन्नत...

7 प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी 19 फरवरी...

9 बिहार के भागलपुर में तीन लोगों की हत्या, छानबीन...

10 अखिल भारतीय इंटर जोनल महिला भारोत्तोलन...

# छोटे और पारम्परिक समाधान को भी आजमायें युवा : द्रौपदी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि हमारा युग प्रौद्योगिकी का युग है। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नयी प्रगति ने हमारे जीने के तरीके को बदल दिया है। कल तक जो अकल्पनीय था, वह आज वास्तविकता बन गया है। उन्होंने कहा कि आनेवाले वर्ष और भी अधिक नाटकीय होते जा रहे हैं, जिसमें विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग में दूरगामी प्रगति की उम्मीद है। चूंकि, एआई तेजी से अर्थव्यवस्थाओं को बदल रहा है, इसलिए भारत सरकार उभरते परिदृश्य पर प्रतिक्रिया देने में तत्पर रही है। उच्च शिक्षा संस्थानों में एआई को एकीकृत करने के लिए कई पहल की जा रही है। राष्ट्रपति शनिवार को बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी) मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थीं।





■ बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी) मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं राष्ट्रपति

राष्ट्रपति ने कहा कि चूंकि प्रौद्योगिकी समाज में बड़े व्यवधान पैदा करती है, इसलिए हमें हाशिये पर पड़े समूहों पर इसके प्रभाव के बारे में चिन्तित रहना चाहिए। जो महान अवसर पैदा किये जा रहे हैं, वे सभी के लिए उपलब्ध होने चाहिए और जो महान परिवर्तन लाये जा रहे हैं, उनसे सभी को लाभ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अक्सर हमारे आसपास की समस्याओं के लिए किसी बड़े तकनीकी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होती है। उन्होंने युवा छोटे और पारम्परिक समाधान को भी ना भूलें, बल्कि उसे भी आजमाने की जरूरत है। युवा छोटे पैमाने के पारम्परिक समाधानों के महत्त्व को न भूलने की सलाह दी। राष्ट्रपति ने कहा कि नवोन्मेषकों और उद्यमियों को पारम्परिक समुदायों के ज्ञान के आधार को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि प्लेटिनम जुबली इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी और सम्बद्ध क्षेत्रों में शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में बीआईटी मेसरा के योगदान का जश्न मनाने और सम्मान करने का एक उपयुक्त अवसर है।

इस अवसर पर झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि राष्ट्रपति के आगमन से राज्यवासियों में उत्साह है। उन्होंने बीआईटी मेसरा की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि इस संस्थान ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनायी है और विद्यार्थियों की सोच को विकसित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

# काशी-तमिल संगमम करेगा तमिलनाडु व काशी के बीच सम्बन्धों को मजबूत : मोदी

एजेंसी

**वाराणसी :** काशी तमिल संगमम-3 की सफलता के लिए वाराणसी के सांसद और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुभकामना संदेश भेजा है। प्रधानमंत्री ने लिखा...'काशी तमिल संगमम न केवल इन यादों को ताजा करेगा, बल्कि तमिलनाडु और काशी के बीच सम्बन्धों को और मजबूत करेगा। लोगों की सम्पूर्ण भागीदारी ने इन संगम को एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना का मशाल वाहक बना दिया है। यह जान कर खुशी हो रही है कि इस वर्ष हमारी पारम्परिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ-साथ शास्त्रीय तमिल साहित्य में ऋषि अगस्त्य के महत्त्वपूर्ण योगदान का जश्न मनाया जायेगा।'

काशी-तमिल संगमम-3 का आयोजन 15 से 24 फरवरी तक किया गया है।

प्रधानमंत्री ने यह शुभकामना संदेश अपने अमेरिका दौरे में लिखा। प्रधानमंत्री शुक्रवार देर रात दिल्ली लौट आये हैं। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## प्रधानमंत्री ने संत सेवालाल महाराज को उनकी जयंती पर नमन किया



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पूज्य संत सेवालाल महाराज को उनकी जयंती पर नमन करते हुए कहा कि उनके सद्विचार एक न्यायप्रिय, सौहार्दपूर्ण और मानवता की सेवा में ● शेष पृष्ठ 11 पर

## महाराष्ट्र में जीबीएस से 02 और लोगों की मौत

**मुंबई :** महाराष्ट्र के सांगली जिले में शनिवार को दो और जीबीएस (गुइलेन-बैरे सिंड्रोम) मरीजों की मौत हो गयी है। मृतकों में एक 14 साल का बच्चा भी शामिल है। इसकी पुष्टि मिराज सरकारी अस्पताल के अधिष्ठाता (डीन) डॉ. प्रकाश गुरव ने की है। उन्होंने आम नागरिकों से जीबीएस बीमारी से नहीं घबराने की अपील की है। सांगली में शनिवार को जीबीएस से हुई दो मौत के बाद राज्य में इस बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़ कर 11 हो चुकी है। मिराज सरकारी अस्पताल के अधिष्ठाता (डीन) डॉ. गुरव ने आज बताया कि कर्नाटक के हुक्केरी का एक 14 वर्षीय बच्चा जीबीएस से संक्रमित था।

## प्रधानमंत्री मोदी आज दिल्ली में भारत टेक्स 2025 में लेंगे भाग

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को शाम 04 बजे नयी दिल्ली के भारत मंडपम में भारत टेक्स-2025 में भाग लेंगे। इस अवसर पर वह उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित भी करेंगे। इसमें 120 से अधिक देशों के नीति निमार्ता और वैश्विक सीईओ, प्रदर्शक, अंतरराष्ट्रीय खरीदार भाग लेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि भारत टेक्स 2025, एक व्यापक स्तर का वैश्विक कार्यक्रम है और इसका आयोजन 14-17 फरवरी को भारत मंडपम में किया जा रहा है। यह एक विशिष्ट कार्यक्रम है, क्योंकि यह कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पादों तक की सम्पूर्ण वस्त्र मूल्य श्रृंखला को एक ही मंच पर एक साथ लाता है।

भारत टेक्स प्लेटफॉर्म कपड़ा उद्योग का सबसे बड़ा और सबसे व्यापक आयोजन है, जिसमें दो स्थलों पर फैला एक मेगा एक्सपो शामिल है। इसमें सम्पूर्ण वस्त्र पारिस्थितिकी व्यवस्था को प्रदर्शित किया जायेगा। इस दौरान हैकथॉन आधारित स्टार्टअप पिच फेस्ट और इनोवेशन फेस्ट, टेक टैंक और डिजाइन चुनौतियों को भी शामिल किया गया है और यह प्रमुख निवेशकों के माध्यम से ● शेष पृष्ठ 11 पर

## भारत को नये युग के उद्योगों में प्रतिस्पर्द्धा के लिए खोखले भाषणों की नहीं, मजबूत उत्पादन आधार की जरूरत : राहुल

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि भारत में प्रतिभा तो है, लेकिन उसे अपने युवाओं को रोजगार देने के लिए नयी तकनीक में औद्योगिक कौशल का निर्माण करने के लिए मजबूत उत्पादन आधार की जरूरत है, न कि खोखले भाषणों की।



राहुल गांधी ने शनिवार को 'एक्स' पोस्ट में इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे चीन ने ड्रोन का उत्पादन शुरू किया है, जो दुनियाभर में युद्ध में क्रांति ला रहा है। उन्होंने कहा कि भारत को इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्द्धी बनने के लिए एक रणनीति विकसित करने की आवश्यकता है। राहुल गांधी ने इस पोस्ट के साथ ड्रोन तकनीक पर नौ मिनट का एक वीडियो भी टैग किया है। उन्होंने कहा कि ड्रोन ने युद्ध लड़ने के तरीके को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## 7.14 किलो सोने के साथ तीन विदेशी गिरफ्तार

**मुम्बई :** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने शुक्रवार रात 7.14 किलोग्राम सोने के साथ तीन विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। बरामद सोने की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 6.28 करोड़ आंकी गयी है। डीआरआई सूत्रों ने शनिवार को मीडिया को बताया कि उनकी टीम को दुबई से मुम्बई तस्करी के सोने सहित कुछ यात्रियों के आने की गोपनीय जानकारी मिली थी।

## प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना भारत सरकार का दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य कवरेज कार्यक्रम : नड्डा

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना भारत सरकार का दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य कवरेज कार्यक्रम है। इसकी शुरुआत 10 करोड़ 74 लाख परिवारों से हुई ; यानी 55 करोड़ लोग शामिल थे। इस तरह से भारतीय आबादी के 40 प्रतिशत लोगों को स्वास्थ्य कवरेज मिला।



शनिवार को केन्द्रीय स्वास्थ्यमंत्री नड्डा ने अंतरराष्ट्रीय बाल कैंसर जागरूकता दिवस के अवसर पर झज्जर में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान में एम्स में आयोजित ऑन्कोलॉजी कॉन्क्लेव 2025 का उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री जन आरोग योजना की शुरुआत की गयी थी। आज यह दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य कवरेज कार्यक्रम है। इस योजना से अब 36 लाख आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और अन्य को जोड़ा गया है।

अब तीसरे कार्यकाल में इस योजना में 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिक को शामिल कर लिया गया है, फिर चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## कोटा के सीएफसीएल में गैस रिसाव, 14 छात्राएं अस्पताल में भर्ती

■ चार छात्राओं की हालत गम्भीर, ओम बिरला ने ली जानकारी



एजेंसी

**कोटा :** कोटा-बारां मार्ग पर स्थित निजी क्षेत्र के उद्योग चम्बल फर्टिलाइजर्स केमिकल लिमिटेड (सीएफसीएल) से शनिवार को अचानक अमोनिया गैस रिसाव होने से आसपास के क्षेत्रों में दशहत फैल गयी। फैक्ट्री से 500 मीटर दूर स्थित सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल, सीमलिया की छात्राओं को सांस लेने में तकलीफ और उल्टियां होने लगीं। वे घबरा कर बाहर निकलीं और कुछ छात्राएं स्कूल मैदान में ही बेहोश होकर गिर पड़ीं। 14 छात्राओं को सीएफसीएल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने फोन पर घटना की जानकारी ली एवं स्कूली बच्चों को तत्काल ● शेष पृष्ठ 11 पर

## बोलेरो व बस की सीधी भिड़ंत में 10 की मौत

■ सभी मृतक छग के, तो घायल एमपी के निवासी

एजेंसी

**प्रयागराज :** उप्र के प्रयागराज जिले के मेजा में बोलेरो-बस की टक्कर के बाद हर तरफ खून ही खून दिखाई दिया। प्रयागराज-मिजार्पुर हाईवे पर मेजा में शुक्रवार देर रात श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो-बस में आमने-सामने से भिड़ंत हो गयी। इसमें छत्तीसगढ़ से संगम आ रहे बोलेरो सवार सभी 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गयी। जबकि संगम स्नान कर वाराणसी जा रहे रायगढ़, मप्र निवासी बस सवार 19 श्रद्धालु जख्मी हो गये। घायलों को मेजा के रामनगर सीएचसी में भर्ती कराया गया है।



जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के 10 श्रद्धालु बोलेरो से संगम आ रहे थे। उधर, संगम स्नान के बाद मप्र के रायगढ़ निवासी 38 श्रद्धालु मिर्जापुर होते हुए वाराणसी जाने के लिए निकले थे। रात दो बजे के आसपास हाईवे पर मनु का ● शेष पृष्ठ 11 पर

## जेके में आतंकियों के मददगार तीन सरकारी कर्मचारी बर्खास्त

एजेंसी

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आतंकवाद से जुड़ी गतिविधियों में संलिप्तता के लिए तीन सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त करने का आदेश दिया है। बर्खास्त किये गये तीनों कर्मचारी राज्य की अलग-अलग जेलों में बंद हैं। इन तीनों के नाम- पुलिस कांस्टेबल फिरदौस अहमद भट, शिक्षक मोहम्मद अशरफ भट और वन विभाग के अर्दली निसार अहमद खान हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत लिया गया है जो सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में बिना जांच के कर्मचारियों को बर्खास्त करने की अनुमति देता है। यह कदम सरकार के भीतर उन व्यक्तियों पर चल रही कार्रवाई का हिस्सा है जिन पर आतंकवादी समूहों से सम्बन्ध होने का संदेह है। अधिकारियों ने कहा कि तीनों कर्मचारियों के खिलाफ मामले विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं और जांच पर आधारित थे।

# प्रयागराज महाकुम्भ भारत की सांस्कृतिक विविधताओं में एकता की मिसाल : बिड़ला

एजेंसी

**महाकुम्भ नगर :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कहा है कि प्रयागराज महाकुम्भ भारत की सांस्कृतिक विविधताओं में एकता की मिसाल है। यहां विभिन्न धर्मों, भाषाओं और परम्पराओं का संगम है, जहां हर संस्कृति को समान सम्मान मिलता है। यह विचार उन्होंने प्रयागराज महाकुम्भ के परमार्थ निकेतन शिविर में 16 फरवरी से शुभारम्भ होनेवाले चार दिवसीय कीवा (धरती माता के संरक्षण का महोत्सव) महाकुम्भ में शनिवार को पहुंचने पर व्यक्त किये। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय समाज में समन्वय और समरसता की भावना सदैव रही है। भगवद्गीता, वेद, उपनिषद और अन्य सभी ग्रंथ,

■ महाकुम्भ के परमार्थ निकेतन शिविर में 16 से 19 फरवरी तक होगा कीवा महोत्सव का आयोजन



सहिष्णुता और सह-अस्तित्व का संदेश देते हैं। भारत में विविधता को न केवल सहन किया गया, बल्कि इसे अपनाया और सम्मानित किया गया।

## सभी से जुड़ने व सभी को जोड़ने का अद्भुत सूत्र : पीयूष गोयल

**केन्द्रीय** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि स्वामीजी ने पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति का न केवल प्रचार-प्रसार किया, बल्कि विभिन्न संस्कृतियों को आमंत्रित भी किया है। संस्कृतियों का आदान-प्रदान पूरे विश्व को एक सूत्र में जोड़ता है। भारत के पास सभी से जुड़ने व सभी को जोड़ने का अद्भुत सूत्र है। कीवा कुम्भ को महाकुम्भ में आयोजित करने का उद्देश्य आदिवासी क्षेत्र की देखभाल और संरक्षण, प्रकृति की सुरक्षा मूल भाषाओं और सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण, आदिवासियों की पहचान को स्वीकारना, सम्मानित करना, आदिवासियों की संस्कृतियों का संरक्षण, स्वस्थ और सतत अर्थव्यवस्थाओं का निर्माण करना है।



## महाकुम्भ परम्पराओं के सम्मान और एकजुटता का महोत्सव : स्वामी चिदानन्द सरस्वती

**स्वामी** चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि महाकुम्भ के सम्मान और एकजुटता का महोत्सव है। महाकुम्भ में कीवा कुम्भ का उत्सव एक दिव्य प्रतीक है। हम सभी को इस समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित करते हैं। यह एक अवसर है, जब हम सभी एकजुट होकर अपनी धरती माता के प्रति सम्मान, प्रेम और कृतज्ञता प्रकट कर सकते हैं। हम सभी इस यात्रा का हिस्सा बनें और अपनी आदिवासी संस्कृतियों की अमूल्य धरोहर को सम्मान दें। हमारे द्वारा एकजुट होकर किया गया प्रयास हमारी धरती माता को फिर से संजीवनी देनेवाली बना सकता है। यह आयोजन हम सभी को एक बड़ा वैश्विक परिवार और वसुधैव कुटुम्कम् के सूत्र के साथ जोड़ने का अवसर प्रदान करेगा। वास्तव में कीवा उत्सव विविधता में एकता का दिव्य उत्सव है।

## एक झलक

### लापुंग में तीन दिवसीय मनरेगा प्रशिक्षण का हुआ समापन



**लापुंग :** लापुंग प्रखंड स्थित सभागार में मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसका समापन शनिवार को हुआ । प्रशिक्षण में लापुंग प्रखंड के सभी गारह पंचायत जिसमें हुलसु, बोकरदा, महुगांव , मालगो, दोलाइचा , लतरातु, दानेकेरा , ककरिया, डाड़ी, देवगांव के मुखिया पंचायत सचिव एवम वीएलई शामिल हुए। मास्टर ट्रेनर पंकज ठाकुर पंचायती राज विभाग के द्वारा मनरेगा कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण के पहले दिन विडियो ऊषा मिंज के द्वारा दिप प्रज्वलित कर किया गया था। मौके पर पर प्रखंड समन्वयक पंचायती राज कोडीनेटर अनिमा बारला पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे।

### डिज्नीलैंड मेले में माता वैष्णो देवी मंदिर के प्रारूप का लोगों ने किया दर्शन


**रामगढ़ :** रामगढ़ शहर के बाजारटांड़ शनिचरा बाजार में डिज्नीलैंड मेला का उद्घाटन विधायक ममता देवी ने किया। मेले में माता वैष्णो देवी मंदिर का प्रारूप लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। शनिवार को इस मेले में लोगों की भीड़ लगी रही। माता वैष्णो देवी मंदिर के प्रारूप को देखने के बाद लोगों ने गुफा के भी दर्शन किया। बिहार राज्य के मुजफ्फरपुर के कलाकारों की ओर से बनाई गई आकृति ने लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर विधायक ममता देवी ने कहा कि शहर में ऐसे आयोजन मनोरंजन को बढ़ावा देते हैं। लोग पूरे परिवार के साथ निकालकर खुशियों के कुछ पल बिताते हैं। संचालक महेश कुमार और प्रबंधक पंचम कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए माता वैष्णो देवी मंदिर पर आधारित प्रारूप को मेला में तैयार किया गया है। मौके पर संजय प्रसाद साह, आजाद सिंह, मेला आयोजक सुबोध सिंह, रोलेक्स सर्कस के मैनेजर हैप्पी सहित कई लोग शामिल थे।

### जिला महासचिव ने नये प्रदेश प्रभारी के राजू को दी बधाई व शुभकामनाएं



**ओरमांझी :** कांग्रेस पार्टी के जिला ग्रामीण महासचिव अमाल खान ने के राजू को नए प्रदेश प्रभारी बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अमाल खान ने बधाई देते हुए कहा कि के राजू का झारखंड से गहरा और पुराना नाता रहा है। उनके संगठनात्मक अनुभव, कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी सोच से पार्टी को अपार लाभ मिलेगा। उनके मार्गदर्शन में झारखंड कांग्रेस और अधिक सशक्त होगी तथा जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ेगी।

### भुरकुंडा में केन्द्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति ने की बैठक



**भुरकुंडा :** रिवर साइड स्थित सरना स्थल पर शनिवार को केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कमेटी के संरक्षक दर्शन गंझू और संचालन सचिव संतोष उरांव ने किया। बैठक में आगामी सरहुल पूजा और भव्य सरहुल मिलन समारोह की तैयारियों पर चर्चा की गई। बताया जाता है कि आगामी एक अप्रैल को सरना पूजा की जाएगी। जबकि दो अप्रैल को आसपास के क्षेत्र से झांकियों और गाजे-बाजे के साथ शोभा यात्रा निकलेगी। जिसका जुटान सरना स्थल पर होगा। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग शामिल रहेंगे। मौके पर रितिका भोक्ता, राशेल तिग्गा, जैस्मीन डिक्रूज, रावेल एक्का, मिथलेश टुडू, देवलाल पाहन, देव बेदिया, राजेंद्र मुंडा, विगल करमाली सहित अन्य मौजूद थे।

# कुपोषित बच्चों के लिए बेड़ो एमटीसी केन्द्र बना वरदान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रायः सरकारी चिकित्सा व्यवस्था के प्रति आम लोगों के मन में बहुत अच्छी धारणा नहीं होती है। लेकिन प्रखंड कार्यालय के परिसर में पुराने प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र के कुपोषण उपचार केंद्र एमटीसी की तस्वीर बिल्कुल अलग है। यह कुपोषित केंद्र शिशुओं के लिए वरदान साबित हो रहा है। बेड़ो प्रखंड अत्यंत पिछड़ा और गरीब है। यहां के ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले अधिकांश लोग गरीबी रेखा के नीचे रहते हैं। ऐसे में बच्चों में कुपोषण का मामला यहां अक्सर देखने और सुनने को मिलता है। कुपोषण के कारण बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास पर प्रतिकूल असर पड़ता है। ऐसे कुपोषित बच्चों को सही समय पर इलाज कर उन्हें कुपोषण मुक्त बनाने के लिए सरकार के द्वारा लगातार कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन्हीं कार्यक्रमों में एक कुपोषण उपचार केंद्र भी है। जहां पांच वर्ष तक के कुपोषित बच्चों का समुचित इलाज और देखभाल किया जाता है। जिससे कुपोषित हुए बच्चे सुपोषित हो जाते हैं। अब तक बेड़ो कुपोषण उपचार केंद्र में 150 कुपोषित बच्चों को इलाज हो चुका है। वर्तमान में 9 बच्चों का इलाज चल रहा है। कुपोषण उपचार केंद्र में कार्यरत एएनएम बसंती कुमारी ने बताया कि केंद्र में मेरे साथ दो एएनएम मनीषा कुल्लु व विभा कुमारी और एक स्टाप मुन्नी देवी है। उन्होंने बताया कि इस केंद्र में 5 वर्ष तक के कुपोषित बच्चों का इलाज किया जाता है। उन्होंने बताया कि केंद्र में भर्ती किए जाने वाले कुपोषित बच्चे का पहले वजन कर-के बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित जांच की जाती है। इस दौरान बच्चे और उनके स्वजन के खाने और पीने के लिए नियमित रूप से पौष्टिक भोजन बच्चों को दुध, अंडा और टीएफ चिकित्सक आहार का विशेष ख्याल रखा जाता है। 14 दिनों तक कुपोषित बच्चे के स्वास्थ्य की नियमित जांच के बाद यदि उसके स्वास्थ्य में मानक के अनुसार सुधार होता है तो ही उसे डिस्चार्ज किया जाता है। केंद्र में 24 घंटे एएनएम उपस्थित रहती हैं। वहीं चिकित्सक लगातार बच्चों की स्वास्थ्य जांच करते हैं। यहां भर्ती कुपोषित बच्चों को डाक्टर की सलाह के अनुसार खानपान का विशेष ख्याल रखा जाता है। यहां रखे गए बच्चे यदि 14 दिनों अंदर कुपोषण से मुक्त नहीं हो पाते हैं तो वैसे बच्चों को एक माह तक विशेष रूप से देखभाल की जाती है। साथ ही बच्चों की हर गतिविधि पर नजर रखी जाती है। यहां भर्ती हुए बच्चों के वजन में न्यूनतम 15 प्रतिशत की वृद्धि के बाद ही उसे यहां से छुट्टी दिया जाता है। केंद्र से छुट्टी दिए जाने के बाद भी बच्चों के स्वास्थ्य का फॉलोअप स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा लिया जाता है। जरूरत पड़ने पर वापस बच्चों को केंद्र में भी फिर से भर्ती कर इलाज आरंभ किया जाता है। प्रखंड प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा सुमित्रा कुमारी ने बताया कि केंद्र में कुपोषित बच्चों को लाने का काम स्वंय स्वजनों अभिभावकों के द्वारा या एएनएम, स्वास्थ्यकर्मी, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिकाओं के द्वारा कुपोषित बच्चों की पहचान करके उसे केंद्र में भर्ती कराया जाता है। यहां कुपोषित बच्चों की पहचान करने के बाद बच्चों का बेहतर तरीके से इलाज किया जाता है।उन्होंने कहा कि यदि कोई बच्चा कुपोषित हो तो उनके स्वजन अपने बच्चों को कुपोषण उपचार केंद्र में भर्ती करा सकते हैं। इधर इस संबंध में अपने बच्चों को लेकर कुपोषण उपचार केंद्र में आई महिलाओं ने बताया कि यहां आने के बाद उनके बच्चे स्वस्थ हुए हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र में आने से पहले उनके बच्चों की स्थिति काफी खराब थी, लेकिन यहां जाकर इलाज कराने के पश्चात बच्चों के स्वास्थ्य में काफी सुधार हुआ है।

## बेड़ो पुलिस ने पोस्ते की खेती को किया नष्ट



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो थाना पुलिस ने शनिवार को पोस्ते की खेती के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के हुलसी व डोला गांव के आसपास के क्षेत्रों में अभियान चलाते हुए 20 व 40 डिसमिल में लगे पोस्ते की खेती को नष्ट किया गया। थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के दो गांवों में पोस्ते की खेती की गयी है। सूचना के बाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने चिह्नित स्थानों पर अभियान चलाकर के दो अलग-अलग प्लॉट में अवैध पोस्ते की खेती को रौंदकर व लाठी-डंडों से पीटकर पूरी तरह नष्ट कर दिया। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि गैर कानूनी कार्यों से जुड़े लोग सुधर जाएं अन्यथा पुलिस इसी तरह की कारवाई करती रहेगी। इस अभियान में एएसआई अक्षय कुमार सिंह व आशीष रंजन सहित सशत्र बल के जवान थे।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा की संयोजक मंडली की हुई बैठक

## विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के संयोजक मंडली का बैठक संयोजक प्रमुख जगेश्वर महतो के अध्यक्षता में अनगड़ा पंचायत सचिवालय प्रांगण में किया गया। जिसमें प्रखण्ड के सभी पंचायतों में सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सदस्यता अभियान चलाने एवं झामुमो पंचायत समिति का गठन करने का तिथि और समय निर्धारित किया गया। 17 फरवरी को लुपूंग में पंचायत ग्यारह बजे, अनगड़ा में एक बजे, राजाडेरा में तीन बजे, 18 फरवरी को चिलदाग में ग्यारह बजे, साल्हन में एक बजे, हेंसल में तो बजे, 19 फरवरी को सिरका ग्यारह बजे, गेतलसूद में एक बजे, बीसा में तो बजे, 20 फरवरी को गुडिडीह में ग्यारह बजे, जोन्हा में एक बजे, बरवादाग में तीन बजे, 21 फरवरी को टाटी में ग्यारह बजे, सुरसू में एक बजे, कुच्चू में तीन बजे। 22 फरवरी को चतरा ग्यारह बजे, बोंगईबेड़ा में एक बजे, पैका में तीन बजे। 23 फरवरी को हेसातु में ग्यारह बजे, हरातु में एक बजे और नवागढ़ में तीन बजे से किया जाना है।बैठक में मुख्य रूप से झामुमो के पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष मधुसूदन मुण्डा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रिझुवा मुण्डा, पूर्व टीएससी सदस्य जमल मुण्डा, वरिष्ट कार्यकर्या नवीन नायक, जगदीश महतो, मधु लोहरा, अमानुलाह अन्सारी, गणेश बेदिया, सीताराम पातर, अरविन्द उरॉव, राजेश हजाम उपस्थित थे।

### रैयत विस्थापित ग्रामीण मोर्चा ने बैठक में प्रदूषण सहित कई मुद्दों पर की चर्चा

## जिला के वरीय पदाधिकारियों को जल्द ज्ञापन सौंपने का निर्णय



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** रैयत विस्थापित ग्रामीण मोर्चा की बैठक शनिवार को देवरिया पंचायत भवन के प्रांगण में हुई। जिसकी अध्यक्षता असगर अली और संचालन शिवनारायण यादव ने किया। बैठक में क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण, भारी वाहनों में होती ओवरलोडिंग, भुरकुंडा रेलवे साइडिंग से फैलता प्रदूषण, कोयले में चारकोल की होती मिलावट, मजदूरों को निर्धारित वेतन से कम मिलना, सुरक्षा मापदंडों की अवहेलना करना, निर्धारित मापदंडों को दरकिनार कर क्षेत्र में क्रशरों का संचालन सहित कई अन्य मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही सभी समस्याओं को लेकर जल्द ही जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। वहीं सर्वसम्मति से श्याम महतो को समिति का संयोजक चुना गया। मौके पर बलदेव राम, आलम अंसारी, मुख्तार अंसारी, मुस्लिम अंसारी, छोटू खान, बारीक अंसारी, रंजीता करमाली, संजीव साहू, शशिभूषण श्रीवास्तव, अरुण यादव, नितेश कुमार, बंटी, रामा ठाकुर, राजा यादव, हरिदास साव, देवानंद साव, राधा यादव, रमाशंकर गिरी, मोहन मुंडा, देवानंद करमाली, लखेंद्र राम, पंकज दांगी, राशिद अंसारी, रियाज अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के बारे में लोगों को आवश्यक जानकारी की गयी साझा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के सक्रिय सदस्यों की रामगढ़ में एक आवश्यक बैठक रखी गई। इस बैठक में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण(एनजीटी) के क्षेत्राधिकार के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण का गठन 18 अक्टूबर 2010 को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एक्ट, 2010 के माध्यम से किया गया था। यह एक वैज्ञानिक और विशिष्ट निकाय है जो भारत में प्रमुख पर्यावरणीय विवादों का निपटारा करता है। यह राष्ट्रीय पर्यावरण अपीलीय प्राधिकरण का स्थान लिया है। यह भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 से भी प्रेरणा लेता है जो भारत के नागरिकों को एक स्वस्थ वातावरण प्रदान करने का आश्वासन देता है। एनजीटी अधिनियम की अनुसूची 1 में सूचीबद्ध पर्यावरण से संबंधित साथ कानूनों के तहत दीवानी मामलों से संबंधित है। यह कानून मुख्यत, जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम 1974 ,जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) उपकरण अधिनियम 1977,वन (संरक्षण) अधिनियम 1980,वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम 1981 ,पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986, सार्वजनिक देयता बीमा अधिनियम 1991,और जैविक विविधता अधिनियम 2002 उपरोक्त किसी भी कानून या इन अधिनियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले किसी भी अधिनियम में सरकार द्वारा किए गए निर्णय को राष्ट्रीय हरित अधिकरण में चुनौती दी जा सकती है।

## स्वयंसेवी संस्था गट्र्स की मनी 25वीं वर्षगांठ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** स्वयं सेवी संस्था गट्र्स के 25वीं वर्षगांठ केन्द्रीय कार्यालय शक्ति आश्रम गोला स्थित डाक बंगला में मनाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था के संरक्षक संस्थापक सदस्य विजय कुमार महतो, सचिव रेखा महतो, कार्यकारी अध्यक्ष भागीरथ महतो, संयोजक सुनील राज चक्रवर्ती, कार्यालय प्रभारी आदित्य महतो द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में आगंतुकों की गरिमापूर्ण उपस्थिति आचार्य अनिवारनानंद अवधूत, आचार्य प्रीतिशानंद अवधूत,अवधूतिका आनंद, पुष्पांजलि आचार्या, शिल्पी शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष मानवाधिकार सहयोग संघ, गौरव शर्मा उपाध्यक्ष, सलमा आगा सचिव प्रदेश महिला प्रकोष्ठ, विष्णु कुमार अध्यक्ष परिवर्तन युवा संघ, अजीत करमाली जिला अध्यक्ष युवा काँग्रेस रामगढ़, ए ए तिग्गा, एडविन मिंज जमशेदपुर प्रभारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक विजय कुमार महतो संचालन संयोजक सुनील राज चक्रवर्ती ने किया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों द्वारा संस्था के कामों को बताया गया और 25 वर्ष तक संस्था द्वारा सेवा और संघर्ष से जुड़ी सभी बातों को संस्था द्वारा उनके बीच रखा गया एवं अतिथियों द्वारा संस्था के किए गए कार्यों के सराहना की गई तथा साथ ही नए कार्यों में संस्था को पूर्ण भागीदारी की बात कही गई। कार्यक्रम में तय किया गया की संस्था का 03 मार्च को रजत जयंती कार्यक्रम मनाने को लेकर विशेष तैयारी कमेटी का गठन करने का निर्णय लिया गया और संस्था द्वारा रजत जयंती में संस्था द्वारा नशा मुक्ति केंद्र का संचालन करने के लिए रजत जयंती के अवसर पर लोगों को जागरूकता अभियान, योग के प्रति लोगों को जागरूक करने का काम करेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्तिक माहथा, सुनील सिंह, तुलसीदास, आदित्य हेंब्रम, प्रकाश हेंब्रम, अमित मुर्मू, बाबूलाल मुर्मू, किरण मरांडी, भोलाराम मांझी, दिनेश हेंब्रम भीम मांझी राजाराम महतो, परवेज आलम सहित कई लोग मौजूद थे।

## जेईई मेंस में डीएवी रजरप्पा प्रोजेक्ट के दो छात्र हुए सफल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़) :** एनटीए ने मंगलवार को जे०ई०ई० मेंस-2025 सेशन-1 का रिजल्ट जारी कर दिया। बताते चले कि एन०टी०ए० ने जेईई में स-2025 की परीक्षा पिछले महीने राष्ट्रीय स्तर पर 22, 23, 24, 28 और 29 जनवरी तक दो पालियों में ली थी। जे०ई०ई० की परीक्षा में डीएवी रजरप्पा के दो छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। डीएवी रजरप्पा के नमन कुमार ने 97.08 प्रतिशत तथा ऋषिका पोद्दार ने 90.66 प्रतिशत प्राप्त कर डीएवी विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय की इस शानदार उपलब्धि पर झारखंड प्रक्षेत्र ₹डीर के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी व डीएवी विद्यालय के प्राचार्य डॉ० एस०के० शर्मा ने सफल छात्रों के माताझपिता को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया और बच्चों को स्मृति चिह्न देकर उन्हें जी०ई०ई० एडवांस की परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रेरित कर सफल होने के लिए शुभकामनाएं दीं। सफल प्रतिभागियों ने अपने संबोधन में कहा कि इस सफलता का श्रेय अपने माताझपिता और विद्यालय के शिक्षकों की कड़ी मेहनत तथा उनके उचित मार्ग दर्शन का ही देन है जो हमने सफलता की एक सीढ़ी ऊपर चढ़े हैं। अंत में विद्यालय प्राचार्य और समस्त विद्यालय परिवार ने छात्रों को इसी तरह से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### आरटीसी आईटी कॉलेज में अभिभावक व शिक्षक संवाद का हुआ आयोजन

## अभिभावकों व शिक्षकों के बीच संवाद छात्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है : डॉ. हरि बाबू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** आरटीसी आईटी कॉलेज आनंदी ओरमांझी में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य छात्रों की शैक्षिक प्रगति की समीक्षा करना और उनकी समग्र विकास प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों के बीच संवाद को मजबूत करना था। बैठक के दौरान शिक्षकों ने प्रत्येक छात्र की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की और अभिभावकों को उनके बच्चों की शैक्षिक उपलब्धियों और कमजोरियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही, छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न शिक्षण विधियों, सह-पाठयक्रम गतिविधियों और परीक्षा रणनीतियों पर भी चर्चा की गई। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ हरि बाबू ने कहा अभिभावकों और शिक्षकों के बीच संवाद छात्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह बैठक हमें छात्रों की आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझने और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में मदद करती है।₹ अभिभावकों ने भी इस बैठक में सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने विचार व सुझाव साझा किए। इस बैठक को सफल बनाने में महाविद्यालय के शिक्षक डॉ ए के वर्मा, नीलम कुमारी अवं मीनूति श्रेया का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में 21वा लैंप लाइटिंग एवं कैपिंग सेरेमनी का आयोजन

## नर्स को मानव शरीर, रचना विज्ञान, शरीर विज्ञान व जटिल कामकाज की गहरी समझ होती है : नौशाद आलम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** इरबा स्थित फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में 21वा लैंप लाइटिंग एवं कैपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में नौशाद आलम आईपीएस, डीआईजी कार्मिक, झारखण्ड, सईद अहमद अंसारी सीनियर एडवाइजर, मेदान्ता, अब्दुर रज्जाक अंसारी मेमोरियल वीवर्स हॉस्पिटल, ईरबा, रांची मो. रिजवान अंसारी उप-प्रमुख, ओरमांझी, रांची, जीनत कौसर-सेक्रेटरी, हाजी अब्दुर रज्जाक एजुकेशनल सोसाइटी आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया गया।तथा नर्सिंग छात्रों को नर्सिंग कैप पहनाकर उन्हें नर्स का शपथ दिलाया गया। इसके साथ साथ कॉलेज के प्रथम यूनिवर्सिटी टॉपर झ प्रेरणा श्रीवास्तव, एम० एस० सी० नर्सिंग द्वितीय वर्ष, द्वितीय यूनिवर्सिटी टॉपर निहारिका तिर्की एवं तृतीय यूनिवर्सिटी टॉपर शोएब अख्तर को सम्मानित किया गया।पोस्ट बेसिक बी० एस० सी० नर्सिंग द्वितीय वर्ष के प्रथम यूनिवर्सिटी टॉपर स्तुति सिन्हा को सम्मानित किया गया।बेसिक बी० एस० सी० नर्सिंग फाइनल वर्ष के प्रथम यूनिवर्सिटी टॉपर प्रियंका कुमारी को सम्मानित किया गया।जी० एन० एम० फाइनल वर्ष में प्रथम टॉपर झ पायल वर्मा, द्वितीय टॉपर झ रिंकू सामन्ता तथा ए० एन०एम० द्वितीय वर्ष के प्रथम टॉपर नजमा अंजुम एवं स्टेट तृतीय रैंक निकी कुमारी को सम्मानित किया गया तथा साथ ही साथ कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। नौशाद आलम झ आई० पी० एस०, डीआईजी कार्मिक, झारखण्ड ने कहा कि नर्स का पेशा निस्वार्थता, लचीलापन और जरूरतमंद लोगों की देखभाल के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रतीक है। नर्सिंग केवल एक नौकरी नहीं है, बल्कि एक ऐसा पेशा है जिसके लिए ज्ञान, कौशल और सहानुभूति के एक अनूठे संयोजन की आवश्यकता होती है। नर्सें स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ हैं जो स्वास्थ्य सेवा आपात स्थितियों के दौरान रोगियों को चौबीसों घंटे देखभाल और सहायता प्रदान करती हैं। उनके पास मानव शरीर रचना विज्ञान, शरीर विज्ञान और मानव शरीर के जटिल कामकाज की गहरी समझ होती है। ये सभी पकड़ उन्हें रोगियों का आकलन करने, निदान करने और उनके लिए उचित उपचार प्रदान करने में मदद करती हैं। हालाँकि, उनकी भूमिका चिकित्सा विशेषज्ञता से कहीं आगे तक फैली हुई है। वे देखभाल करने वाले, परामर्शदाता और शिक्षक भी हैं, जो बीमारी और ठीक होने की जटिलताओं के माध्यम से अपने रोगियों और परिवारों का मार्गदर्शन करते हैं। विशिष्ट अतिथि सईद अहमद अंसारी झ सीनियर एडवाइजर, मेदान्ता, अब्दुर रज्जाक अंसारी मेमोरियल वीवर्स हॉस्पिटल ने कहा कि मेरे देश की साथी नर्सों के लिए, मैं आपके पेशे के बारे में जानकर सम्मान और गर्व महसूस करता हूँ और आशा करता हूँ कि आप उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों को बनाए रखेंगे।

### चितरपुर में जलसा-ए-दस्तार बंदी का आयोजन, 22 हाफिज-ए-कुरान के सरों पर बांधी गयी पगड़ी

## इस्लाम आपसी भाईचारा व मेलजोल बढ़ाने की शिक्षा देता है : मौलाना नजर तोहिद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़) :** चितरपुर ईदगाह मैदान में 5वां अजीमुस्सान जलसा-ए-दस्तारबंदी का आयोजन किया गया। जलसा-ए-दस्तारबंदी में नाजिम जामिया अबू हुरेरा हाफिज व कारी मुहम्मद अमान उल्ला ने कहा कि 5 साल के अर्ससे में जामिया अबू हुरेरा में कुरान हिफ्ज की शिक्षा पूरी कर चुके 22 हाफिज-ए-कुरान के सरो पर पगड़ी बाँधी गयी। जलसा को संबोधित करते हुए मौलाना नजर तोहिद साहब ने कहा कि कुरआन एक मुकम्मल किताब है। हम सबको अपना जीवन कैसे जीना है, यह कुरान ने हमें बताया है। इस्लाम आपसी भाईचारा और मिलजुल कर रहने की शिक्षा देता है। इस लिए हमें हर हाल में आपसी मुहब्बत कायम रखनी चाहिए। कुरान और हदीस की रोशनी में गुजारा गया जीवन ही सफल जीवन है। हम सबको अपने जीवन में इसकी शिक्षा को उतारने की जरूरत है। जीवन तभी सफल होगा। उन्होंने कहा कि जामिया अबू हुरेरा 2002 में हाफिज व कारी मुहम्मद अमान उल्ला व मौलाना डॉक्टर शकील अख्तर ने 5 बच्चे से शुरूआत की। इस में झारखंड के अलग अलग जिलों के बच्चे बड़ी संख्या में पढ़ते हैं। इस जलसे को संचालन मुफ्ती सलाहुद्दीन जफर मजहरी साहब ने किया इस जलसे मे लगभग 5 हजार से अधिक लोग उपस्थित थे इस जलसे का सरपरस्ती हाजी परवेज अहमद साहब उसके बाद में उल्लेमाओं ने अपनी तकरीर में लोगों को कुरआन एवं हदीस की रोशनी में अपना जीवन गुजारने की सलाह दी। जलसा ए दस्तार बंदी में मुख्य अतिथि के रूप में मुफ्ती नजर तोहिद साहब, मुफ्ती सोहराब नदवी साहब, विदेशी शायर असद आजमी साहब और साबान दिल खैराबादी साहब एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर शहजादा अनवर, दानीस वराण आईम्मा मसाजिद, जामिया अबू हुरेरा के उस्ताद मौलाना अफजाल साहब मौलाना कारी मुजीब उल्ला साहब, कारी यहया साहब हाफिज व कारी इरफान अहमद साहब उपस्थित थे।

### प्रख्यात चिकित्सक सह समाजसेवी डॉ.अजीत कुमार की मनी 16वीं पुण्यतिथि

## डॉ. अजीत कुमार के किये प्रयासों को अनवरत जारी रखा जायेगा : वंदना अम्बष्ट



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** क्षेत्र के प्रसिद्ध चिकित्सक सह समाजसेवी डॉ. अजीत कुमार की सोलहवीं पुण्य तिथि पर शनिवार को चितरंजन सेवा सदन सह रिसर्च सेंटर गोला में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा में डॉ. कुमार की धर्मपत्नी वंदना अम्बष्ट, डॉ. संजय कुमार, डॉ.सपन कुमार, डॉ. संजीव कृष्ण जमुआर, वरिष्ठ पत्रकार मनोज मिश्र, सुजीत सिन्हा, रजनीश आनंद सहित क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता, विभिन्न राजनीति दल के लोगों ने शामिल होकर डॉ. अजीत कुमार को श्रद्धा सुमन अर्पित की। शोक सभा के दरम्यान लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ पत्रकार मनोज मिश्र ने डॉ. कुमार को याद करते हुए कहा कि डॉ. कुमार क्षेत्र के महान हस्ती थे। वे गरीबों के मसीहा थे, उनके जाने से क्षेत्र में हुई क्षति की भरपाई नहीं हो सकती। समाज सेवा डॉ. कुमार के जीवन में रचा बसा था। किसी भी प्रकार के सामाजिक कार्य में डॉ. कुमार आगे खड़े नजर आते थे। वे गरीबों को निःशुल्क चिकित्सा उपलब्ध करवाना तथा उनकी मदद करना अपना धर्म समझते थे।

## एक झलक

### बगैर निकाय चुनाव के जनता के पैसे की बर्बादी : बाबूलाल मरांडी

**रांची** : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि झारखंड में नगर निकाय चुनाव न होने के कारण जनता के पैसों की अंधाधुंध बबार्दी हो रही है। उन्होंने हुसैनाबाद नगर पंचायत का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां उत्तरी कोयल नहर के ऊपर बिना एनओसी के ही 10 लाख रुपये की लागत से सड़क बना दी गई। बाद में नहर जीर्णोद्धार करा रही कंपनी ने इस नवनिर्मित सड़क को उखाड़ दिया, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग साफ नजर आता है। मरांडी ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि झारखंड के सभी नगर निकायों में प्राय: इसी प्रकार से औचित्यहीन योजनाओं का टेंडर निकालकर प्रशासक जनता के पैसों को पानी की तरह बहा रहे हैं। इन योजनाओं से जनता का कोई भला नहीं हो रहा। राज्य सरकार नगर निकायों का इस्तेमाल एटीएम की तरह कर काला धन इकट्ठा कर रही है। उन्होंने कहा कि नगर निकायों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद विगत दो वर्षों में नगर विकास विभाग ने खर्च की गई राशि और योजनाओं की प्रासंगिकता की गहन जांच की जानी चाहिए।

### भक्तों ने लिया खिचड़ी महाप्रसाद का आनन्द



**रांची** : दिव्यदेशम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में 15 फरवरी शनिवार को 866वां खिचड़ी महाप्रसाद का भंडारा हुआ, जिसमें 1382 लोगों में महाप्रसाद वितरण किया। कलियुग के प्रत्यक्ष देवदेवोत्तमा श्रीलक्ष्मी वेंकटेश का वैदिक और आगमोक्त विधि से पूजा-आराधना संपादन कर शास्त्रगत तरिके से जो भोग लगता है, वह देवताओं के लिये भी दुर्लभ है। किसी भी सात्विक नैवेद्यों में खास खिचड़ी का भोग यदि भगवान श्रीमन्नारायण की प्रसन्नता के लिए जो कोई भी भक्त श्रद्धा पूर्वक लगाते हैं , तो उसे लक्ष्मी कभी नहीं छोड़ती है। पुत्र की भांति उसका रक्षण करती है। इसीलिए किसी भी प्रकार के सात्विक भक्ष्य पदार्थों का भक्षण करने के पूर्व श्रीभगवान को भोग लगाकर ग्रहण करने का विधान है। वह निवेदित भोजन भी महाप्रसाद का रूप लेकर अमृतत्व को प्राप्त होता है और वह आयु-आरोग्य को बढ़ाने वाला होता है। आज खिचड़ी महाप्रसाद का भोग लगवाया श्री अश्विनी-खुशबू मिश्र रांची एवं श्री अमिताभ कात्याल रांची निवासी ने।

### झारखंड में 20 फरवरी से होगी बारिश

**रांची** : राज्य भर में फिर से ठंड लौटनेवाली है। मौसम के मिजाज में बदलाव से 20 और 21 फरवरी को कई जिलों में गर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है। यह जानकारी मौसम विभाग ने शनिवार को दी है। विभाग के अनुसार 18 और 19 फरवरी को सुबह में हल्का कुहासा रहेगा। इसके बाद दिन भर आंशिक बादल छाये रहेंगे। बारिश के बाद तापमान में गिरावट होने की संभावना है। वहीं शनिवार को रांची समेत पूरे राज्य भर में मौसम साफ रहा। उत्तरी पश्चिमी हवा के चलते धूप में नरमी महसूस की गई। रांची में अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री, जमशेदपुर 31.4 और 11.6 डिग्री, डालटेनगंज में 30.2 और 10.6 डिग्री, बोकारो में 30.1 और 10.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का हुआ समापन

# तेलंगाना पुलिस बनी ओवरऑल चैंपियन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची के खेलगांव में आयोजित 68 वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का शनिवार को समापन हो गया। इस पुलिस मीट की शुरूआत 10 फरवरी को हुई थी। पांच दिन तक चले इस प्रतियोगिता में तेलंगाना पुलिस ओवरऑल चैंपियन बनी, जबकि दूसरे स्थान पर आंध्र प्रदेश की टीम रही। झारखंड पुलिस की टीम ने एक गोल्ड और चार सिल्वर पदक जीते। इसके अलावा, मध्य प्रदेश की स्वान दस्ते की टीम ने गोल्ड मेडल जीता। इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में तमिलनाडु की टीम विजेता बनी। उल्लेखनीय है कि इस ड्यूटी मीट में कुल 28 टीमों ने भाग लिया था। वहीं मुख्यमंत्री ट्रॉफी तेलंगाना ने जीती। डॉग स्क्वायड प्रतियोगिता में बीएसएफ की टीम विजेता रही, जबकि तेलंगाना की टीम दूसरे स्थान पर रही। पुलिस फोटोग्राफी में पहला स्थान तमिलनाडु पुलिस को मिला, जबकि दूसरा स्थान आंध्र प्रदेश पुलिस को मिला। कंप्यूटर अवेयरनेस और आईटी कंपटीशन में आईटीबीपी की टीम ने जीत हासिल की। जबकि बीएसएफ दूसरे नंबर पर रही। एंटी सबोटेज चेक में तेलंगाना की टीम विजेता बनी, जबकि दूसरे नंबर पर एसपीजी की टीम रही। बेस्ट डॉग प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के स्वान दस्ते को गोल्ड मेडल मिला। साइंटिफिक इन्वेस्टिगेशन में तेलंगाना की टीम विजेता रही, दूसरे स्थान पर आंध्र प्रदेश और तीसरे स्थान पर झारखंड पुलिस की टीम रही। एनसीआरबी ट्रॉफी फॉर एम्पावरिंग पुलिस विद इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में तमिलनाडु की टीम विजेता बनी। राइफल रिवाल्वर शूटिंग प्रतियोगिता, बैंड प्रतियोगिता, साइंटिफिक एंड क्राइम इन्वेस्टिगेशन, पुलिस फोटोग्राफी, कंप्यूटर अवेयरनेस, पुलिस वीडियोग्राफी, एंटी सबोटेज चेक, श्वान दस्ते की प्रतियोगिता, विधि विज्ञान परीक्षा, लिखित मेडिको लीगल मौखिक परीक्षा, पुलिस फोटोग्राफी परीक्षा, पुलिस वीडियोग्राफी परीक्षा, क्राइम इन्वेस्टिगेशन, लॉ रूल्स और कोर्ट जजमेंट, लिफ्टिंग पैकिंग पुलिस पोर्ट्रेट, ऑब्जर्वेशन, कंप्यूटर साक्षरता, श्वान प्रशिक्षण और एंटी सबोटेज चेक इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न पुलिस टीमों ने भाग लिया था। मौके पर राज्य पुलिस के कई वरीय अधिकारी मौजूद थे।

### पुलिस ने 70 एकड़ भूमि पर लगी अवैध अफीम की फसल नष्ट की




**रांची/बुंडू** : बुंडू पुलिस ने थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध अलग अलग दो टीमें बनाकर छापामारी अभियान चला रही है।थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा केअनुसार जाड़ेया एवं कोड़दा गांव स्थित जंगल एवं पहाड़ी क्षेत्र में 70 एकड़ भूमि पर लगे अफीम की फसल को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट की गई।

### बाघाडीह गांव के तीन घर और खलियान में लगी आग, लाखों की सम्पत्ति खाक



**रांची/बुंडू** : बुंडू थाना क्षेत्र के बाघाड़ीह गांव में शाम लगभग 5:30 बजे घर खिड़की दरवाजा का वेल्डिंग करने के क्रम में आग छिड़कने तीन घर और खलियान में भीषण आग लग गई। आग से लाखों रुपए मूल्य के संपत्ति की क्षति का अनुमान लगाया गया है।ग्रामीण एवं पीड़ित परिवारों ने बताया कि दमकल विभाग को खबर किया गया लेकिन देर तक दमकल नहीं पहुंची थी। बाद में ग्रामीण के सामूहिक प्रयास से पानी डालकर आग को शाम 7:00 बजे काबू कर लिया गया। प्राप्त जानकारी केअनुसार आग लगने से कलेवर महतो, हरिपद महतो, कालीपद महतो के मकान और खलिहान के रखे पूवाल जल कर राख हो गया और लाखों की संपत्ति छति हुई है। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीणों के द्वारा आग को बुझाने के प्रयास जारी है।

## के. राजू बने झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नये प्रभारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : कांग्रेस के अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक विभागों के राष्ट्रीय समन्वयक के. राजू (कोप्पुला राजू) को झारखंड प्रदेश कांग्रेस का नया प्रभारी बनाया गया है। इस संबंध में कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार देर रात अधिसूचना जारी की है। के. राजू प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर का स्थान लेंगे। गुलाम अहमद मीर लोकसभा चुनाव के ठीक पहले 23 दिसंबर 2023 को झारखंड के प्रदेश प्रभारी बनाए गए थे। उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने झारखंड में लोकसभा और विधानसभा चुनाव 2024 लड़ा था। लोकसभा में कांग्रेस को दो सीटों पर और विधानसभा में 16 सीटों पर जीत मिली थी। नए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू आंध्र प्रदेश के नेल्लौर के रहने वाले हैं। वे भारतीय प्रशासनिक सेवा के अफसर रहे हैं। संगठन के कार्यों के सिलसिले में वे कई बार झारखंड का दौरा कर चुके हैं। राजू को राहुल गांधी का बहुत करीबी सहयोगी माना जाता है। के. राजू अगस्त 2013 में सुर्खियों में आए थे, जब उन्हें पार्टी की अनुसूचित जाति इकाई का प्रमुख नियुक्त किया गया था। आंध्र प्रदेश के 1981 बैच के आईएएस अधिकारी रहे के. राजू ने 2013 में अपनी सेवा से इस्तीफा दे दिया और कांग्रेस में शामिल हुए थे। सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, मनरेगा और खाद्य सुरक्षा बिल का ड्राफ्ट तैयार करने में भी के. राजू की अहम भूमिका रही है। के. राजू का पूरा नाम कोप्पुला राजू है। वे 2024 के लोकसभा चुनाव में आंध्र प्रदेश के नेल्लोर निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ चुके हैं। चुनाव के दौरान उन्होंने शपथ पत्र में घोषित किया था कि उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं है।

### कांग्रेस नेताओं ने दी बधाई

प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने नए प्रदेश प्रभारी के राजू को बधाई दी है। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के अध्यक्ष अभिलाष साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे, किशोर नाथ शाहदेव, डॉ. राजेश कुमार गुप्ता छोटू, राकेश कुमार सिन्हा, सोनाल शांति आदि ने बधाई देते हुए कहा है कि के राजू का झारखंड से गहरा और पुराना नाता रहा है। उनके संगठनात्मक अनुभव, कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी सोच से पार्टी को अपार लाभ मिलेगा। उनके मार्गदर्शन में झारखंड कांग्रेस और अधिक सशक्त होगी तथा जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ेगी।

## शिक्षा की दिशा में शिक्षा प्रचारक चुनचुन भाई का योगदान है अद्वितीय



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची शिक्षा प्रचारक भाई चुनचुन सर दुनिया का पहले ऐसे आदमी है जो अपने लिखे हुए नारो द्वारा घुमघुम कर अपना तन-मन-धन लगा कर बैनर में अपना नारा लिख कर लोगो में पढ़ने पढ़ाने का अपना एक अलग अन्दाज एक नये तरीके से लोगों में शिक्षा का अलख जगा रहे हैं। सन 1990 से अपना लिखे हुए नारा लगा रहे है, भाई चुनचुन सर है देवता, घर-घर में जाकर देता है शिक्षा का नेवता। अनिता, चटर्जी, अनजुमन भाई ने कहा कि चुनचुन सर का नारा है, हर हाल में अपने बच्चे बच्चियों को पढ़ायेगे लिखाये नेक नागरीक बनायेंगे, तभी भरपेट खाना खायेगे। हर हाल में स्कूल कॉलेज पढ़ने जायेगे, तभी तो पढ़ पायेंगे आगे बढ़ पायेंगे देश के लिए कुछ करके दिखायेंगे शिक्षा प्रचारक चुनचुन सर शिक्षा में योगदान अद्वितीय है। भारतवासी भाई चुनचुन सर शिक्षा प्रचारक अपना नारा लगाते हैं। कलकता के हावड़ा ब्रिज, विकटोरीया रानी के महल के अन्दर, पार्क, सर्कस व पोन्ट, कभी गांव में कभी पेड़ छांव में, कभी शादी विवाह के मेहफील में, इसलिए हावड़ा से कलकता में 30 आदमी एवं महिलाएं मनीता चटर्जी, आर्जुमन, सिल्पी, सुमन, सुगन्ध, उमेरा कायनात परवीन, मेन्टु गुप्ता, दादा मोखर जी, सियालदा, रिन्कू दा, सैफ, बुचन दा आदी ने कहा चुनचुन सर आप है शिक्षा का देवता, सभी को शिक्षा का दे रहे है नेवता, ये खबर आया आसमान से, चुनचुन सर राईन शिक्षा का सिख सिखा रहे है दुनिया को इमान से...

चुनचुन सर ने कहा दिन ब दिन छात्र-छात्राओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, साथ-साथ स्कूल कॉलेज भी बन रहे है खुशी की बात है बच्चे बच्चियां शिक्षित हो रहे हैं अब बच्चे आधी रोटी खा कर या आधा पेट 'खा कर नहीं जायेंगे स्कूल कॉलेज, भर पेट खाकर स्कूल स्कूल कॉलेज पढ़ने जायेंगे बच्चे स्कूल में भी भर पेट खाना खायेंगे बच्चे, सभी बच्चे... भाई चुनचुन सर का नारा रंग लाया, भाई चुनचुन सर के ने जब अपना नारा लगाया, चुनचुन सर का नारा है हर हाल में हर दिन स्कूल कॉलेज पढ़ने जायेंगे...हर हाल में हर कीमत पर अपने बच्चे बच्चियों को पढ़ायेंगे शिक्षा प्रचारक भाई चुनचुन सर पूरे भारतवर्ष का दौरा करेंगे... जुगनू बन के चमकते रहेंगे भाई चुनचुन स्कूलों में और फूलों में, सभी बच्चे पढ़े बढ़े और झुलते, रहे झुलों में सभी बच्चों को मिले खाने को दुध और मलाई नारा लिखा है चुनचुने भाई नारा दिया है। शिक्षा प्रचारक भाई चुनचुन सर देवता है देवता है घर घर मे जा जाकर देता है शिक्षा शान्ति भाईचारे का नेवता है...

चुनचुन सर तो है भाई देवता घर-घर दर-दर जा कर देता है हर हाल में पढ़ने लिखने का नेवता...

## श्री राधा-कृष्ण मंदिर में महिलाओं ने किया भजन-कीर्तन व हनुमान चालीसा पाठ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग श्री राधा-कृष्ण मंदिर श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम मे श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि महिला मंडल के द्वारा भजन- कीर्तन एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। महिला मंडल के सदस्यों द्वारा गाये सुमधुर संगीतमय भजनों एवं हनुमान चालीसा के पाठ में श्रोता खूब झूमे। एवं पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पुजारी अरविंद पांडे पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर श्री राधा कृष्ण के भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया। दोपहर मे सेवा धाम सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम मे रह रहे मंदबुद्धि, बेसहारा एवं दीनबंधु प्रभु जी एवं उनकी सेवा करने वाले साथियों को भोजन कराया गया। मंदिर के शीश महल में विराजमान भगवान श्री राधा -कृष्ण, श्रीमद् भागवत गीता ग्रंथ, भगवान का वस्त्र, मोर मुकुट, मुरली की पूजा अर्चना किया जा रहा है। मंदिर में श्री कृष्ण की जन्म से लेकर महाभारत तक की झांकियां मुख्य

## राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के मार्गदर्शक का हुआ स्वागत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के मार्गदर्शक डॉक्टर इंद्रेश कुमार, प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर शाहिद अख्तर, एमडी एजाज व नाजिश को प्रखंड अध्यक्ष आफताब आलम के नेतृत्व में शनिवार को लाल बहादुर शास्त्री ब्लॉक चौक में स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। मौके पर इंद्रेश कुमार ने प्रखंड अध्यक्ष आफताब आलम को धन्यवाद दिया और विश्वास दिलाया कि वह मंच को पूरे प्रदेश में मजबूत करने के लिए पूरी मेहनत करेंगे। कहा कि मंच के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर मंच का विस्तार पूरे झारखंड में करेंगे। वहीं, प्रखंड अध्यक्ष आफताब आलम ने कहा की राष्ट्रीय मुस्लिम मंच काफी मजबूती से काम कर रहा है। युवाओं की समस्याओं के समाधान के लिए मंच हमेशा तत्पर रहता है और आगे भी रहेगा। मौके पर मुख्य रूप से नफीस अख्तर, जलेश कुमार महतो, सुकर साव राजकिशोर मुंडा, रोगन मुंडा, अलताब रजा, मनीष साहू, अली अहमद नूर, नईम अंसारी, मुस्ताक आलम आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पूजा सिंघल को विभाग देने पर रोक की मांग, 17 फरवरी को होगी सुनवाई

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा रांची के पीएमएलए की विशेष अदालत में दाखिल याचिका पर अब 17 फरवरी को सुनवाई होगी। ईडी ने कोर्ट से आग्रह किया है कि मनरेगा घोटाले की अभियुक्त आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को कोई विभागीय जिम्मेदारी न दी जाए। ईडी का कहना है कि यदि राज्य सरकार उन्हें कोई विभाग सौंपती है, तो वे अपने पद का दुरुपयोग कर मामले को प्रभावित कर सकती हैं। इस याचिका पर पूजा सिंघल की ओर से जवाब दाखिल किया जा चुका है, जिसके बाद अब दोनों पक्षों की बहस होगी। गौरतलब है कि ईडी ने पूजा सिंघल को 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। इससे पहले, पांच मई को उनके 25 ठिकानों पर छापेमारी में बेहिसाब नकदी और निवेश से जुड़ी अहम जानकारी मिली थी। उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट सुमन कुमार सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये की नकदी बरामद हुई थी। पूजा सिंघल को सात दिसंबर को बीएनएस कानून के तहत जेल से रिहा कर दिया गया था। हालांकि, वे अब भी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अभियुक्त हैं, लेकिन कानूनी प्रावधानों के तहत जेल से बाहर रहने के दौरान उनका निलंबन समाप्त कर दिया गया है।

## 145वां श्री श्याम भंडारे का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 145वां श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया मंत्री श्याम सुंदर शर्मा उपमंत्री अनिल नारनौली कमल लोहिया मंजू देवी लोहिया आदि ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी के स्वर में स्वर मिलाकर भक्ति भावना से ओत प्रोत होकर ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। खाटूनरेश बजरंगबली शिव परिवार लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी गरुड़ जी गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। आज का श्री श्याम भंडारा मंडल के वरिष्ठ सदस्य कमल लोहिया मंजू देवी लोहिया के विवाह के 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया गया था । लोहिया परिवार ने मंदिर में ही निर्मित मेवा युक्त कलाकंद केक को काट के अपनी वैवाहिक जीवन की 50 वर्षगांठ मनाई।लोहिया परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाया। भंडारे का समय होते-होते श्री श्याम मंदिर परिसर भक्तों से भर गया एवं हरमू रोड में भक्तजनों की लंबी-लंबी कतारें लग गए। खाटूनरेश की जय जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंज रहा था । प्रथमदेव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच अध्यक्ष सुरेश सरावगी के मार्गदर्शन में श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। श्री श्याम मंदिर में निर्मित प्रसाद में आज के भंडारे में बनारसी कचौड़ी आलू चौप आलू गोभी लौकी का झोलदार सब्जी केसरिया जलेबी का प्रसाद वितरण किया गया। लगभग 2700 से ज्यादा भक्तजनों ने प्रसाद प्राप्त किया।

## झारखंड आन्दोलनकारी स्व. टेकलाल महतो की मनी जयन्ती




**रांची** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में आज कांग्रेस भवन, रांची में गिरिडीह के पूर्व सांसद और मांडू से पांच बार विधायक, झारखंड आंदोलनकारी स्व. टेकलाल महतो की जयंती मनाई गई। झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं कांग्रेस जनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धसुमन अर्पित किये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने स्व. टेकलाल महतो के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए कहा कि उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता हे। स्व. टेकलाल महतो की पहचान पूरे उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र में आंदोलनकारी नेता के रूप में थी।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने 100 वर्ष का सफर पूरा कर देश में किसान मजदूर की आवाज को बुलंद किया है : रणेंद्र कुमार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कार्यालय रांची में तीन दिवसीय पार्टी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन नेता राजेंद्र प्रसाद यादव की अध्यक्षता में शुरू हुई, जो 15, 16,17 फरवरी तक अलग-अलग मार्क्सवादी चिंतक एवं शिक्षाविद साथियों के द्वारा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा, उद्घाटन के क्रम में प्रलेश के राज्य अध्यक्ष सह सेवानिवृत आईएएस अधिकारी रेनेंद्र कुमार ने कहा कि देश में वैश्विक पूंजी ने देश को ग्रसित कर दिया है, देश आर्थिक गुलामी की ओर जा रहा है, अति राष्ट्रवाद के नाम पर मजदूर किसान, दलित एवं आदिवासियों पर केंद्र सरकार लगातार हमला कर रही है, देश में मजबूत कम्युनिस्ट पार्टी की आवश्यकता है, मजदूर किसान को आंदोलन को कुचलने के लिए सरकार हर हथकंडे को अपना रही है। इसीलिए हम सभी लोगों को आने वाले दिन में जो देश के अवाम को बचाने के लिए बड़ी लड़ाई कम्युनिस्ट पार्टी लड़ेगी, हमें दिल और दिमाग से तैयार होना होगा, प्रशिक्षण शिविर में शिक्षाविद् मार्क्सवादी चिंतक रामबाबू ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की मजदूर किसान के हक और अधिकार के लिए गौरवशाली 100 वर्ष संघर्ष के पूरे हो रहे हैं, संयुक्त बिहार में कम्युनिस्ट पार्टी ने एक ऐतिहासिक आंदोलन के बल पर अपनी जड़े जमाली थी, लेकिन आज आवारा पूंजी से लड़ने के लिए हमें संघर्ष की नई रास्ता अपनाना पड़ेगा, उन्होंने 100 वर्ष के इतिहास को अपने संबोधन में मार्क्सवादी नजरिया से लोगों को सीखने की कोशिश की, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय सांगठनिक एवं राजनीतिक चर्चा करते हुए मजबूत कम्युनिस्ट पार्टी निर्माण की योजना बनाई, प्रशिक्षण शिविर में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय सिंह, जैनेंद्र कुमार भंते, अनिरुद्ध कुमार, गणेश प्रसाद सिंह, कृष्णा मेहता, सत्येंद्र सिंह, विक्रम कुमार, रंजन पांडे, ज्वाला सिंह, कुमार सिंह, अंबुज ठाकुर, कन्हाई मल पहाड़िया, विष्णु कुमार, गणेश महतो, राजेंद्र यादव, गणेश सिंह, शंभू कुमार, सोनिया देवी, मुना भुईया, किरण कुमारी,आरती कुमारी, महेश राम, विजय राम, मुन्नाराम, क्ष श्री राम सहित कई लोग मौजूद थे।

## 08 मार्च को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत पर किया गया फोकस

# विचाराधीन बंदियों को नि:शुल्क विधिक सहायता पहुंचाता है डालसा : कविता खाती

- नामकुम प्रखंड के डुंगरी पंचायत भवन में जस्टिस-ऑन-व्हिल से जागरूकता कार्यक्रम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में जस्टिस-ऑन-व्हिल जागरूकता कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए शनिवार को नामकुम प्रखंड के डुंगरी पंचायत भवन में जागरूता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी डिपुटी चीफ, कविता कुमारी खाती, पीएलवी लता कुमारी, रूही अगरवाल, बिनोद कश्यप तथा राजा वर्मा उपस्थित थे। श्रीमति खाती ने पोक्सो एक्ट, बाल विवाह, बाल श्रम, ह्यूमन ट्रेफिकिंग, दुष्कर्म, नशा मुक्ति, चाइल्ड प्रोटेक्शन, गुड टच, बेड टच, सड़क दुर्घटना, डायन प्रथा, स्पॉन्सरशिप एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के बारे में जानकारी दी। आगे श्रीमति खाती ने आगामी 22 फरवरी को आयोजित होनेवाली विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत पर फोकस की तथा आगामी 08 मार्च को होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी। पीएलवी लता कुमारी ने कहा कि विचाराधीन बंदियों तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वर्गों के लोगों को डालसा के द्वारा मुकदमा लड़ने तथा अपना बचाव करने के लिए नि:शुल्क विधिक सहायता दी जाती है। डालसा के पीएलवी रूही अग्रवाल व बिनोद कश्यप ने प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज करने, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, असंगठित मजदूरों का निबंधन, आयुष्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड, शौचालय स्वच्छता के बारे में भी जानकारी दी गयी। अंत में डालसा के पीएलवी ने राहगीरों के बीच पम्पलेट, लिफलेट तथा कानूनी पुस्तिका का वितरण किया तथा नि:शुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी। आगामी विशेष लोक अदालत व राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए डालसा, रांची के पीएलवी के द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में पोस्टर और बैनर भी लगाया जा रहा है और लोगों को जागरूक किया जा रहा है। यह निर्देश पूर्व में ही डालसा सचिव के द्वारा सभी कार्यरत पीएलवी को दिया गया है।

## मौत की घाटी चुट्टूपालू घाटी में अनियंत्रित ट्रेलर ने मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को लिया अपनी चपेट में, एक की मौत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : मौत की घाटी कहें जाने वाले चुट्टूपालू घाटी में अनियंत्रित ट्रेलर ने मोटरसाइकिल सवार को अपने चपेट में लिया। बता दे कि आनंदी बस्ती के रहने वाले शमीम अंसारी अपनी पत्नी के साथ हीरो होंडा ग्लैमर मोटरसाइकिल में सवार अपने मृतक परिजन को को मिट्टी देने के लिए रामगढ़ जरियो बस्ती जा रहा था इसी क्रम रास्ते पर चुट्टूपालू घाटी में अनियंत्रित ट्रेलर ने अपने चपेट में लिया और मोटरसाइकिल सवार शमीम अंसारी का सर हेलमेट सहित टायर के नीचे आ गया और पत्नी झटका से दूर फेंका गई पत्नी चोटिल हुई, मौके पर पहुंची पुलिस और सदर अस्पताल ले गई जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया जहां मेदांता हॉस्पिटल में डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। वहीं पुलिस ने पंचनामा का पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

## एक झलक

### मानवता को शमर्सार करने वाली घटना, दोषी पर होगी कड़ी कर्वाई : एसडीपीओ

**दारु** : दारु थाना क्षेत्र मे तीन छोटे छोटे नाबालिग़ बच्चियों के साथ हुई दुराचार और उत्पीड़न की घटना घोर शर्मनाक है इसकी जितनी भी निंदा किया जाय कम है। इस मामले मे टयूशन की आड़ लेकर गलत करने वाले निजी शिक्षक के खिलाफ कड़ी से कड़ी करवाई की जाएगी और दोषी किसी भी हालत मे छोड़े नही जाएंगे। यह बाते एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद ने पीड़ित पक्ष से मिलने के बाद पत्रकारो से बातचीत के दौरान कही। इस मामले मे उन्होंने पीड़ित पक्ष के घर जाकर बच्चियों और उनके अभिभावक से मिलकर घटना के सम्बन्ध मे जानकारी प्राप्त किया। दारु थाना प्रभारी शफीक खान द्वारा आरोपी कौशल कुमार कान्त को बारह घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया और गुरुवार को उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहाँ से उसे केंद्रीय कारागार हज़ारीबाग भेज दिया गया।

### आईसेक्ट विश्वविद्यालय के स्वयंसेवक महेश ने किया रक्तदान

**हजारीबाग** : पुलवामा में शहीद जवानों की पुण्यतिथि पर वॉलंटरी ब्लड डोनर्स संगठन की ओर से बीते शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के राष्ट्रीय सेवा योजना ने भी इस रक्तदान महादान में हिस्सा लिया और स्वयंसेवक महेश कुमार ने स्वेच्छा से रक्तदान कर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में कई स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं ने भी रक्तदान करने की अपनी इच्छा जताई और भविष्य में मानवता की सेवा करने का संकल्प लिया। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पीके नायक ने लोगों से रक्तदान की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। इसलिए समय समय पर इसे किए जाने की आवश्यकता है। वहीं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि विश्वविद्यालय की ओर से प्रत्येक वर्ष रक्तदान को लेकर शिविर लगाया जाता है। इस वर्ष भी विश्वविद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर जल्द ही लगाए जायेंगे। उन्होंने कहा कि रक्तदान को लेकर लोगों को जागरूक करने की भी आवश्यकता है। हालांकि समय समय पर एनएसएस के विश्वविद्यालय इकाई की ओर से नुक्कड़ नाटक के जरिए इस ओर लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ रोजी कांत ने भी रक्तदान के लिए विद्यार्थियों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

### आयुक्त पवन कुमार ने किया बंदोबस्त कार्यालय का औचक निरीक्षण

**हजारीबाग** : उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार ने आज (शनिवार) बंदोबस्त कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में चल रही कार्यप्रणाली, कमर्चारियों की दक्षता और अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से मूल्यांकन किया। आयुक्त ने कमर्चारियों से क्षेत्रीय प्रशासन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पवन कुमार ने बंदोबस्त कार्यालय में आवश्यक सुधारों पर जोर देते हुए कार्यालय कार्यों को और अधिक पारदशी और सुगम बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

## बिरसा कृषकों के समग्र विकास एवं ज्ञानवर्द्धन हेतु एक दिवसीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी कार्यशाला का आयोजन

# सरकार किसानों के हित के लिए कर रही कार्य : कृषि मंत्री

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही** : बिरसा कृषकों के समग्र विकास एवं ज्ञानवर्धन हेतु दिनांक 15 फरवरी को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (IARI) गोरिया करमा, बरही,हजारीबाग में प्रमंडल स्तरीय किसान मेला सा प्रदशनी कायर्शाला 2025 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग मंत्री, झारखंड सरकार शिल्पी नेहा तिकी शामिल हुई। बरही के गौरैयाकर्मा में आयोजित प्रमंडलस्तरीय किसान मेला सह प्रदशनी/कायर्शाला 2025 में बतौर मुख्य अतिथि श्रीमती शिल्पी नेहा तिकी, कृषि एवं पशुपालन मंत्री, झारखंड सरकार* ने कार्यक्रम में आए कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य





उद्देश्य कृषि विभाग की योजनाओं से किसानों को अवगत कराना है। किसान वर्ग को अन्नदाता कहा जाता है। झारखंड की जमीन उन्नत होने के बाद भी जानकारी के आभाव में यहां के किसान अपने को स्थापित नहीं कर पाए है। यहां इस कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के स्टॉल लगाए है जो विशेष रूप से किसान भाइयों के लिए है। उन्होंने इस कार्यक्रम में शामिल हुए कृषकों की अच्छी तादात को देखकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि आप सभी एक जागरूक एवं तत्पर किसान है इसलिए आप सभी इस कार्यक्रम में दूर दराज से कुछ जानने और समझने आए है। खेती-किसानी और कृषि अपने आप में एक बहुत बड़ा क्षेत्र है। झारखंड जैसे राज्य के लिए एग्रीकल्चर एक महत्वपूर्ण विषय है। झारखंड की 80% आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, ये लोग खेती-बाड़ी के माध्यम से ही अपना जीवन यापन करते हैं।

उन्होंने बताया कि झारखंड में पारंपरिक खेती से किसान अपने 90 प्रतिशत खेतों पर केवल धान उगाते है जबकि अन्य राज्यों में आधुनिक तकनीक से बहुआयामी खेती कर उन्नत हो रहे है। कृषि मंत्री ने समय के साथ किसानों को अपने कार्य प्रणाली को भी अद्यतन करने को कहा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कृषि के क्षेत्र में नए ऊर्जा के साथ कार्य करने को प्राथमिकताओं में रखा है इसलिए सभी प्रमंडल में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। सरकार कृषि, मत्स्य पालन, बागवानी, पशुपालन एवं डेयरी में कई योजनाएं लाने पर कार्य कर रही है तथा किसानों को रोजगार परक बेहतर प्रशिक्षण देने की भी योजना है ताकि कृषक भाई सभी कृषि के सभी अवयवों को आत्मसात कर अपने समृद्धि की तरफ बढ़ सके। डेयरी उद्योग में भी असीम संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं है। दुग्ध उत्पादन कर झारखंड मिल्क फेडरेशन द्वारा संचालित मेधा डेयरी में उचित मूल्य पर दूध का विक्रय किया जा सकता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एक बेहतर समन्वय बनाते हुए किसानों को बेहतर दिशा देने का कार्य करेगी। माननीय मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में परंपरागत व्यवस्थाओं के साथ-साथ कृषि-खेती कार्य को आधुनिक तकनीक से भी जोड़ने की आवश्यकता है। कभी-कभी बदलते मौसम के कारण किसान वर्ग के लोग हतोत्साहित होते जाते हैं, तकनीक के माध्यम से ही उन्हें इन समस्याओं से बचाया जा सकता है। बरही विधायक मनोज यादव में इस प्रमंडल स्तरीय किसान मेला कार्यक्रम में शामिल होते हुए जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि बरही के क्षेत्र में कृषि के क्षेत्र में बहुत संभावनाएं है लेकिन पारंपरिक खेती से किसानों का आर्थिक उत्थान उतना नहीं हो पा रहा है इसलिए इस प्रकार का किसान मेला सह प्रदशनी किसान भाइयों के लिए वरदान के जैसा है। नवाचार का युग है इसलिए नए तकनीक से खेती के नए अवसर प्राप्त होंगे तथा किसान अपनी आय को बढ़ा सकते है। इस कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को फायदा होगा यह उम्मीद करते हैं। मौके पर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद ने इस अवसर पर कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि गौरैयाकरमा में आयोजित यह कार्यक्रम किसान भाइयों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। नई तकनीक, नए आयाम इस कार्यक्रम में समाहित है। उन्होंने किसान भाइयों से इसका भरपूर लाभ उठाने को कहा। कृषि विभाग एक बहुत बड़ा विभाग जिसमें कई लाभकारी योजनाएं चलाए जाते है।

# छबेलवा वन महोत्सव में जुटे सैकड़ों पर्यावरण प्रेमी

- पेड़ों में रक्षा सूत्र बांध कर पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**इचाक** : जन, जंगल एवं जल बचाव समिति के तत्वावधान में प्रखंड के मोक्तमा स्थित छबेलवा वन में शनिवार को छबेलवा वन महोत्सव का आयोजन किया गया। जहां पहुंचे सैकड़ों पर्यावरण प्रेमियों ने पेड़ पौधों में रक्षा सूत्र बांधकर पेड़ बचाने, पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने और अपने जीवन में कम से कम 5 पौधे लगाकर उनका संरक्षण करने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष बद्री प्रसाद मेहता और संचालन संरक्षक महेश कुमार मेहता ने किया। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व सांसद भुनेश्वर मेहता ने आयोजन कमेटी की सराहना करते हुए कहा पेड़ धरती पर जीवन का मूल कारण है। पेड़ हरा भरा होगा तो जीवन खुशहाल होगा। उन्होंने लोगों से पेड़ लगाने और उसके संरक्षण का अपील किया। जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता कहा मानव स्वार्थ के कारण लगातार वन उजड़ रहे हैं जिसका परिणाम हमे भुगतना पड़ रहा है। अगर पेड़ पौधों नही होंगे तो धरती पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर डीएमएफटी फंड से एक प्रशिक्षण भवन देने की बात कही। वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता वन विभाग के उदासीन रवैए पर नाराजगी जताई। भैया अभिमन्यु प्रसाद ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम हर क्षेत्र में होनी चाहिए ताकि हमारी आनेवाली पीढ़ी को तकलीफ न हो। पर्यावरणविद खेमलाल महतो ने कहा पेड़ पौधे प्रकृति का अनुपम उपहार है।

# राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के मार्गदर्शक का स्वागत ब्लॉक चौक ओरमांझी में किया गया

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के मार्गदर्शक डॉक्टर इंद्रेश कुमार,प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर शाहिद अख्तर, एमडी एजाज व नाजिश को प्रखंड अध्यक्ष आफताब आलम के नेतृत्व में शनिवार को लाल बहादुर शास्त्री ब्लॉक चौक में स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। मौके पर इंद्रेश कुमार ने प्रखंड अध्यक्ष आफताब आलम को धन्यवाद दिया और विश्वास दिलाया कि वह मंच को पूरे प्रदेश में मजबूत करने के लिए पूरी मेहनत



करेंगे। कहा कि मंच के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर मंच का विस्तार पूरे झारखंड में करेंगे।वहीं प्रखंड अध्यक्ष आफताब आलम ने कहा की राष्ट्रीय मुस्लिम मंच काफी मजबूती से काम कर रहा है। युवाओं की समस्याओं के समाधान के लिए मंच हमेशा तत्पर रहता है और आगे भी रहेगा। मौके पर मुख्य रूप से नफीस अख्तर, जलेश कुमार महतो,सुकर साव राजकिशोर मुंडा, रोगन मुंडा,अलताब रजा, मनीष नईम अंसारी, मुस्ताक आलम आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# पुलिस ने 30 एकड़ में लगी अफीम की खेती को किया नष्ट



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण** : चौपारण प्रखंड में लगातार कई दिनों से पुलिस तथा वन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जंगलों में पोस्ते की खेती को नष्ट करने का अभियान चल रहा है। शनिवार को भी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार विमल के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के ग्राम पत्थलगढ़ा के करगा जंगल में लगभग तीस एकड भुमि से अवैध पोस्ते की खेती को ट्रैक्टर चला विनिष्ट किया गया। अफीम फसल को नष्ट करने के लिए पुलिस ने तीसरी आंख यानि कि ड्रोन कैमरा की भी मदद ली। वहीं जहां ट्रैक्टर नहीं पहुंच पाया वहां ग्रास कट्टर का उपयोग कर अफीम फसल को नष्ट किया गया। बता दें प्रखंड क्षेत्र में अभी तक लगभग पांच सौ एकड़ अवैध पोस्ता-अफीम की खेती को विनिष्ट किया जा चुका है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने कहा कि पूरे इलाके से अवैध खेती को खत्म किया जायेगा। साथ ही इसमें शामिल लोगों को चिह्नित कर कानूनी कारवाई की जायेगी। अभियान में थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश, एसआई रवि रंजन, रोशन कुमार,बादल महतो सहित बडी संख्या में पुलिस बल शामिल थे।

# शिक्षकों की लम्बित प्रोन्नति जल्द दी जाये : प्रवीण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हज़ारीबाग** : शनिवार को प्रवीण कुमार, जिला अध्यक्ष ,अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिला शिक्षा अधीक्षक ,हजारीबाग से मिलकर शिक्षकों का वर्षों से लंबित विभिन्न ग्रेडों का प्रोन्नति जल्द से जल्द देने की मांग की इसपर जिला शिक्षा अधीक्षक ने अपनी सहमति देते हुए कहा कि प्रोन्नति जल्द से जल्द दी जायेगी। ज्ञातव्य हो कि शिक्षकों को प्रोन्नति देने हेतु ग्रेड 3 एवं ग्रेड 4 में प्रोन्नति देने हेतु वरीयता सूचि जारी कर आपत्ति की मांग की गई है।इसपर मेरे द्वारा जारी सूची में विसंगति पर ज्ञापन देते हुए सुधार कर वरीयता सूची पुनः जारी करने की बात की।इसपर भी ऊए महोदय ने सहमति दी।विसंगति ज्ञापन में इस प्रकार है। ग्रेड-3 की जारी वरीयता सूची में जन्मतिथि 1941 एवं नियुक्ति तिथि 1971 से गणना कर वरीयता सूची बनायी गई है। यह बड़ी विसंगति है। गई है। ज्ञातव्य हो कि वर्ष 2011 तक कार्यरत शिक्षकों को विभागीय नियमानुसार ग्रेड-3 में प्रोन्नति दी जा चुकी है। फिर किस परिस्थिति में उससे पूर्व के शिक्षकों की गणना कर सूची जारी की जिन कमी के द्वारा प्रोन्नति वरीयता सूची बनायी गई है। उनकी मंशा प्रोन्नति में बाधा कराने की है। ड्ट जारी सूची में ग्रेड-4 में प्रोन्नति पा चुके शिक्षकों का नाम भी अंकित है। ड्ट जारी सूची में बहुत से शिक्षकों का नाम भी छूट गया है। भवदीय द्वारा ग्रेड-4 की जारी वरीयता सूची में 1994 के बाद नियुक्त शिक्षकों की मेधा सूची में विसंगति है जिससे वरीयता प्रभावित होगी। जारी सूची में मेधा क्रमांक को आधार बनाकर औपबंधिक वरीयता सूची जारी की गई है। जबकि योगदान की तिथि के साथ मेधा क्रमांक का गणना करते हुए की वरीयता सूची बनायी जाय। ग्रेड-4 की वरीयता सूची विषयवार एवं कोटिवार बनायी जाय। ग्रेड-4 की रिक्ति विषयवार, कोटिवार विद्यालय सहित जारी की जाय। ग्रेड-1 में 12 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके शिक्षकों को ग्रेड-2 में प्रोन्नति दिया जाय। (2009 में नियुक्त शिक्षक) ग्रेड-7 (प्रधानाध्यापक पद) का 124 रिक्त पद पर 1993 प्रोन्नति नियमावली के तहत प्रोन्नति दिया जाय। इसके अतिरिक्त भी शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं पर भी बात हुई। सभी मुद्दों पर जिला शिक्षा अधीक्षक ने सकारात्मक बाते करते हुए बताया कि जल्द ही माह में एकबार शिविर लगाकर सेवानिवृत शिक्षकों का सभी तरह का पावना एवं अन्य कार्यों का निपटारा किया जायेगा।



## राम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर दो दिवसीय यज्ञ का आयोजन

# बिरबिर से भव्य जल कलश यात्रा के साथ होगा आगाज



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हज़ारीबाग** : आयोध्या में आराध्य प्रभु श्री रामंदिर का 500 वर्षों के बाद 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुआ। प्राण प्रतिष्ठा की तिथि घोषणा से पूर्व बिरबिर में नवनिर्मित माता शबरी एवं प्रभु श्री राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा की तिथि 22 फरवरी 2024 को निर्धारित किया गया। पांच दिवसीय भव्य प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ के साथ संपन्न कराया गया था। शनिवार को सदर प्रखण्ड अंतर्गत ओरिया पंचायत स्थित ग्राम बिरबिर में नवनिर्मित माता शबरी एवं प्रभु श्री राम मंदिर का प्रथम वषर्गांठ मनाने को लेकर मंदिर प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया। प्रथम वर्षगाठ को प्राण- प्रतिष्ठा की भव्यता एवं उत्साह की तरह मनाने का निर्णय लिया गया।

# झारखंड अलग राज्य आन्दोलन में स्व. टेकलाल महतो ने अग्रणी भूमिका निभायी थी : गौरव पटेल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कार्यकर्ताओं द्वारा शनिवार को विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय के प्रांगण में झारखंड आंदोलन के जननायक सह पूर्व सांसद व विधायक स्व० टेकलाल महतो की 80 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर उनके बड़े पौत्र मांडू विधानसभा क्षेत्र के झामुमो युवा नेता गौरव पटेल ने अपने दादा स्व० टेकलाल बाबू के आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान श्री पटेल ने कहा कि झारखंड अलग राज्य आंदोलन में दादा जी स्व. टेकलाल बाबू ने



अग्रणी भूमिका निभाई थी। साथ ही कई वर्षों से उन्होंने मांडू को मजबूत नेतृत्व दिया साथ ही क्षेत्र में झामुमो को सिंचने का काम किया है, स्व० टेकलाल बाबू ने झारखंडी जनता के हक व अधिकार के लिए अपना सर्वस्व जीवन न्यौछावर कर दिया। उनके बताए मार्ग पर चल कर ही झारखंडियों के सपनों को साकार किया जा सकता है, अपने विधायकी कायर्काल में जो विकास का कार्य किया उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। झारखंड को अलग राज्य बनाने में उन्होंने काफी योगदान दिया है।

# चिकित्सकों की क्षमता और विशेषज्ञता से बढ़ता है लोगों का सरकारी अस्पताल में विश्वास : मनीष जायसवाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हज़ारीबाग** : हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कई चिकित्सक है जो अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा और ईमानदारीपूर्वक करते हैं और अपनी उत्कृष्ट सेवा जरूरतमंद मरीजों को प्रदान करते हैं। जिससे मरीजों और उनके परिजनों को बड़ा राहत होता है। ऐसे चिकित्सकों की सेवा कार्यों का प्रशंसा भी जरूरी है। ऐसे ही एक अत्यंत प्रशंसनीय कार्य को अपने चिकित्सीय अनुभव से अंजाम दिया है यहां के ऑर्थोपेडिक विभाग के एक चिकित्सीय टीम द्वारा। हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ऑर्थोपेडिक



विभाग के एक चिकित्सीय टीम द्वारा एक जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक किया गया है। अमूमन यह ऑपरेशन न्यूरोसजरी विभाग द्वारा किया जाता है और महानगरों के निजी अस्पतालों में ऐसे ऑपरेशन के 2- 3 लाख रुपए खर्च होता है लेकिन सरकारी अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के तहत ऐसे ऑपरेशन का होना चिकित्सकों की उपलब्धि है साथ ही जरूरतमंद मरीजों के लिए नई उम्मीद की किरण भी प्रस्फुटिल होती है। चिकित्सकों के ऐसे सेवा से जरूरतमंदों को अपने जीवन को सामान्य बनाने की एक नई आस भी जागती है ।

## कैप्टेन करमजीत सिंह बक्शी ने दिया देश के लिए सवीच्च बलिदान : सांसद

**हज़ारीबाग** : बीते दिनों जम्मू- कश्मीर के अखनूर में हुए आईडी ब्लास्ट में शहीद हुए हजारीबाग के लाल कैप्टेन करमजीत सिंह बक्शी के हजारीबाग शहर के जुलु पार्क स्थित आवास हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल शनिवार को पहुंचे और यहां शहीद के आत्मा की शांति के लिए चल रहें महिलाओं की सुखमणि साहेब के पाठ में शामिल हुए और शहीद की तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके माता- पिता, बहन और अन्य परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दिया और उनका ढांढस बंधाया। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि शहीद कैप्टेन करमजीत सिंह बक्शी का नाम अमर रहेगा। राष्ट्रहित के लिए

# टेकलाल बाबू की पाठशाला से सैकड़ों सांसद और विधायक बने : जेपी पटेल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह मांडू पूर्व विधायक, कांग्रेस नेता जयप्रकाश भाई पटेल ने शनिवार को जननायक आंदोलन क्रांतिकारी नेता स्व0 टेकलाल महतो की जयंती पर उन्हें विशेष याद एवं आदमकद प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर नमन करते हुए 80वां जन्मदिवस बड़े धूमधाम से मनाया। इस पावन अवसर पर विष्णुगढ़ प्रखंड के टेकलाल महतो की जन्मस्थली चानो, बनासो बीएड महाविद्यालय, विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय, टेकलाल महतो डिग्री महाविद्यालय तथा उनकी कमर्भूमि विष्णुगढ़ के झामुमो कार्यालय से सटे प्रखंड के सार्वजनिक दुर्गा मंदिर प्राँगण में जन्मोत्सव के अवसर पर आंदोलकारी टेकलाल महतो की स्मृति पर विशेष जनसभा समारोह का भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजित समारोह कार्यक्रम में महिला पुरुष का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस कार्यक्रम का संचालन गुरु प्रसाद साव ने किया। कार्यक्रम के पूर्व टेकलाल महतो के परिवार व उनके चाहने वाले कार्यकर्त्ताओ ने विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज परिसर में स्थापित आदम कद प्रतिमा में विधिवत पूजा अर्चना





कर उनको नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। जयन्ती कार्यक्रम में दजर्नों वक्ताओं ने उनकी जीवनी से लेकर टेकलाल महतो के अथक प्रयास और परिश्रम को आज जीवंत कर दिया। सभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री सह पूर्व माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि सबसे पहले विष्णुगढ़ के पावन धरती एवं टेकलाल बाबू के चरणों मे मेरा शत शत नमन। उन्होंने आगे कहा कि विष्णुगढ़ धरती एक आंदोलनकारी धरती रही है, इस धरती पर सैकड़ो लोगों ने अपनी कुर्बानियां दिया है। टेकलाल बाबू कुछ नहीं थे, महेंद्र महतो कुछ नहीं थे, साधु सेनाथ, शनिचर कुछ नहीं थे, उस समय इन लोगों की आवाज से धरती थरथराती थी। हम लोग ऐसे घर से हैं टेकलाल बाबू के पाठशाला से सैकड़ो सांसद और विधायक बने हैं, मैं यह भी कहना चाहता हूं कि वतर्मान विधायक जेपी पटेल को क्षति पहुंचा सकता है, लेकिन विष्णुगढ़ की जनता को अगर कोई शोषण करे और उसे क्षति पहुंचाए तो यह जेपी पटेल उसे उखाड़ कर फेंक देगा। हम टेकलाल बाबू के पुत्र हैं सत्ता में रहते हुए सता का कभी भी दुरुपयोग नहीं किया है। विधायक रहते किसी को मारपीट एवं डराने और धमकाने का काम नहीं किया है, और आगे भी नहीं करेगे, लेकिन अगर गलत होगा तो हम बर्दाश्त नहीं करेंगे और उसका जोरदार विरोध करेगे जिसका संकल्प टेकलाला बाबू की जयंती में हमे लेकर जाना है। वही कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन अभिजीत सिंह ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक की धर्मपत्नी ललिता देवी, टेकोचंद महतो, शंभूलाल यादव, गुरु प्रसाद साव, कपिलदेव चौधरी, उत्तम महतो, महताब हुसैन,अभिजीत सिंह, नौशाद आलम, हिरामन महतो, महादेव मंडल, महेंद्र महतो, दिनेश मंडल, मो0 दिलेर आजाद, सरस्वती देवी, विशेश्वर स्वणर्कार, धनश्याम पाठक,अशोक गुप्ता ,रामजी मांझी, गुलाब राम, सुरेंद्र यादव, लक्ष्मण यादव, जगदीश यादव, राकेश सिंह, सर्वेश सिंह, बिजय सिंह, सागर महतो, हेमलाल साव, मकबूल अंसारी, अंजनी देवी, सविता देवी, अंबिया देवी,विजय साव समेत हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक झलक

### पीपी कोर्ट ने डोमगढ़ क्षेत्र के अनधिकृत कब्जाधारियों को बेदखल करने के लिए जारी की नोटिस

**सिन्दरी (धनबाद):** पीपी कोर्ट ने डोमगढ स्थित विभिन्न श्रेणी के 925 आवासों पर अनाधिकृत कब्जा धारियों को वेदखल करने के लिए धारा 1971 के तहत नोटिस जारी किया है। पीपी कोर्ट ने अपने नोटिस के माध्यम से कुल 925 अवैध कब्जा धारियो को खाद कारखाने के प्रशासनिक भवन स्थित संपदा पदाधिकारी के न्यायलय मे 28 फरवरी को उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना है। डोमगढ स्थित अनाधिकृत रुप से डीके फोर श्रेणी मे रहने वाले कुल 126, डी एल श्रेणी के आवास में रहने वाले कुल 167, डी एल टू श्रेणी के आवास में रहने वाले 344, सीटी श्रेणी के आवास में रहने वाले 178 और डीबी श्रेणी के आवास में अवैध रूप से रहने वाले 106 लोगों के खिलाफ पीपी कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। समूचे डोमगढ क्षेत्र को खाली कराने के पीपी कोर्ट के नोटिस से डोमगढ क्षेत्र में दहशत फैल गई है।

### झाड़ी के पास मिला शव पुलिस ने किया जब्त

**कतरास (धनबाद):** बाघमारा के कतरास थाना अंतर्गत कुमार जोरी पंचायत के चैनपुर गांव के समीप झाड़ी में शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गई। स्थानीय लोगी द्वारा कतरास पुलिस को सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। वही पुलिस जांच में जुट गई। फिलहाल शव की पहचान 38 वर्षीय देव शंकर भुईयां बसेरिया निवासी के रूप में हुआ है। मृतक का तीन बेटा है और बीसीसीएल कर्मी है। मृतक देव शंकर भुईयां पांडेडीह में कार्यरत है।

### पिता की पुण्यतिथि पर पुत्र ने जरूरतमंदों को कराया भोजन

**धनबाद:** समाज सेवी संस्था केयर एंड सर्व फाउंडेशन प्रतिदिन की तरह आज भी जरूरतमंदों को भोजन कराया गया। इस सप्ताह जब लोगों ने वेलेंटाइन वीक मना रहे हैं तो समाज सेवी संस्था केयर एंड सार्व फाउंडेशन के सदस्यों ने पूरे सप्ताह जरूरतमंदों को अच्छे पकवान बनाकर भोजन वितरण कर सेवा सप्ताह मनाया। इसी के तहत आज भी शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच अस्पताल परिसर) कुल 267 जरूरतमंदों को भोजन कराया गया। आज का खाना में पूरी सब्जी और मिठाई शामिल था। आज दो पुण्यतिथि के भोजन दानदाताओं से प्राप्त हुईं। स्वर्गीय नीरेंद्र नाथ खवास के आठवी पुण्यतिथि पर उनके पोता सुदीप खवास और दूसरा स्वर्गीय नव कुमार तिवारी जी के 13 वीं पुण्यतिथि मे उनके पुत्र उज्जल तिवारी द्वारा प्राप्त भोजन जरूरतमंदों के बीच वितरण किया गया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, वरीय उपाध्यक्ष दिलीप चौधरी, कोषाध्यक्ष अमित कुमार फाउंडर, मेंबर विभूति प्रसाद सिंह, फाउंडर मेंबर सह मीडिया प्रभारी नीलकमल खवास और मुन्ना खान के अलावे दानदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### सामाजिक संस्था समर्पण 'एक नेक पहल' ने महिला मरीज को उपलब्ध कराया रक्त

**धनबाद :** कतरास निचितपुर क्लिनिक एंड रिसर्च सेंटर में ईलाजरत 44 वर्षीय महिला मरीज के लिए डॉक्टर ने तत्काल ए पॉजिटिव रक्त व्यवस्था करने की बात मरीज के परिजन से कहा क्योंकि मरीज के शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बहुत कम हो गई थी। इसकी सूचना परिजन ने सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान को देते हुए रक्त उपलब्ध कराने का आग्रह किया, जिसे तुरंत स्वीकार करते हुए श्री चौहान ने धनबाद श्रीनिवास ब्लड सेंटर के प्रबंधक आशुतोष झा से बात कर मरीज के लिए तत्काल रक्त प्रदान करने का अनुरोध किया। जिसके कुछ ही देर पश्चात मरीज के रक्त प्रदान कर दी गई।

### विधायक ने किया सिन्दरी बस्ती का भ्रमण, ली समस्याओं की जानकारी

**पाथरडीह/सिन्दरी (धनबाद):** सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने छोटन चटर्जी के नेतृत्व ने शनिवार को सिंदरी बस्ती का सघन दौरा किया। बस्ती में व्याप्त सभी समस्याओं से अवगत होकर उनको देखा, जाना और समझा। इस दौरान विधायक श्री महतो प्रारंभ में कॉ. मागाराम मल्लिक के आदमकद प्रतिमा पर मालार्पण किया तथा मल्लिक टोला से होते हुए सिंदरी बस्ती में सभी गली रास्ते से गुजरते हुए शिव मंदिर प्रांगण पहुंचे, जहां मौजूद ग्रामीणों को संबोधन करते हुए एक आम सभा की।

# 50 बांस हस्तशिल्पियों के बीच निःशुल्क उन्नत औजार वितरित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** चंदनक्यारी प्रखण्ड अंतर्गत विभिन्न गांवों में कार्यरत बांस हस्तशिल्पियों के सहयोग के लिए बिरसा क्राफ्ट प्रोड्यूसर कम्पनी का निर्माण किया गया है, कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार और राष्ट्रीय डिजाइन केंद्र, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में प्रखण्ड विकास सभागार में बोकारो के चंदनक्यारी प्रखण्ड के विभिन्न ग्रामों से आए 50 बांस हस्तशिल्पियों को उन्नत औजार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अजय कुमार वर्मा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, चंदनक्यारी एवं विशिष्ट अतिथि भुवन भास्कर, सहायक निदेशक हस्तशिल्प देवघर द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रवज्वलित कर किया गया।

मुख्य अतिथि अजय कुमार वर्मा ने कार्यक्रम की तारीफ करते हुए कहा कि हस्तशिल्प विभाग चंदनक्यारी प्रखण्ड में बांस हस्तशिल्पियों के विकास एवं उत्थान के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने विभाग द्वारा आयोजित निःशुल्क औजार वितरण कार्यक्रम को उत्तम अवसर बताया और हस्तशिल्पियों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि निश्चित ही यह कार्यक्रम हस्तशिल्पियों के कौशलता को निखारने और उनकी उत्पादकता और आमदनी को बढ़ाने में सहायक साबित होगी।

सहायक निदेशक हस्तशिल्प भुवन भास्कर ने बताया कि प्रखण्ड के विभिन्न ग्रामों से आए बांस हस्तशिल्पियों को निःशुल्क औजार दिया गया है। औजारों का क्रय जेम पोर्टल के माध्यम से किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हस्तशिल्पियों को उन्नत औजार के जरिये उत्पादकता बढ़ाने, समान गुणवत्ता वाले उत्पादों के उत्पादन में सहायता करना है। उन्होंने हस्तशिल्पियों से स्वयं सहायता समूह निर्माण कर काम करने को कहा जिससे उन्हें कच्चा माल के क्रय, उत्पादन और विपणन करने में सहायता प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा चंदनक्यारी प्रखण्ड अंतर्गत विभिन्न गांवों में कार्य कर रहे बांस हस्तशिल्पियों के सहयोग के लिए बिरसा क्राफ्ट प्रोड्यूसर कम्पनी का निर्माण किया गया है। कार्यक्रम में हस्तशिल्पियों के बीच विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे मॉडल प्रोड्यूसर क्लस्टर, शिल्पी पहचान पत्र, गाँधी शिल्प बाजार, प्रदर्शनी, स्वयं सहायता समूह, ई-कॉमर्स पोर्टल, मुद्रा लोन, इत्यादि विषयों पर विस्तृत इत्यादि पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रोड्यूसर कंपनी की विशेषता बताते हुए विकास कुमार, प्रशिक्षण अधिकारी ने कहा कि इसके बनने से यहाँ के बांस कारीगरों को उत्पादन, विपणन, विक्रय और निर्यात करने में सहायता मिलेगी। मौके पर किशोर रजक, ज़िला उद्यमी समन्वयक, बोकारो टिंकरहाट फाउंडेशन के कुणाल, कोलकाता के डिजाइनर सुमन्ता बक्शी, जन जागरण केंद्र के अश्वनी कुमार का सहयोग सराहनीय रहा।

# हैवी बैलिस्टिक के कारण कई घरों में पड़ी दरार, लोगों ने किया चक्का जाम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद) :** सेल के टासरा प्रोजेक्ट में हेवी ब्लास्टिंग के कारण घरों में पड़ी दरार को लेकर ग्रामीणों ने प्रोजेक्ट का चक्का जाम कर दिया। बताया जाता है कि सेल के टासरा प्रोजेक्ट में कोयले के उत्पादन के लिए आज शनिवार को किए गए हेवी ब्लास्टिंग के कारण अनिता देवी, यशोदा देवी, कल्पना देवी, पुतुल देवी, वरना गोस्वामी, मालती देवी के घरों सहित कुल 8-10 घरों में दरार पड़ गई। हेवी ब्लास्टिंग से आक्रोशित टासरा के ग्रामीणों ने लगभग 2 बजे प्रोजेक्ट का चक्काजाम कर दिया। इन ग्रामीणों में काफी तादाद में महिलाए शामिल थी। चक्काजाम होने से प्रोजेक्ट का उत्पादन और परिवहन कार्य बंद हो गया। चक्काजाम होते ही सेल प्रोजेक्ट की आउटसोर्सिंग कंपनी केटीएमपीएल के लायजनिंग अधिकारी विजय शर्मा प्रोजेक्ट पहुंच गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने हेवी ब्लास्टिंग को लेकर उन्हे खूब खड़ी-खोटी सुनाई। विजय शर्मा ने घरों में पड़े दरारों को मरम्मत करने और कम पावर का ब्लास्टिंग करने का आश्वासन दिया। लगभग दो घंटे के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम आंदोलन समाप्त किया। अपराह्न लगभग 4.30 में प्रोजेक्ट में स्थिति सामान्य हुई।

# चांदमारी ग्राउंड में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** शनिवार से चांदमारी ग्राउंड में चांदमारी प्रीमियर लीग की शुरूआत हुई। समाजसेवी कुम्भनाथ सिंह और युवा संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष युवा नेता दिलीप सिंह बतौर मुख्य अतिथि के द्वारा टूनामेंट का उद्घाटन किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय हासिल किया एवं खिलाड़ियों को उनके शानदार खेल के लिए शुभकामनाएं दीं। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं की प्रतिभा निखारने के लिए धनबाद के चांदमारी ग्राउंड में आयोजित छह दिवसीय मैच में कुल 24 टीमें भाग ले रही है। आज पहला मैच वीआईपी 11 बनाम एनबी स्टार टीम के बीच खेला गया। इस टूर्नामेंट में फाइनल के विजेता को 17 हजार नकद पुरस्कार एवं ट्राफी तथा उपविजेता टीम को साढ़े नौ हजार नकद पुरस्कार के साथ ट्राफी दी जाएगी। इस प्रीमियर लीग में मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बल्लेबाज और बेस्ट बॉलर के लिए भी पुरस्कार रखा गया है। इस बाबत कुम्भनाथ सिंह ने कहा कि सभी खिलाड़ी अच्छे खेल का प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करें उनको मेरी ओर से शुभकामनायें हैं। दिलीप सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों को उनकी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल बेहद जरुरी है। राज्य एवं केंद्र सरकार से एक ही मांग है कि खिलाड़ियों को खेल संसाधन उपलब्ध कराएं ताकि यहां के खिलाड़ी भी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन कर सकें। मौके पर आयोजनकर्ता धर्मेंद्र सिंह, प्रेम मालाकार, विपिन यादव, विशाल तिवारी, प्रमोद सिंह महंत, प्रकाश साव, पिंटू , राजा थे।

# स्वरोजगार सोसाइटी के प्रशिक्षकों को उत्कृष्ट सेवा के लिए किया सम्मानित

■ महिलाएं आत्मनिर्भर होकर घर और देश की तरक्की में अहम योगदान देने को हैं अग्रसर : मिली दत्ता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जोड़ापोखर (धनबाद) :** स्वावलंबी स्वरोजगार सोसाइटी मुकुंदा के परीक्षण में उत्कृष्ट योगदान के लिए शनिवार को सुरभी महिला समिति द्वारा जियलगोरा गेस्ट हाउस में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता समिति के क्षेत्रीय अध्यक्षा शर्मिष्ठा चक्रवर्ती तथा संचालन मॉली सील ने किया। समारोह का शुभारंभ समिति की अध्यक्षा सह सीएमडी की पत्नी मिली दत्ता ने विशिष्ट अतिथि डीपी और डीटी की पत्नीयों पुरवैया रमैया, रंजना सिंह एवं अर्चना अग्रवाल के साथ संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में अतिथियों का स्वागत सोसाइटी के बच्चियों ने आकर्षक नृत्य कि प्रस्तुति से किया। बीसीसीएल की देख रेख तथा सुनील मोदक के नेतृत्व में संचालित सोसाइटी में लघु हस्तकरघा उद्योग, ब्यूटीशियन, नृत्य और खेल की दिशा में क्षेत्र के बेरोजगार बच्चियों और महिलाओं को स्वावलंबी बनाने को लेकर प्रशिक्षण दिया जाता है। पिछले वर्ष सिलाई प्रशिक्षण में अव्वल रही राधा देवी, राखी कुमारी, श्रीमती देवी, आरती देवी, अनिंदिता कुमारी तथा ब्यूटीशियन में रीमा कुमारी, सोनाली जायसवाल, सीता कुमारी, अमृता चौधरी आदि प्रतिभागियों को समारोह की मुख्य अतिथि मिली दत्ता ने सौंदर्य प्रसाधन एवं सिलाई कढ़ाई की सामग्री कीट पैकेट तथा प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कही कि पहले की महिलाएं घरेलू कामों में सिमटी रहती थीं। आज की दौर में महिलाएं स्वावलंबी होने के लिये अनेकों संस्थानों से जुड़कर आत्मनिर्भर होकर घर और देश की तरक्की में अहम योगदान देने को अग्रसर है। ऐसी परिवेश में मुकुंदा सोसाइटी द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में दी जा रही योगदान प्रशंसनीय है। मौके पर लोदना क्षेत्र के जीएम एन चक्रवर्ती मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# राकोमयू ने चलाया जन जागरण अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अलकडीहा (धनबाद) :** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के महामंत्री एके झा के निर्देश पर यूनियन की ओर से नॉर्थ तीसरा अस्पताल एवं आसपास क्षेत्र में शनिवार को जन जागरण अभियान चलाया गया। जिसका नेतृत्व सुनील कुमार राय क्षेत्रीय सचिव ने किया। इस दौरान सुनील कुमार राय ने बताया कि महामंत्री के निदेर्शानुसार 15 फरवरी से 28 फरवरी तक पूरे बीसीसीएल में जन जागरण गेट मीटिंग का कार्यक्रम चलाया जा रहा है जन जागरण का मुख्य उदेश है केंद्र सरकार की मजदूर किसान छात्र नौजवान विरोधी नीति है। आज उनके नीति के कारण बेरोजगारी बढ़ी है पूंजीपति को लाभ पहुंचाया जा रहा है वर्तमान स्थिति में निजीकरण तेजी से हो रही है कोई रोजगार नहीं है श्रम कानून को समाप्त किया जा रहा है फिर से अंग्रेजों वाली शासन केंद्र की भाजपा सरकार लाना चाहती है इसके खिलाफ सभी को एकजुट कर जोरदार आंदोलन करने की तैयारी है, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताए गए रास्ते पर चलकर आंदोलन किया जाएगा पूंजीवादी व्यवस्था को आगे बढ़ने नहीं देंगे। जन जागरण के बाद कोयला भवन मुख्यालय में धरना कार्यक्रम किया जाएगा, जिसमें विधायक राष्ट्रीय अध्यक्ष कुमार जय मंगल सिंह भी लोगों के साथ रहेंगे। मौके पर वीरेंद्र पासी, तेज बेलदार, सुदर्शन सिंह, रिंकू देवी, गीता देवी, चंम्पला देवी, संतोष मोदक आदि लोग शामिल थे।

### अगलगी में लाखों की सम्पत्ति स्वाहा, कड़ी मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

**धनबाद :** सरायढेला थाना क्षेत्र के भुईफोड़ मंदिर के समीप स्थित शिवम कॉलोनी निवासी सांतनु चंद्रा के मकान में बीती रात आग लगने से लाखों की संपत्ति जल कर राख हो गयी। मौके पर पहुंचे अग्निशमन की तीन गाड़ियों ने चार घंटे तक आग पर काबू पाने के लिये कड़ी मशक्कत की। बाद में आग पर काबू पाया गया। शांतनु दास एक गैस एजेंसी के मालिक हैं। जिस वक्त घटना घटी वो घर में नहीं थे। जबकि उनका भाई विपुल चंद्रा प्रभात मॉल के अपने रेस्टोरेंट में थे। आग लगने के साथ ही दोनों की पत्नी, बच्चे और मां घर से बाहर निकल गये थे। अग्निशमन विभाग के अधिकारी लक्ष्मण प्रसाद ने कहा कि निगम के द्वारा आग लगने की सूचना दी गई, जिसके बाद पहले मकान को खाली कराने को कहा। उसके बाद तीन दमकल वाहन के साथ मौके पर पहुंचे।

# ट्राईकोडर्मा, कार्बेंडाजिम, बोरोन, इमिडाक्लोरोप्रिड, पीएसबी, नीम तेल, फोरमैन ट्रैप का किया गया वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** शनिवार 15 फरवरी 2025 को पौधा संरक्षण विभाग (धनबाद) के द्वारा बलियापुर कृषि उत्थान महिला प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के सदस्यों को फसल सुरक्षा योजना के अंतर्गत ट्राईकोडर्मा, कार्बेंडाजिम, बोरोन, इमिडाक्लोरोप्रिड, ढरइ, नीम तेल, फोरमैन ट्रैप, का वितरण किया गया। इस दौरान दीदियों को कीटनाशक के प्रयोग करने की विधि को डेमो कर दिखाया गया। डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से खेती से जुड़े लोगों को उत्साह वर्धन के साथ-साथ प्रोत्साहन भी मिलता है। उन्होंने कहा कि दीदियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह भी एक अच्छी पहल है।

मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर राजीव डॉक्टर सीमा सिंह और खरछढर के जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेश रंजन, राजीव कुमार पांडे, और प्रखंड स्तरीय प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक शम्भु विश्वाश मुख्तार अंसारी और कंपनी के सीईओ राजीव रंजन सिंह, और निदेशक शोभा रानी महतो, अनीता देवी , रेणुका मलिक, के साथ सैकड़ों किसान दीदी उपस्थित थी।

# प्रदेश प्रभारी राजू को कांग्रेस से जुड़े अधिवक्ताओं ने दी बधाई



**धनबाद :** कांग्रेस पार्टी से संबंध अधिवक्ताओं ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी राजू को बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में धनबाद के अधिवक्ताओं ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी राजू को बनाए जाने पर खुशी एवं आभार प्रकट करते हुए बधाई दी। ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि राजू जी पहले से झारखंड से परिचित है वह पहले से झारखंड में एससी, एसटी, ओबीसी, माइनॉरिटी के कोऑर्डिनेटर के तौर पर कई बार झारखंड का दौरा कर चुके हैं पिछले लोकसभा एवं विधानसभा में भी झारखंड में काफी समय दिए है जिसका परिणाम है कि झारखंड में लोकसभा में भी हमारे सीटों की बढ़ोतरी हुई है एवं विधानसभा में हमने दुबारा सरकार बनाया है। राजू जी को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रभारी बनाये जाने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव के.सी वेणुगोपाल का बहुत-बहुत आभार। के राजू को झारखंड का प्रभारी बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों में मुख्य रूप से अधिवक्ता ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, मनोज यादव, मोहम्मद सौलत दाऊद उर्फ गुड्डू, रमेश राय, इंद्रदेव मंडल, सुमित अरोड़ा, सुदीप अड़ी, आमिर सुजा, अमित पांडे प्रमुख थे।

### कोयलांचल पत्रकार संघ ने दिवंगत पत्रकार की 8वीं पुण्यतिथि मनायी

**पाथरडीह (धनबाद) :** कोयलांचल पत्रकार संघ के केन्द्रीय कार्यालय शालीमार में दिवंगत पत्रकार स्वः अजित श्रीवास्तव की 8वीं पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम संघ के संस्थापक मो.मुख्तार अहमद तथा महामंत्री राहुल मिश्रा द्वारा उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया। तत्पश्चात सभी सदस्यों ने पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। संस्थापक मुख्तार अहमद तथा महामंत्री राहुल मिश्रा ने कहा की स्वः अजित श्रीवास्तव संघ के शुरूआती दौर से हमारे साथ थे। संघ की बुनियाद में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। उनके जाने से संघ को अपूरणीय छति हुई है।

# 28वां वार्षिकोत्सव व श्याम मंदिर झरिया में प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ शुरू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** शक्ति मंदिर का 28 वां प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव गणेश पूजन के साथ शनिवार को प्रारम्भ हुआ। पूजन पुजारी पण्डित बद्री नारायण पांडे एवं उनके सहयोगियों ने किया। पूजन के यजमान अशोक अरोड़ा एवं उनकी धर्मपत्नी पूजा अरोड़ा हैं। हनुमान जी का पूजन कर स्थापना की गई। संध्या के समय हवन एवं गणेश जी को १००१ दूर्वा चढ़ाया गया। मन्दिर को फूलों से सजाया गया है, भारी संख्या में श्रद्धालु पूजा में शामिल हुए। व्यवस्था सुचारु रहे भक्तों को कोई परेशानी ना हो उसको ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष एसपी सोंधी, उपाध्यक्ष राजीव सचदेव, सचिव अरुण भण्डारी, संयुक्त सचिव सुरेन्द्र अरोड़ा, सह कोषाध्यक्ष दिनेश पुरी, कार्यकारिणी सदस्य रवि गंडोतरा, राहुल भण्डारी प्रबन्धक ब्रजेश मिश्र, उप प्रबंधक गौरव अरोड़ा, जगदीश लाल अरोड़ा ललित बत्ता, जितेंद्र मालाकर, धर्मेन्द्र कुमार, सतेन्द्र मालाकर शक्ति मन्दिर की पूरी कमिटी, पुजारीगण, प्रबंधन समिति, सेवादार समिति सदस्य सेवा कार्य में लगे हुए हैं। श्री श्याम मंदिर झरिया धाम में शिव परिवार एवं माता शीतला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह 15 फरवरी शनिवार से शुरू हुआ। शनिवार को वेदी पूजन माता शीतला एवं शिव परिवार का, जलाधिवास, अन्नाधिवस पुजारी कैलाश पांडे, गोपाल पांडे अशोक पांडे, जितेंद्र पांडे और संतोष पांडे के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चरणों के साथ संपन्न कराया गया। मुख्य यजमान के रूप में रघुवीर गोयल, सरिता अग्रवाल, शिव कुमार अग्रवाल, संतोष अग्रवाल एवं मंदिर कमेटी के समस्त कार्यकर्ता मौजूद थे।

### हनुमान मंदिर प्रांगण में अखण्ड कीर्तन सम्पन्न

**अलकडीहा (धनबाद):** जयरामपुर भैंस मोड़ स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में 24 घंटा का अखण्ड कीर्तन का शनिवार को संपन्न हो गया। यजमान के रूप में बायुधा यादव एवं उनकी पत्नी थी। दुलाल पंडित ने पूजा अर्चना सम्पन्न कराया। उदय यादव ने अपनी सुन्दर गायिकी से लोगो को झूमने पर बाध्य कर दिया। पूरी मंडली ने 24 घंटा का अखंड कीर्तन शुक्रवार को शुरू कर शनिवार को सम्पन्न किया। समापन के बाद आरती गायन तथा होली गीत का भी आयोजन किया। यह अखंड प्रत्येक वर्ष 14 फरवरी को प्रारंभ होता है एवं 15 फरवरी को समापन किया जाता है। समापन के बाद खिचड़ी भोग लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बजरंगबली कमेटी एक माह पहले से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सक्रिय हो जाती है। कमेटी में भोला यादव, दसरथ यादव, रविन्द्र यादव, ब्रम्भ देव यादव, राजेंद्र सिंह, बहादुर कुशवाहा, बबलु यादव, आदि सक्रिय थे।

# गोपीनाथपुर कोलियरी में जारी धरना हुआ समाप्त, मजदूरों को बेरोजगार करने का षड्यंत्र रचा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद/निरसा :** निरसा के गोपीनाथपुर कोलियरी प्रकरण में बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के बैनर तले पिछले 2 महीने से जारी धरना प्रदर्शन आज समाप्त हो गया। धरना समाप्ति की घोषणा करने के लिए एक सभा का आयोजन किया गया था। जिसमे निरसा की पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, निरसा मुगमा ईसीएल क्षेत्रीय कार्यालय के महाप्रबंधक ओम प्रकाश चौबे के साथ साथ जीसीपीएल के अधिकारीगण, भाजपा निरसा मंडल के कार्यकर्ता तथा सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभा को सम्बोधित करते हुए ईसीएल महाप्रबंधक ओम प्रकाश चौबे ने कहा की आपलोगों की सभी शर्तों को मान लिया गया है। पूर्व में कार्यरत किसी भी व्यक्ति को बिठाया नहीं जायेगा, वह अपना काम जारी रख सकेंगे। मौके पर पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा की इस कड़ाके की ठंड में पिछले 16 दिसंबर 2024 से लगभग दो महीने से भाजपा समर्थित गोपीनाथपुर कोलियरी बेरोजगार संघर्ष मोर्चा द्वारा अपने 6 सूत्री मांगों को लेकर संघर्ष किया जा रहा था। सत्ता पक्ष द्वारा ओसीपी में कार्यरत स्थानीय मजदूरों को बेरोजगारों करने की बहुत बड़ा षड्यंत्र रचा गया किंतु उनको विफलता हाथ लगी। निरसा मुगमा ईसीएल क्षेत्रीय कार्यालय में महाप्रबंधक ओम प्रकाश चौबे के साथ 6 सूत्री मांगों को लेकर कई चरणों में वार्ता किया गया परंतु लिखित में जवाब न मिलने के कारण वार्ता विफल रहा। अंततः आज ईसीएल प्रबंधन की ओर से लिखित में हमारी 6 सूत्री मांगों को स्वीकार किया गया। यह जीत मजदूरों के संघर्ष की जीत हैं, नौजवानों को रोजगार मिले और उनके सपने साकार हों यही हमारी प्राथमिकता है।

### संयुक्त संघर्ष समिति का सिन्दरी में एक दिवसीय महाधरना 18 को



**सिन्दरी/धनबाद :** सीपीआई(एम) सिंदरी बलियापुर लोकल कमिटी की विस्तारित बैठक रांगामाटी में संपन्न हुई। जिसमें सिंदरी में आवास की समस्या को लेकर एफसीआई प्रबंधन की तुगलकी फरवान के खिलाफ संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा आगामी 18 फरवरी को एक दिवसीय महाधरना को सफल बनाने का फैसला लिया गया। लोकल कमिटी के सचिव विकास कुमार ठाकुर ने कहा कि एफसीआई केंद्र सरकार के अधीन है। इसका फैसला दिल्ली में बैठकर लिया जाता है, एफसीआई सिंदरी का भूभाग केंद्र सरकार कॉरपोरेट घराने को सौंपने की तैयारी कर रही है, इसीलिए यहां के आवासों में रहने वाले सिंदरीवासियों को किसी प्रकार हटाने की साजिश रच रही है। बैठक की अध्यक्षता बलियापुर शाखा सचिव समीरन विद, संचालन लोकल कमिटी सचिव विकास कुमार ठाकुर ने किया। बैठक में सिंदरी एक के शाखा सचिव गौतम प्रसाद, सिंदरी शाखा दो के सचिव सूर्य कुमार सिंह, सिंदरी शाखा तीन के सचिव राज नारायण तिवारी, सुबल चंद्र दास, महिला समिति की अध्यक्ष रानी मिश्रा, सचिव मिठू दास, संयुक्त सचिव रंजू प्रसाद, उपाध्यक्ष सविता देवी, नरेंद्र नाथ दास, शिबू राय, प्रमोद कुमार सिंहा आदि मौजूद थे।

# मंदारगिरि को कहा जाता है अंग क्षेत्र का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल

**जैन** धर्म में 24 तीर्थंकर हुए और उन्हीं में 12 वह तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य स्वामी हैं, जिनका पांचों कल्याणक बिहार प्रांत के चम्पानगरी में है। पांच कल्याणक में गर्भ और जन्म भागलपुर जिला के चम्पापुरी में हुआ, जिस कारण स्थानीय लोग चम्पापुर को नाथनगर भी कहते हैं। प्राचीनकाल में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ (ऋषभदेव) जी के समय विभाजित 52 जनपद में से यह चम्पानगरी क्षेत्र अंग जनपद के नाम से प्रसिद्ध रहा है। इसलिए मंदारगिरि को अंग क्षेत्र का प्रसिद्ध पर्यटन स्थली कहा जाता है। यह चम्पानगरी प्राचीन समय में एक विराट नगर थी, जो वर्तमान में विभिन्न जिलों में विभाजित है। इसमें भगवान वासुपूज्य स्वामी की नगरी में प्रमुख चम्पापुरी और मंदारगिरि है। भगवान वासुपूज्य स्वामी जन्म से ही वैरागी थे। वह वैराग्य अवस्था में भ्रमण के क्रम में चम्पापुरी से मंदारगिरि पहुंचे थे। वहां उन्होंने तप कर केवल ज्ञान और मोक्ष को प्राप्त किया। ये तीन कल्याणक बिहार प्रांत के बांका जिला मंदारगिरि में हुआ। इस कारण जैन धर्मावलम्बी भगवान वासुपूज्य के क्रमशः तप कल्याणक, ज्ञान कल्याणक और मोक्ष कल्याणक मंदारगिरि को कहते हैं। भगवान वासुपूज्य का जन्म चम्पापुरी के इक्ष्वाकु वंश के महान राजा वसुपूज्य की पत्नी जया देवी के गर्भ से फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की




चतुर्दशी को शतभिषा नक्षत्र में हुआ था। भगवान वासुपूज्य ने फाल्गुन अमवस्या तिथि को ही दीक्षा प्राप्त की थी। दीक्षा प्राप्त के पश्चात माघशुक्ल दितीया के एक माह की छदमस्थ साधना कठिन तप करने के बाद पाटल वृक्ष के नीचे वासुपूज्य स्वामी को कैवल्य ज्ञान की प्राप्ति हुई थी।

उन्होंने अपने अहिंसात्मक ज्ञान और विचार को पूरे संसार के बीच बांटा। जैन धर्म के अनुसार भगवान वासुपूज्य के शरीर का वर्ण लाल और चिह्न भैंसा था। इनकी ऊंचाई लगभग 70 धनुष थी। वासुपूज्य जन्म से ही वैरागी थे, इसलिए इन्होंने वैवाहिक प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया। राजपद से इनकार कर साधारण जीवन व्यतीत किया। फाल्गुण कृष्ण अमावस्या को वासुपूज्य भगवान ने प्रवज्या में प्रवेश किया। भगवान वासुपूज्य जी ने भाद्रपद शुक्ल चतुर्दशी के दिन मनोहर उद्यान में 94 मुनियों के साथ मंदारगिरि से मोक्ष को प्राप्त किया। पौराणिक कथा के अनुसार वर्तमान में पापहरणी कहा जानेवाला मंदारगिरि तलहटी मनोहर सरोवर के नाम से जाना जाता है। उसी के नाम से वासुपूज्य की निर्वाण भूमि मनोहर उद्यान कहलायी। भगवान वासुपूज्य स्वामी ने दीक्षा के पश्चात प्रथम आहार मंदारगिरी में ही लिया था। वह आज मंदारगिरि में मनोहर उद्यान के रूप में बारामती मंदिर के नाम से अवस्थित है। जैन धर्म ग्रन्थ के अनुसार इनके धर्म पररवार में 62 प्रमुख गन्धर, जिसमें 72 हजार श्रमण, 01 लाख श्रमणीया, 02 लाख 15 हजार श्रावक एवं 04 लाख 36 हजार श्राविकाएं थीं। जैन समुदाय के अनुसार भगवान वासुपूज्य हिंसा के निंदक थे। उनका मानना था कि अपने स्वार्थ के लिए अनेक मूक पशुओं की बलि चढ़ाना अज्ञानपूर्ण एवं



क्रूरतापूर्ण कार्य है। यह प्रतिबंध होना चाहिए, ईश्वर इस हिंसक कार्य, रक्त प्रवाह से खुश नहीं होते, क्योंकि ईश्वर तो प्रेम प्रवाह से प्रसन्न होते हैं। मंदारगिरि के बौंसी बाजार स्थित एक विशाल ऊंचे

शिखर का दिगम्बर जैन मंदिर है, जो तीर्थयात्रियों को काफी आकर्षित करता है। यह मंदिर का शिखर लगभग 05 किलोमीटर मेन रोड से ही नजर आता है। मंदिर की बाहरी ओर कांच की नक्काशी की गयी है, जो बहुत ही खूबसूरत लगती है। बताया जाता है कि यह मंदिर और इसकी नक्काशी सदियों प्राचीन हैं, जो आकर्षण का केन्द्र बन चुके हैं। इसी मंदिर से 500 मीटर की दूरी पर पूर्ण पत्थर से निर्मित मंदिर बारामति मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है, पूर्ण पत्थर से निर्मित होने के कारण इसे लोग पत्थर मंदिर के नाम से भी जानते हैं। मंदार पर्वत शिखर स्थित भगवान वासुपूज्य की कल्याणक स्थली पर बना दिगम्बर जैन मंदिर का शिखर पर्वत की शोभा बढ़ाता है, जो कई किलोमीटर दूर से ही प्रतीत होता है।

## एक्टर नहीं बनते, तो एयर कंडीशनर और रेफ्रिजरेटर ठीक करते ऋतिक



**साल** 2000 में सुपरस्टार ऋतिक रोशन ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म कहो ना प्यार है से की। इस फिल्म ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। ऋतिक रोशन के पिता राकेश रोशन खुद एक अभिनेता और निर्देशक रह चुके हैं, जिन्होंने अपने करियर में कई संघर्षों का सामना किया। वह नहीं चाहते थे कि ऋतिक भी उसी कठिन रास्ते से गुजरें।

इसी सिलसिले में मशहूर लेखक कादर खान ने उन्हें यदि ऋतिक स्पेशल इफेक्ट्स में उन्हें मुंबई के भागुभाई पॉलिटेक्निक दाखिला लेना चाहिए। ऋतिक ने इस करते हुए बताया कि जब उनके पिता ने सुनाया तो वे बेहद हैरान हो गये। उन्होंने अंदाज में कहा था कि जब उन्हें बताया गया में एयर कंडीशनर और रेफ्रिजरेटर ठीक करना सिखाया जायेगा, तो वह चौंक गये। हालांकि, ऋतिक ने अपने सपनों के साथ कोई समझौता नहीं किया और अपनी मेहनत और लगन से बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बनायी। 'कहो ना प्यार है' की जबरदस्त सफलता के बाद वह सुपरस्टार बन गये, लेकिन करियर की राह इतनी आसान नहीं थी। शुरुआती सफलता के बाद ऋतिक को लगातार कई असफल फिल्मों का सामना करना पड़ा, जिससे वे मानसिक रूप से भी परेशान रहने लगे। अभिनेत्री अमीषा पटेल ने भी एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि उस दौर में ऋतिक काफी चिन्तित रहते थे। इस कठिन दौर के बावजूद ऋतिक ने हार नहीं मानी और कोई मिल गया, धूम 2, जोधा अकबर जैसी फिल्मों के जरिये अपनी शानदार वापसी की। आज वह न सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता, बल्कि भारत के सबसे फिट और हैंडसम स्टार्स में से एक माने जाते हैं। ऋतिक की यह कहानी दर्शाती है कि अगर व्यक्ति में जुनून और मेहनत करने की इच्छाशक्ति हो, तो वह किसी भी चुनौती को पार कर सकता है। बताया जा रहा है कि फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले उनके पिता राकेश रोशन ने उन्हें अभिनय के अनिश्चित भविष्य को लेकर आगाह किया था और एक बैकअप प्लान तैयार रखने की सलाह दी थी।

अभिनेता और सलाह दी थी कि रुचि रखते हैं, तो कॉलेज में घटना को याद यह निर्णय मजाकिया कि इस कॉलेज

## भारत के 05 सबसे सस्ता कपड़ा मार्केट

# कीमत इतनी कि हैरान रह जायेंगे आप !

**हम** भारतीय खरीदारी करते समय पैसे कैसे बचाये जायें, इस पर ज्यादा फोकस करते हैं। चाहे वह घरेलू सामान हों, कपड़े हों, गहने हों या जेवर। ऐसे में आज हम ऐसे 05 बाजार के बारे में बता रहे हैं, जहां कपड़े खरीदना लाभ का सौदा हो सकता है। इनमें ऐसा भी कपड़े का मार्केट है, जहां किलो के हिसाब से कपड़े मिलते हैं, जिनके सामने आम-सेब भी महंगे लगने लगेंगे। ...तो, चलिए इनके बारे में जानते हैं।

**1. सुजाता मार्केट, बैंगलुरु**

**सुजाता** मार्केट, बैंगलुरु के श्रीरामपुरम में लगता है। यहां व्यापारी तौलिये और चादरें से लेकर कपड़े और धागे के स्पूल तक बना रहे हैं। यहां सभी की चीजें किलो के हिसाब से बेची जाती हैं। यहां लगभग 100 रुपये प्रति किलो के भाव में डेनिम शर्ट मिल जायेगी। वहीं, टॉप स्टाइल फैशन के कपड़े 200 रुपये प्रति किलो से अधिक में मिल जायेंगे।

**2. कोलकाता में बुरार्बाजार होलसेल गारमेंट मार्केट**

**बड़ा** बाजार कोलकाता का सबसे पुराना थोक बाजार है। स्थानीय नागरिक बड़ा बाजार को बोरो बाजार और बड़ा बाजार भी कहते हैं। ब्रिटिश काल में, बड़ाबाजार शहर में अपने अच्छे कपड़े और पारम्परिक गाउन निमार्ताओं के लिए जाना जाता था। ये सोमवार से शनिवार - सुबह 10 बजे से रात 09 बजे तक खुलता है।

**3. दिल्ली का सरोजिनी नगर मार्केट**

**सरोजनी** नगर दिल्ली की ही नहीं, बल्कि भारत का सबसे फेमस मार्केट है। यहां आपको एक से बढ़ कर एक खूबसूरत और सस्ते कपड़े मिल सकते हैं। सरोजिनी नगर मार्केट में लड़कियों के कपड़े, ज्वैलरी और जूते आदि मिलते हैं। सरोजिनी नगर में थोक शॉपिंग करना बहुत ही फायदेमंद और कम खचीर्ला साबित हो सकता है।

**4. जयपुर का जोहरी और बापू बाजार**

**जयपुर** का जोहरी बाजार अपने शानदार ड्रेस कलेक्शन के लिए देश भर में प्रसिद्ध है। इस बाजार में आपको राजस्थानी कपड़े, लहंगे, दुप्पटे, ज्वैलरी और जूती आदि मिलेगी। यह बाजार बहुत सस्ता नहीं है, लेकिन आप बार्गेन करके सस्ती खरीदारी कर सकते हैं। जोहरी बाजार के पास ही बापू बाजार है, यहां भी आपको राजस्थान की पारम्परिक कला से सम्बन्धित एक से बढ़ कर एक खूबसूरत चीजें मिल जायेंगी।

**5. मटियाब्रुज में जब्बार गारमेंट हाट**

**जब्बार** हाट एशिया का सबसे बड़ा रेडीमेड गारमेंट होलसेल मार्केट है। यह बाजार उन व्यापार मालिकों के लिए उपयुक्त है, जो बड़ी मात्रा में खरीदारी करना चाहते हैं। जब्बार हाट के आसपास आपको हर जगह थोक की दुकानें मिल जायेंगी। आप अक्सर लड़कों और लड़कियों के लिए रेडीमेड गारमेंट्स की बड़ी मात्रा में खरीदारी करते हैं। खरीदारों को आकर्षित करने के लिए यहां के जब्बार हाट में दुकानदार सस्ते दामों पर सामान बेचते हैं।




**बात पते की**

## सीढ़ियों के नीचे न बनवायें टॉयलेट, होता है बहुत नुकसान

**जिस** तरह से घरों में हर स्थान का अपना एक विशेष महत्त्व होता है, उसी तरह हमारी दिनचर्या को नियमित रखने के लिए टॉयलेट भी बहुत ज्यादा महत्त्वपूर्ण होता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में टॉयलेट और बाथरूम का सही स्थान होना बेहद जरूरी होता है। क्योंकि, वास्तु शास्त्र के मुताबिक घर में टॉयलेट या बाथरूम का स्थान समग्र ऊर्जा प्रवाह और घर में रहनेवाले सदस्यों की समृद्धि पर काफी प्रभाव डाल सकता है।

वास्तु शास्त्र में घर की कुछ निश्चित दिशाएं और स्थान टॉयलेट के लिए भी निर्धारित किये गये हैं। वहीं, कुछ ऐसे स्थान के बारे में भी बताया गया है, जहां पर भूल कर भी टॉयलेट का निर्माण नहीं करवाना चाहिए। अगर घर में सीढ़ियों के नीचे टॉयलेट होता है, तो व्यक्ति को कई नुकसान झेलने पड़ सकते हैं। आइए, आज हम आपको बताते हैं कि सीढ़ियों के नीचे टॉयलेट का निर्माण क्यों नहीं कराना चाहिए और यह क्यों नुकसानदायक होता है।



**सीढ़ियों के नीचे टॉयलेट नुकसानदेह**

**वास्तु** विशेषज्ञों की मानें, तो सीढ़ियों के नीचे का स्थान निगेटिव ऊर्जा का स्थान माना जाता है। इसलिए इस जगह को खाली रखने की सलाह दी जाती है। लेकिन, अगर आप सीढ़ियों के नीचे टॉयलेट बनवाते हैं, तो इसका प्रभाव घर के सदस्यों की सेहत पर भी देखने को मिल सकता है।

वास्तु शास्त्र के अनुसार, सीढ़ियों के नीचे की जगह को बेहद अशुभ माना जाता है। इसलिए इस जगह का उपयोग नहीं करने की सलाह की जाती है। सीढ़ी के नीचे टॉयलेट बनाने से घर में विद्युत प्रवाह पर भी नकारात्मक असर पड़ सकता है। सीढ़ियों के नीचे टॉयलेट होने से स्वास्थ्य समस्याएं, धन हानि और एक्सीडेंट व चोटें आदि भी लग सकती हैं।

**आर्थिक नुकसान**

**वास्तु** के अनुसार, सीढ़ियों के नीचे का स्थान विकास और वित्तीय स्थिरता का प्रतिनिधित्व करता है। सीढ़ियों के नीचे टॉयलेट होने से व्यक्ति को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही, धन-समृद्धि की वृद्धि में भी समस्या पैदा हो सकती है।

**स्वास्थ्य समस्याएं**

सीढ़ियों के नीचे टॉयलेट होने से निगेटिव एनर्जी पैदा हो सकती है। साथ ही, घर के सदस्यों की हेल्थ प्रभावित हो सकती है। परिवार के सदस्यों को सांस, पाचन सम्बन्धी समस्या और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

वहीं, घर के मुखिया के जीवन में सेहत सम्बन्धी समस्या देखने को मिल सकती है।

**दुर्घटनाओं का कारण**


**घर** में सीढ़ियों के नीचे टॉयलेट होने की वजह से परिवार के सदस्यों का एक्सीडेंट सम्भव है। उन्हें चोटें लग सकती हैं। वास्तु के अनुसार, सीढ़ियों के नीचे की जगह अस्थिर और असुरक्षित मानी जाती है।

**घर में टॉयलेट की सही दिशा**

**वास्तु** के अनुसार, हमेशा घर के उत्तर-पश्चिम या दक्षिण-पूर्व दिशा में टॉयलेट का निर्माण कराना चाहिए। लेकिन, भूल कर भी घर की ईशान कोण दिशा में टॉयलेट नहीं बनवाना चाहिए। क्योंकि, ईशान कोण दिशा देवताओं की मानी जाती है। सही दिशा में टॉयलेट होने से व्यक्ति के जीवन में समृद्धि आती है।

## ऑफिस के बाद नहीं करना पड़ेगा काम, बॉस का कॉल भी कर सकेंगे नजरअंदाज !

**दफ्तर** का काम समाप्त होने के बाद शायद ही कोई व्यक्ति होगा, जो काम करना चाहता हो। लेकिन, यदि बॉस का कॉल आ जाये और वह कोई काम बता दें, तो उसे पूरा करना मजबूरी हो जाती है। ऐसे अवसर पर बहुत से लोग बॉस का फोन नजरअंदाज करते हैं, जिसका खमियाजा उन्हें दिन भुगतना पड़ता है। लेकिन, अब ऑस्ट्रेलिया में रहनेवाले लोगों को ऑफिस के बाद बॉस का फोन नजरअंदाज करने का कोई खमियाजा नहीं भुगतना पड़ेगा।



दरअसल, ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने एक कानून पेश करने की तैयारी कर रही है। यह कानून कर्मचारियों को ऑफिस के बाद बॉस के अनुचित कॉल और संदेशों को बिना दंड के अनदेखा करने का अधिकार देगा। इतना ही नहीं, सरकार ने इस कानून के नियम का उल्लंघन करने वालीं कम्पनियों पर जुमार्ना भी लगाने की बात कही है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार 'डिस्कनेक्ट करने का अधिकार' विधेयक पेश करनेवाली है। यह विधेयक सरकार द्वारा प्रस्तावित औद्योगिक संबंध कानूनों में बदलाव का हिस्सा है। 'डिस्कनेक्ट करने का अधिकार' कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा करेगा और कार्य-जीवन संतुलन को बहाल करने में मदद करेगा। ऐसे ही कानून फ्रांस, स्पेन और यूरोपीय संघ के अन्य देशों में पहले से ही मौजूद हैं।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। | **तुला** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। |
| **वृष** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। | **वृश्चिक** शत्रुभय, चिन्ता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। |
| **मिथुन** व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की सम्भावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। | **धनु** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जायेगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जायेगी। |
| **कर्क** अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जायेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। | **मकर** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। |
| **सिंह** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। | **कुंभ** आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जायेगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किये जा रहे काम में लाभ मिल जायेगा। |
| **कन्या** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। | **मीन** बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जायेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। |

# आइये ! अपने सोचने के ढंग को बदलें



**राजीव थेपड़ा**

**हम** में से सबको जिन्दगी में बहुत बाहर ऐसा महसूस होता है कि हम अपनी तमाम योग्यताओं के बावजूद जो डिजर्व करते हैं, वह पा नहीं सके। इतना ही नहीं, अपितु बजाय हमारे, हमसे बहुत ही कम मेहनती और कम योग्यता वाले, बल्कि योग्यता-विहीन लोग हमसे बहुत आगे निकल गये हैं और ऐसा एक बार नहीं कई बार होता है, जब साफ-साफ महसूस होता है कि बहुत सारे मायनों में हम अपने प्रतिद्वंद्वियों से बहुत बेहतर हैं। उसके बावजूद हमें वह मुकाम या वह प्लेटफार्म नहीं मिला, जिसके कि हम हकदार थे और इसके बनिस्बत हमारे वे प्रतिद्वंदी न केवल हमसे बहुत आगे बढ़ गये हैं, बल्कि उन्हें उनकी डिजर्वनेस से बहुत ज्यादा मिल गया।

इसका कारण महज यह है कि सफलता के जो पैमाने हमने अपने जीवन में तय किये हैं, वे हमारी ऐसी ही भौतिक उपलब्धियों की कसौटी पर आंके जाते हैं।...और, हमारी कसौटियां यही हैं कि हमने कितना कमा लिया है। हमारे पास भौतिक सुख-सम्पदा के रूप में कितना कुछ है और हम कितने ऐश्वर्या ऐश्वर्यवान हैं। सच कहा जाये, तो सफलता का पैमाना यह कतई नहीं होना चाहिए ; बल्कि यह होना चाहिए कि हम कितने संतुष्ट हैं, कितने सुखी हैं और कितना स्मूथ जी रहे हैं। इसका ठीक उल्टा हम अपने आप को बुरी तरह प्रतिस्पर्द्धी बनाते हुए एक तरह का यंत्र बन कर जीते चले जाते हैं, जिसका दरअसल कोई मतलब होरा ही नहीं !

...और, जिस यंत्र का काम सिर्फ और सिर्फ पैसे उगलते जाना है, इसके सिवाय कुछ नहीं ऐसे यांत्रिक जीवन को एक्क्षुअली जीवन तो कहा ही नहीं जा सकता। कहा जाना भी नहीं चाहिए।

एक्क्युअली सफलता का पैमाना तो हम सब ने एक ही समझा हुआ है और अपने निकटतम व्यक्ति से लेकर दूर-दूर तक जहां तक भी देख पाता हूं, उन सबका पैमाना यही दिखाई देता है और उसी के चलते इस तरह की बात मन में आती है। इसमें हम सभी शामिल हैं। लेकिन, हमने ऐसे ही जीवन को जीवन मान लिया है ! इसीलिए हमें हमसे आगे बढ़ गये अन्य लोगों को देख कर ऐसा लगता है कि हम पिछड़ गये हैं। हालांकि, ऐसा होता नहीं है ! हमारा आनन्द, हमारा सुख, हमारा स्वास्थ्य और हमारा जीने का तरीका, एक्क्युअली इंपॉर्टेंस इन चीजों की है ; न कि पैसों की !...और, आगे बढ़ गये, ऐसा सोचने का मतलब ही यही है कि उसके पास बहुत पैसा आ गया है, तो वह सफल हो गया है।

देखा जाये, तो हम सबके साथ या हममें से बहुत के साथ एक सबसे बड़ी बात तो यही है कि सम्भवत हमें करना कुछ और था और हम कर कुछ और रहे हैं। हमारे जीवन की सबसे बड़ी विडम्बना यही होती है, जिसके चलते वैसे तो बेशक हम अपने बिंदास स्वभाव के चलते जीवन बहुत अच्छी तरह निभा ले जाते हैं, लेकिन जो करना चाहते थे, वह नहीं कर पाने का मलाल हमेशा यानी जीवन भर हमें बना ही रहता है।

एक्क्षुअली मर्म यह है कि हम सभी शक्ति चाहते हैं और शक्ति बहुत तरह से आती है, किन्तु आर्थिक शक्ति हर तरह की शक्ति को अपने साथ खींच लेती है। एक्क्षुअली आदमी को चाहत तो शक्ति की ही होती है और इस युग में लीगल शक्ति आर्थिक ही है। क्योंकि, बाहुबली होना तो अपने आप में एक तरह का अनैतिक कर्म हो जाता है। लेकिन, आर्थिक रूप से सबल होना या बहुत ही उन्नत होना आपको न केवल इज्जत प्रदान करता है, बल्कि अनेकानेक रसूखदारों के साथ होने के अवसर (जिसे हम गौरव भी समझते हैं) भी प्रदान करता है और ऐसी शक्ति हर कोई चाहता है। लेकिन, यह हर किसी को मिलती नहीं और यही हमारा असंतोष है, जिसका सामान्य अर्थों में कोई उपाय नहीं ! हां , अध्यात्म की ओर मुड़ें, तो इसका कोई अर्थ ही नहीं है !!

...तो, मेरा ख्याल है कि हमें इस तरीके से सोचना बंद करना चाहिए, क्योंकि यह तरीका बिलकुल फिजूल है और इस फिजूल सोच को सोचने से हमारे अन्दर निष्कर्ष भी फिजूल ही निकलते हैं और ऐसे निष्कर्ष हमें एक्क्षुअली नेगेटिव रूप में उद्वेलित करते हैं।लेकिन, ऐसा कतई नहीं होना चाहिए।...तो, फिर आज से हम अपने सोचने के तरीकों को बदलना शुरू कर दें, यही हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहतर होगा और जब हमारा मानसिक स्वास्थ्य सुन्दर होगा, तो हमारा जीवन भी अपने आप सुन्दर हो जायेगा !! अस्तु !!

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक**: नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)**: विष्णु शंकर उपाध्याय*। दूरभाष 0651–3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### पुलिस ने गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार

**अररिया** : बसमतिया थाना पुलिस ने एसएसबी के साथ मिलकर शनिवार को 33 किलो गांजा के साथ एक नेपाली तस्कर को गिरफ्तार किया।गुप्त सूचना पर बसमतिया थानाध्यक्ष अमर कुमार के नेतृत्व में बसमतिया थाना पुलिस और एसएसबी के जवानों ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की।कार्रवाई भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में पीलर संख्या 197/4 भैरोगंज के पास की गई। गिरफ्तार तस्कर नेपाल के सुनसरी जिला के राजवास चकरा ठारी वार्ड संख्या आठ का रहने वाला 22 वषीय दीपेंद्र मोची पिता राजकुमार मोची है।बसमतिया थानाध्यक्ष अमर कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ करने और प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई करने की बात कही।

### शेख तैयब ने झारखंड स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से की मुलाकात

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब ने झारखंड स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान शेख तैयब ने मंत्री को पुष्प भेंट किया। वही मौके पर बातचीत के दौरान हजारीबाग क्षेत्र में चल रही स्वास्थ्य समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान झारखंड स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने उन्हें आश्वासन देते हुए कहा कि सभी समस्याओं का जल्द ही निवारण किया जाएगा। झारखंड सरकार जनता के हित में अनेकों कार्य काम कर रही है। जिसका फलस्वरूप लोगो को मिल रहा हैं।

### पूर्व बाहुबली अनन्त सिंह को सेशन कोर्ट से झटका

**पटना** : पटना स्थित बेउर जेल में बंद मोकमा के पूर्व बाहुबली विधायक अनंत सिंह को आज पटना की सेशन कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने अनंत सिंह की जमानत याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलिल सुनने के बाद कहा कि अनंत सिंह को जमानत नहीं दी जा सकती है। ऐसे में अब अनंत सिंह को जमानत के लिए पटना हाई कोर्ट का रूख करना होगा। मोकामा के पंचमहला थाना क्षेत्र में बीते 22 जनवरी को हुई गोलीबारी मामले में अनंत सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, जिसके बाद उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया था। सरेंडर करने के बाद कोर्ट ने अनंत सिंह को बेऊर जेल भेज दिया था। न्यायिक हिरासत की अवधि पूरी होने के बाद अनंत सिंह ने जमानत के लिए कोर्ट में अजी लगाई। बीते 5 फरवरी को अनंत सिंह की नियमित जमानत अजी पर एमपी–एमएलए की विशेष न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में सुनवाई हुई थी।

### जीविका दीदी से 2.15 लाख छिनतई मामले का उद्भेदन, दो गिरफ्तार

**अररिया** : फारबिसगंज थाना क्षेत्र में फुलवरिया हाट के समीप 11 फरवरी को हुए दिनदहाड़े 2.15 लाख रूपये की छिनतई के मामले का पुलिस ने खुलासा कर लिया है।घटना की मुख्य सूत्रधार केस करने वाली शिकायतकर्ता जीविका दीदी ही निकली।उन्होंने ही जीविका स्वयं सहायता समूह की पैसे को हजम करने के लिए यह षडयंत्र रची थी।पुलिस ने मुख्य सूत्रधार जीविका दीदी टेढ़ी मुसहरी वार्ड संख्या 3 की रहने वाली 27 वषीय कंचन भारती पति सहदेव मेहता और छिनतई की घटना को अंजाम देने वाले जोगबनी थाना क्षेत्र के बैजनाथपुर वार्ड संख्या 7 के रहने वाले 32 वषीय विजय कुमार मेहता पिता रमेश मेहता को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों के पास से 2.15 लाख रूपये में से 1.69 लाख रूपये, वादिनी का छीना हुआ पर्स और उसमें रखे उसके मोबाइल,घटना में प्रयुक्त एक्सट्रीम बाइक,हेलमेट,दो मोबाइल,एक अन्य बाइक,घटना में प्रयुक्त पैंट, शर्ट, जूता आदि बरामद किया।जानकारी फारबिसगंज थाना में शनिवार को फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने दी।पुलिस ने जीविका दीदी से छिनतई की घटना का शत प्रतिशत खुलासा कर लिया है।

# बिहार के भागलपुर में तीन लोगों की हत्या, छानबीन में जुटी पुलिस



एजेंसी

**भागलपुर** : बिहार में भागलपुर जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र के मकनपुर गांव में तीन लोगों की हत्या कर दी गई है। बताया जा रहा है कि मकनपुर गांव के रहने वाले युवक छोटू ने बीते देर श्याम अपने चाचा सहित दो लोगों की हत्या कर दी। एक अन्य युवक को भी पीट-पीट कर जख्मी कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण वहां एकत्रित हुए। फिर आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपी को बांधकर जमकर पीटा। उधर घायल आरोपी युवक की इलाज के दौरान जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय मायागंज अस्पताल में बीते देर रात मौत हो गई। तीन लोगों की हत्या की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। आरोपी मृतक छोटू के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि वह मानसिक रूप से बीमार था। आरोपी मृतक की पिटाई से उसके चाचा राजीव राय की गांव के बाहर में मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से जख्मी जयप्रकाश की मायागंज अस्पताल में देर रात मौत हो गई। इस घटना को लेकर डीएसपी सीटी दो राकेश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। एफएसएल की टीम भी जांच के लिए जुटी हुई है। घटना के पीछे का कारण पता नहीं चल पाया है। आरोपी की मौत हो गई है। वह मानसिक रूप से बीमार था। मानसिक रूप से बीमार युवक ने अपने चाचा की गला रेत कर हत्या कर दी। उसके चाचा के गले के ऊपर के भाग का पता ही नहीं चला है। इस बात की आशंका जताई जा रही है की धारदार हथियार से उसने चाचा राजीव राय का गला रेत कहीं फेंक दिया है। चाचा की हत्या करने के बाद देर शाम वह हाथ में डंडा लिए खुलेआम घूमने लगा। इस दौरान ग्रामीण जयप्रकाश उसे दिख गया और उसे पर डंडे से हमला कर दिया। उसे पीटने के बाद अपने दरवाजे पर बैठ मोबाइल देख रहे युवक छोटू कुमार पर भी हमला कर दिया। घटना के पीछे किसी प्रकार का कारण कोई नहीं बता पा रहा है। वहीं इस मामले को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक हृदयकांत ने बताया कि आरोपित मानसिक रूप से विक्षिप्त था। जिसने दो लोगों की बुरी तरह हत्या कर दी और एक युवक को डंडे से पीट कर पूरी तरह घायल कर दिया। जिसमें आक्रोशित ग्रामीणों ने विक्षिप्त युवक की पीट-पीटकर जान ले ली। पुलिस सत्यापन के हर बिंदु पर कार्य कर रही है। एफएसएल की टीम भी जांच प्रक्रिया में जुटी हुई है।

## एसडीपीओ ने की सदर थाने के कांडों की समीक्षा

**किशनगंज** : अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वन गौतम कुमार ने शनिवार को सदर थाने में कांडों की समीक्षा की। करीब तीन घंटे तक केस की समीक्षा की गई। जिसमें बारी बारी से कांडों की समीक्षा की गई। एसडीपीओ ने गिरफ्तारी और वारंट से लेकर केस निष्पादन की समीक्षा करते हुए वारंट, गिरफ्तारी और पेंडिग केस के निष्पादन की गति बढ़ाने का निर्देश पुलिस पदाधिकारियों को दिया।इसको लेकर स्पेशल ड्राइव चलाए जाने की बात कही।समीक्षा बैठक में केस का रिव्यु किया गया। जिसमें कुछ केस लंबित पाया गया। इस पर एसडीपीओ वन ने अनुसंधानकर्ता को निर्देश देते हुए।

## वृंदावन चंवर में एक साथ तीन महिलाओं का शव बरामद



**पूर्वी चंपारण** : जिले के चकिया अनुमंडल क्षेत्र के वृंदावन स्थित एक चंवर में शनिवार को एक साथ तीन महिलाओं का शव पानी में उपलाते हुए बरामद हुए हैं। तीनों शव सड़े-गले अवस्था में हैं,जिससे उसकी पहचान करने में काफी मुश्किल हो रही है।ऐसी आशंका जतायी जा रही है कि इन शवों को कहीं दफनाया गया था, जो अब पानी में उपलाकर बाहर आ गए हैं। इस घटना की सूचना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला हुआ है।तरह तरह की चर्चाएं हो रही है। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पुलिस की एक टीम तो पहुंची,लेकिन चकिया और कल्याणपुर थाना की पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही, जिसके कारण शवों को पानी से बाहर नहीं निकाला जा सका। इस सीमा विवाद में दोनों थाना की पुलिस देर तक उलझी रही।जिस कारण तीनो शव अभी भी पानी से निकाला नही जा सका है। इस वाकया को लेकर चकिया डीएसपी सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि घटना कल्याणपुर थाना क्षेत्र की है और इस मामले की जांच कल्याणपुर पुलिस द्वारा की जा रही है।शवों को निकालकर पोस्टमार्टम कराया जाएगा और जल्दी ही मामले का खुलासा भी कर लिया जाएगा।हालांकि घटना बेहद रहस्यमयी और भयावह प्रतीत होती है।

# बदल गया जिले के 1935 प्राथमिक विद्यालयों के मिड डे मील का मेन्यू

एजेंसी

**अररिया** : जिले के 1935 प्राथमिक विद्यालयों में मिड डे मील का मेन्यू बदल गया है। शनिवार से विद्यालयों में बदले हुए मेन्यू को लागू किया गया।बदले गए मेन्यू के तहत विद्यालयों में बच्चों को सिर्फ शनिवार को ही खिचड़ी दी जाएगी। विद्यालयों में सोमवार और गुरुवार को चावल के साथ तड़का मिलेगा। तड़का, हरी साग सब्जी युक्त होगा। शुक्रवार को चावल और लाल चना की छोला दी जाएगी। मध्याह्न भोजन योजना के निदेशक विनायक मिश्रा ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश पत्र भी जारी किया,जिसके आलोक मे अररिया जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में भी आज से मिड डे मील का मेन्यू बदल कर



खिचड़ी दी गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पीएम पोषण योजना रोहित कुमार चौरसिया नें जानकारी देते हुए बताया की अब खिचड़ी सिर्फ शनिवार को ही दी जाएगी। जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में बच्चे प्रतिदिन मिड डे मील से आच्छादित होते हैं। अभी तक विद्यालयों में शनिवार और बुधवार दो दिन बच्चों को खिचड़ी दी जाती थी लेकिन अब नए मेन्यू के अनुसार बुधवार को चावल और लाल चने की छोला बच्चों को दी जाएगी। चने की छोले में आलू भी मिला हुआ रहेगा। शुक्रवार में भी एक और बड़ा बदलाव किया गया है। अब विद्यालयों में शुक्रवार को बच्चों को पुलाव और काबुली चने का छोला नहीं दिया जाएगा। बच्चों को चावल और लाल चने की छोला ही दी जाएगी। इसके साथ ही मांसाहार का सेवन करने वाले बच्चों को एक अंडा अथवा शाकाहार का सेवन करने वाले बच्चों को मौसमी फल अलग से दिया जायेगा। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रोहित चौरसिया के अनुसार,मध्यान भोजन योजना अंतर्गत शुक्रवार को दिए जाने वाले मेनू मे शाकाहारी बच्चो के अभिभावकों से सहमति पत्र प्राप्त कर पत्र को संधारित कर कार्यालय मे सुरक्षित रखना हैं। मध्याह्न भोजन योजना के जिला समन्वयक सरोज तिवारी ने बताया कि अब विद्यालय का अनुश्रवण कॉम्बो टूल्स लिंक के माध्यम से किया जायेगा। सभी विद्यालय मे नए मेनू को दिवाल पर लिखवाने का आदेश भी निर्गत कर दिया गया है।

## जिला स्तरीय नियोजन-सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला 16 को

**कटिहार** : बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग द्वारा कटिहार में एक दिवसीय जिला स्तरीय नियोजन-सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 16 फरवरी को संयुक्त श्रम भवन डहेरिया, लेबर सेंटर परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस मेले में लगभग 10-12 स्थानीय नियोजक और 20-25 राष्ट्रीय स्तर के नियोजक भाग ले रहे हैं। मेले में भाग लेने वाले प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर के नियोजकों में एसआईएस सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विस लिमिटेड, नवभारत फर्टिलाइजर, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्राइवेट लिमिटेड, एमआरएफ लिमिटेड, आंधने प्राइवेट लिमिटेड, गुडविल इंडिया मैनेजमेंट ग्रुप ऑफ कंपनी, बीएसीईएस एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, जोमाटो इंडिया, शिवसाक्ति अग्रीटेक लिमिटेड, जी4एस सिक्योरिटी सहित स्थानीय नियोजक शामिल हैं।

# प्रमंडलीय किसान मेला सह प्रदर्शनी में कटकमसांडी से पहुंचे कृषक मित्र

- बीस सूत्री अध्यक्ष सरयू यादव ने सौंपा ज्ञापन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**कटकमसांडी** : कृषि अनुसंधान केंद्र गौरिया करमा मे आयोजित प्रमंडलीय किसान मेला सह प्रदशनी में कटकमसांडी के कृषक मित्रो ने सैकड़ो प्रगतिशील कृषको को लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज की। साथ ही प्रखंडी के बीएओ अनिराम महतो व बीटीएम अनिकेत टुडूवार, बीससूत्री उपाध्यक्ष नरसिंह प्रजापति व रंजीत यादव भी मौजूद रहे। मौके पर बीससूत्री अध्यक्ष सरयू यादव ने एनपीए व कृषि ऋण माफी को लेकर झारखंड के कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिकी को एक ज्ञापन सौंपकर अग्रेत्तर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन मे कहा गया कि सरकार द्वारा घोषित ऋण माफी को भारतीय स्टेट बैंक कटकमसांडी शाखा मानने से साफ इनकार कर रही है, जिससे किसानों में सरकार के प्रति नाराजगी है। ज्ञापन में मामले को गंभीरता से लेने की बात कही गई है। इधर कृषक मित्रों में दुर्जय प्रसाद, सतीश सिंह, विनोदानंद सिंह, दिलीप कुमार सिंह, सरयू प्रसाद मेहता, सरयू यादव, सौरभ कुमार, प्रणव चटजी, किशुन देव सिंह, महादेव साहू, सुधीर प्रसाद, उमाशंकर पांडेय सहित अन्य शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने मे अहम योगदान दिया।

# पूर्वी चंपारण जिले में 69 परीक्षा केन्द्रों पर स्वच्छ वातावरण में कदाचारमुक्त होगी परीक्षा : डीएम

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण** : आगामी 17 फरवरी से प्रारंभ हो रही बिहार मैट्रिक परीक्षा को लेकर जिले में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। परीक्षा को शांति पूर्ण वातावरण में स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त संपन्न कराने को लेकर शनिवार को डीएम सौरभ जोरवाल ने मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह में आयोजित केंद्राधीक्षक एवं पदाधिकारियो को संयुक्त रूप ब्रीफिंग करते बताया कि जिला में मैट्रिक परीक्षा कुल 69 परीक्षा केंद्रों पर संचालित की जाएगी जिसमें 73313 छात्र-छात्राएं भाग लेंगे।



परीक्षा संचालन को लेकर मोतिहारी सदर अनुमंडल में कुल 30 परीक्षा केंद्र,अरेराज अनुमंडल में 08, सिकरहना अनुमंडल में 08, पकड़ीदयाल अनुमंडल में 05, रक्सौल अनुमंडल में 05 एवं चकिया अनुमंडल में कुल 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो सीटिंग में होगी। पहली सीटिंग 9:30 पूर्वाह्न बजे से 12:45 बजे अपराह्न तक तथा दूसरी सीटिंग 2:00 अपराह्न से 5:15 बजे अपराह्न तक चलेगी।डीएम श्री जोरवाल ने इस दौरान स्पष्ट निर्देश दिया कि प्रथम सीटिंग के लिए परीक्षाथियों का परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश 9:00 बजे तक ही निर्धारित किया गया है ।

## वाहन की चपेट में आने से 60 वर्षीय वृद्ध की मौत

**नालंदा** : जिले में एकंगरसराय थानाक्षेत्र रकसा पेट्रोल पम्प के समीप शनिवार की सुबह वाहन की चपेट में आकर 60 वषीय एक वृद्ध की मौत हो गयी । मृतक की पहचान एकंगरसराय थानाक्षेत्र के मोहनपुर गांव निवासी दिनेश यादव के रूप में की गयी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि उक्त वृद्ध गृह कार्य से बाजार जा रहे थें । सडक पार करने के दौरान वाहन नें कुचल दिया। उन्हें तत्काल स्थानीय पी एच सी में भती कराया गया जहां चिकित्सकों नें उन्हें मृत घोषित कर दिया । घटना की जानकारी मिलते ही एकंगरसराय थाना पुलिस घटनास्थल पर जाकर स्थिति का जायजा लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है।

# 100 उर्स मुबारक पर निकाला गया चादर गागर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चेडरा मुहल्ला स्थित मदरसा अयाजुल वारसिया से शनिवार को हजरत मेहराब शाह बाबा का 100 उर्स मुबारक पर चादर गागर निकाला गया। उर्स मुबारक के मौके पर चादर गागर विष्णुगढ़ के प्रमुख मागी से गुजरते हुए महंत अखाड़ा चौक, गोला चौक, बोलियागंज चौक, कसेरा मुहल्ला होकर लक्ष्मण बागी रामुआ मजार पहुंची। जहां सभी इस्लामिया अंजुमन कमिटी एवं दूर दराज से आए लोगो ने चादर पोशी की। इस अवसर पर मांडू पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने दरबार में जाकर माथा टेककर अपने क्षेत्र के लिए सुख समृद्धि की दुआ मांगी। आपको बता दें कि इस तीन दिवसीय उर्स पर भव्य मेला का आयोजन किया जाता हैं।



जिसमे झारखंड के कई जिले से समस्त धर्म के श्रद्धालु लोग यहां आते हैं। और चादर पोसी करते हैं। इस दौरान भेज, पुलाव और शरबत का वितरण किया जाता है। इस मजार पर स्थानीय जनप्रतिनिधि का कोई ध्यान नहीं है, बिजली, पानी, सड़क, शौचालय, विश्रामाघर जैसे हर चीज से वंचित है। यह जगह गंगा जमुना तहजीब के लिए ऐसे पवित्र स्थल का जीर्णोद्वार परम निहित है। युक्त जानकारी शाहमत खान के वंशज चेडरा निवासी असगर खान ने दी। असगर खान के पूर्वज ने ही इस सूफी संत के मजार का उजागर किया था। इस गंगा जमुना तहजीब के पाशबनी के लिए इस्लामिया अंजुमन कमेटी और उच्च समिति के तत्वाधान में 100 उर्स मुबारक हजरत मेहराब बाबा द्वारा आयोजन में समसुल हक ,साबिर शेख, मो0 वाहिद ,मुमताज़ आलम ,अब्बास अंसारी ,शरफुद्दीन शेख, एहशान खान, का सराहनीय योगदान रहा।

# 90 प्लस के वोटरों के भौतिक सत्यापन को लेकर हुई बैठक



- बैठक से गायब बीएलओ से स्पष्टीकरण मांगा

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण** : जिले के कल्याणपुर विधान सभा क्षेत्र में 90 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के भौतिक सत्यापन के लिए सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 16 कल्याणपुर सह बीडीओ कोटवा सरीना आजाद ने सभी बीएलओ के साथ समीक्षात्मक बैठक कर जरूरी निर्देश दिया।बताया गया है कि विधान सभा में 90 पार उम्र सीमा के कुल वोटर की संख्या वोटर लिस्ट के मुताबिक 987 है। जिसको लेकर उनके घर घर जाकर बीएलओ द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया। बताया गया है कि इनमे कुछ मतदाता का उम्र गलत पाया गया है , जिसमे सुधार किया गया। वही कुछ मतदाता मृत पाए गये है जिनका नाम वोटर लिस्ट से हटाने की प्रक्रिया की जा रही है। नाम हटाने के लिए बीएलओ एप का इस्तेमाल किया जा रहा है। बीडीओ ने कहा कि 2025 के मतदाता सूची सुधार में कोई भी गलती बर्दाश्त नही की जाएगी।

# डीआईजी ने एसपी कार्यालय में सुनी फरियादियों की फरियाद



एजेंसी

**अररिया** : पूर्णिया रेंज के डीआईजी प्रमोद कुमार मंडल शनिवार को अररिया पहुंचे,जहां एसपी कार्यालय में एसपी अंजनी कुमार समेत अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ कार्यालय के बाहर खड़े फरियादियों की फरियाद सुनी और एसपी समेत संबंधित थाना को जन समस्या से जुड़े मामलों में प्राथमिकता के तौर पर संपादित करने का निर्देश दिया। पूर्णिया प्रक्षेत्र के डीआईजी प्रमोद कुमार मंडल सबसे पहले समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय पहुंचे जहां एसपी अंजनी कुमार ने डीआईजी का बुके देकर स्वागत किया।एसपी कार्यालय पहुंचते ही पुलिस लाइन के जवानों ने डीआईजी को गॉड ऑफ ऑनर दिया।इसके बाद डीआईजी ने एसपी और अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। डीआईजी कुमार ने एसपी से अररिया की भौगोलिक स्थिति और आपराधिक घटनाओं को लेकर जानकारी ली।डीआईजी प्रमोद कुमार मंडल ने कहा कि अररिया सहित प्रक्षेत्र के जिलों में किसी भी प्रकार की तस्करी रोकना पुलिस की प्राथमिकता में है। शराब तस्करी पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जाएगा और जो भी केस डिटेक्ट नहीं हुए है, उनके उद्भेदन को लेकर निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि अपराध और आपराधिक वारदातों और केस की वतर्मान स्थिति को लेकर जानकारी ली है।डीआईजी श्री मंडल ने कहा कि जनता को शिकायत क्या है ।

# जन औषधि केन्द्र संचालकों ने ड्रग इंस्पेक्टर पर लगाये आरोप



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण** : प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र संचालकों की एक बैठक शनिवार को मोतिहारी शहर राजाबाजार स्थित एक होटल में जन औषधि के नोडल पदाधिकारी अशोक द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।बैठक में पहुंचे जिले भर के सभी जन औषधी केंद्र के संचालको अपनी- अपनी समस्याओं को रखा। बैठक में सदस्यों द्वारा इस बात पर जोर दिया गया कि सरकार की योजना मुताबिक जन औषधि केन्द्र द्वारा जनता को सस्ती दवा उपलब्ध कराना मुख्य उद्देश्य है ।

# ‘प्रजापति वाटर हॉरवेस्टिंग जल संरक्षण नाली योजना’ पर दिया गया जोर



मनोज कुमार प्रजापति

**जिस** तरह से धरती गर्म हो रही है धरती का जल स्तर नीचे चला गया है। प्लास्टिक कचरा से देश और दुनिया के लोग परेशान है। नदियों का जल प्रदुषित हो रहा है।
एक घर से सैकड़ो लीटर पानी नलियों में जाता है, एक मुहल्ले से हजारो लीटर पानी नली में जाता है। पूरे विश्व में पानी नालियों में जाकर बर्बाद हो रहा है। यहि नली का गंदा पानी नदियो, झरनो, समुद्र आदि को प्रदुषित कर रहा है।
इस प्रजापति वॉटर हॉरवेस्टिग जल संरक्षण नाली योजना से कुछ महीनों में धरती का जल स्तर तेजी से उपर आयेगा।
इस पानी को कुओं और बोरिंग दुवारा फिर से इस्तेमाल कर सकते है। इस प्रकार छोटी-बड़ी सभी नालियों में अधिकतम दस फीट की दुरी पर बोरिंग करके जालीदार पाइप, पत्थर के टुकड़ों फॉम जालीदार फिल्टर डालकर बनाये।




**प्रजापति वाटर हॉरवेस्टिंग जल संरक्षण नाली योजना के फायदे**

1. देश की सारी प्लास्टिक कचरा जालीदार पाईप के रूप में धरती में समा जायेगी।
2. धरती ठंडी होगी।
3. धरती का जल उपर आयेगा।
4. नदियों का प्रदुषित होना लगभग 70 से 80 प्रतिशत कमी हो जायेगा।
5. इसी प्रक्रिया को नहरों में किया जाये तो बाढ़ से होने वाले नुकसान में 20 से 30 प्रतिशत कमी हो जायेगा।

प्रजापति वाटर हॉरवेस्टिग जल संरक्षण नाली योजना को राज्य में कैसे लागू करें।
राज्य के सभी मकान का स्वामी अपने-अपने मकानों के सामने से गुजरने वाले नालियों में स्वयं एवं स्वेच्छा से अपनी खर्च से प्रजापति वाटर हॉरवेस्टिग जल संरक्षण नाली योजना को बनावें। इससे हम अपने बच्चों और आने वाले भविष्य को उज्जवल बना सके।
प्रजापति वाटर हॉरवेस्टिग जल संरक्षण नाली योजना को बनाने को लेकर लोगों को जागरूक करें।

**प्रजापति वाटर हॉरवेस्टिग जल संरक्षण नाली योजना बनाने की विधि**

1. जितने भी छोटी-बड़ी नालियां है, उन नालियों के बीच में कम से कम 4.5 इंच का 20 से 23 फीट बोरिंग करें।
2. बोरिंग में 4 इंच का 20 फीट जालीदार पाईप डालें।
3. जालीदार पाईप डालने के बाद उस पाईप में पत्थर के छोटे-छोटे टुकड़ों से लगभग एक फीट छोड़कर पूरा भर दे।
4. उस पाईप में 3 इंच मोटी चार इंच राउंड गोल फॉ में डाले। नीचे पाईप में डालकर पत्थर में सटा दे।
5. अब उसके उपर 12 इंच के प्लास्टिक जाली को इस प्रकार डाले कि नाली का पानी उस जाली के उपर से जाये। इस नाली का पानी प्लास्टिक जाली फॉम से फिल्टर होते हुए पत्थर, जालीदार पाईप से पानी नीचे जायेगा। एक बोरिंग से लगभग 10 फीट से अधिक धरती के मिट्टी को नम करेगा। छोटी बड़ी सभी नालियों में प्रत्येक बोरिंग 10 फीट की दुरी में हो। और समय-समय पर इस बोरिंग की सफाई करे।

## एक झलक

### इस कारण हर्षित को मिली चैम्पियंस के लिए जगह

**मुम्बई** : युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए शामिल किये जाने पर सभी हैरान हैं। माना जा रहा था कि जसप्रीत बुमराह के इस टूनार्मेंट से बाहर होने पर मोहम्मद सिराज को अवसर मिलेगा पर ऐसा नहीं हुआ। चयनकर्ताओं ने केवल तीन एकदिवसीय के अनुभव के बाद भी सिराज की जगह हर्षित को टीम में शामिल कर लिया। इसके बाद ये भी कहा गया कि कोच गौतम गंभीर के पसंदीदा खिलाड़ी का लाभ हर्षित को मिला पर ये सही नहीं है। हर्षित को जगह मिलने के ये कारण रहे। हर्षित के एकदिवसीय करियर की शुरूआत काफी अच्छी रही। इंग्लैंड के फिल सॉल्ट के खिलाफ शुरूआती ओवर में रन देने के बाद उन्होंने वापसी करते हुए विकेट लेकर विरोधी टीम पर दबाब बनाया था। इसके बाद अगले ओवर में बेन डकेट और युवा हैरी ब्रूक को भी आउट कर मैच भारत के पक्ष में मोड़ दिया था। कप्तान रोहित शर्मा ने भी कहा है कि इस युवा का चयन उनकी क्षमता को देखते हुए किया गया था। उन्होंने दलीप ट्रॉफी और ऑस्ट्रेलिया दौरे में काफी अच्छी गेंदबाजी की। राणा एक मैच विजेता गेंदबाज है। वह नई गेंद से दोनों तरफ स्विंग करा सकते हैं। धीमी गेंद से विविधता ला सकते हैं। वहीं डेथ ओवरों में अपनी गति से बल्लेबाजों की मुश्कलें बढ़ा सकते हैं। राणा निचले क्रम में तेजी से रन भी बनाते हैं। इस प्रकार उन्हें ऑलराउंड प्रदर्शन के आधार पर टीम में जगह मिली।

### पोलार्ड की तरह ही आक्रामक बल्लेबाजी करते हैं उनके बेटे कैडेन

**जमैका** : वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर कायरन पोलार्ड के बेटे कैडेन पोलार्ड भी पिता की तरह ही आक्रामक बल्लेबाजी करते हैं। पोलार्ड ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपने बेटे कैडेन की एक तस्वीर साझा की है। इस फोटो में कैडेन हाथ में बल्ला और हेलमेट लिए नजर आये हैं। पोलार्ड ने इस तस्वीर के साथ लिखा कि उनके बेटे ने एक शतक बनाया है। पोलार्ड ने ही कहा कि उनके बेटे कैडेन ने 85 गेंदों में 135 रन बनाये हैं। कैडेन ने ये शतक लगाकर अपनी नॉर्थ टीम को टीटी क्रिकेट बोर्ड को अंडर-15 इंटरजोन यूथ टूर्नामेंट में टोबैगो पर 159 रन से बड़ी जीत दिलायी।

**अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग :**

### भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे सचिन

**नयी दिल्ली** : इस माह 22 फरवरी से शुरू होने जा रही अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग में भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर करेंगे जबकि श्रीलंकाई टीम की कप्तानी दिग्गज कुमार संगकारा को मिली है। पूर्व क्रिकेटरों की इस लीग से प्रशंसकों को एक बार फिर अपने स्टार खिलाड़ियों को देखने का अवसर मिलेगा। ये टूनार्मेंट 22 फरवरी से 16 मार्च के बीच मुंबई, वडोदरा और रायपुर में खेला जाएगा। भारतीय टीम में पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह के अलावा सुरेश रैना, इरफान पठान और अंबाती रायुडू जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं। इस लीग के उद्घाटन संस्करण को लेकर इरफान पठान ने कहा कि मास्टर्स लीग एक ऐसा टूनार्मेंट है जो क्रिकेट के स्वर्ण युग की याद दिलाता है। साथ ही किा कि मैं इस सत्र में खेलने को लेकर उत्साहित हूं।

# वर्ल्ड नम्बर-1 टेनिस खिलाड़ी ने 03 महीने का बैन स्वीकारा




**जैनिक सिनर डोप टेस्ट में फेल हुए थे, पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया ओपन जीता था**

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : दुनिया के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने 3 महीने का बैन स्वीकार कर लिया है। WADA ने शनिवार को स्टेटमेंट जारी कर कहा- 'सिनर ने गलती स्वीकार कर ली है। इसलिए उन पर 3 महीने का प्रतिबंध लगाया गया है।' 23 साल के सिनर वर्ल्ड एंटी डोपिंग एजेंसी के दोनों टेस्ट में फेल हो गए थे, लेकिन इंटरनेशनल टेनिस महासंघ ने उन पर बैन नहीं लगाया था। ऐसे में WADA ने कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट में सिनर के खिलाफ अपील दाखिल की थी, जिसकी सुनवाई अप्रैल 2025 को होनी थी। सुनवाई से पहले ही WADA और सिनर के बीच 3 महीने के प्रतिबंध पर समझौता हो गया। यह प्रतिबंध 9 फरवरी से लागू होगा, जोकि 4 मई 2025 तक रहेगा। इटैलियन स्टार 25 मई से शुरू हो रहे फ्रैंच ओपन में खेलते नजर आएंगे।

### डोपिंग मामले में सिनर ने कहा

**यह** मामला एक साल से लटक रहा था और प्रोसेस इतनी लंबी है कि फैसला साल के आखिर में ही आता। मैने हमेशा स्वीकार किया है कि मेरी टीम के लिए मैं जिम्मेदार हूं और मुझे लगता है कि खेल की सुरक्षा के लिए वाडा के कड़े नियम जरूरी है। यही वजह है कि मैने मामला निपटाने के लिए तीन महीने के प्रतिबंध की वाडा की पेशकश स्वीकार कर ली।



**सिनर डोपिंग टेस्ट में फेल, मगर नहीं लगा था प्रतिबंध**

**यह** मामला 2024 का है। सिनर एक टूर्नामेंट के दौरान WADA के डोप टेस्ट में फेल हो गए थे, लेकिन इंटरनेशनल टेनिस इंटेग्रिटी एजेंसी ने सिनर पर प्रतिबंध नहीं लगाया था। इसी के विरोध में WADA ने उअर में अपील की थी। सिनर के शरीर में पिछले साल मार्च में प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरायड क्लोस्टेबोल के अंश पाए गए थे। तब सिनेर ने कहा था- 'एक ट्रेनर से मालिश के दौरान यह अंश उनके शरीर में आ गए, क्योंकि उसने अपनी ऊंगली कटने के बाद इस पदार्थ का इस्तेमाल किया था।'

**ऑस्ट्रेलिया ओपन का लगातार दूसरा खिताब जीते**

**इटली** के युवा स्टार जैनिक सिनर ने 26 जनवरी को ऑस्ट्रेलिया ओपन का टाइटल जीता था। मेलबर्न के रोड लिवर एरिना में जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को सीधे सेटों में 6-3, 7-6 (7-4), 6-3 से हराया था। वे साल के पहले ग्रैंडस्लैम में लगातार दूसरी बार चैंपियन बने थे।

## जापान और दक्षिण कोरिया की धमाकेदार जीत

एजेंसी

**शेन्ज़ेन** : एएफसी अंडर-20 एशियाई कप के ग्रुप डी मुकाबलों में जापान और दक्षिण कोरिया ने शानदार प्रदर्शन किया। शुक्रवार को खेले गए मैच में जापान ने थाईलैंड को 3-0 से हराकर अपना दबदबा कायम रखा, जबकि दक्षिण कोरिया ने सीरिया को 2-1 से मात दी। जापान की ओर से 14वें मिनट में हिसात्सुगु इशी ने पहला गोल किया। इसके बाद 33वें मिनट में रियोन इचिहारा ने पेनल्टी पर गोल कर बढ़त को 2-0 कर दिया। 69वें मिनट में रयुनोसुके सातो ने तीसरा गोल दागते हुए जापान की जीत सुनिश्चित कर दी। दूसरी ओर, दक्षिण कोरिया ने भी दमदार प्रदर्शन किया। सीरिया के खिलाफ आठवें



मिनट में सुंग शिन ने पहला गोल किया, जबकि 23वें मिनट में बेक मिन-ग्यू ने स्कोर 2-0 कर दिया। सीरिया के लिए 60वें मिनट में अलंद अब्दी ने गोल कर टीम की वापसी की उम्मीद जगाई, लेकिन अंतिम 30 मिनट में उन्हें बराबरी का मौका नहीं मिल सका। शनिवार को टूर्नामेंट में मेजबान चीन अपने दूसरे ग्रुप मैच में किर्गिस्तान से भिड़ेगा। पहले मुकाबले में चीन ने कतर को 2-1 से हराया था। वहीं, ग्रुप ए के दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया और कतर आमने-सामने होंगे।

**सात्विक मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट**

## पॉवर क्रिकेट एकेडमी ने जीता फाइनल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : रांची जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सात्विक मेमोरियल (अ) डिविजन क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला दिनांक 15/02/25 (शनिवार) को हुआ । पॉवर क्रिकेट एकेडमी बनाम अरुणोदय क्रिकेट एकेडमी के बीच फाइनल मैच गोलचक्र मैदान, धुर्वा में खेला गया जिसमें पॉवर क्रिकेट एकेडमी ने जीत हासिल की। टूर्नामेंट का पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में रांची जिला क्रिकेट संघ के कार्यकारी अध्यक्ष राजू शर्मा उपाध्यक्ष सुनील कुमार, सात्विक के पिता श्री शैलेश कुमार और माता श्रीमती सुधा देवी एवम



जिला संघ के सचिव शैलेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से विजेता एवम उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान किए। टूर्नामेंट में बेस्ट बैटर का पुरस्कार मंथन सी ए के ऋषिकेश प्रियदशी एवम बेस्ट बॉलर यूथ मंथन सी सी के तौहीद आयन को दिया गया और आज के फाइनल के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पॉवर सीए के गौरव (गबरू)को दिया गया। पुरस्कार वितरण समारोह रांची जिला क्रिकेट संघ के कार्यकारणी सदस्य चंचल चंचल भट्टाचजी रमेश कुमार, मुज्जफर अली, (मुन्ना), सहायक सचिव सुनील पाल, शंभू सिन्हा, मुक्तेश सिंह, रुस्तम, शाहिद मिर्ज़ी, दिलीप सिंह, नईम आदि मौजूद थे।

## डी. गुकेश फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में आठवें स्थान पर रहे

एजेंसी

**हैम्बर्ग** : भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश ने शुक्रवार को फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में अपना अभियान आठवें स्थान पर समाप्त किया। उन्हें सातवें स्थान के प्लेऑफ मैच के दूसरे गेम में ईरानी-फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ गुकेश टूर्नामेंट में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सके। गुरुवार को पहले गेम में फिरोजा के खिलाफ ड्रा करने के लिए गुकेश ने प्रभावशाली वापसी की थी, जिससे उम्मीद बंधी थी कि वह सफेद मोहरों से अच्छा प्रदर्शन करेंगे। हालांकि, शुक्रवार को खेले गए 30 चालों में समाप्त हुए निर्णायक मुकाबले में वह हार गए। फिरोजा ने अंतिम गेम में अपना दबदबा बनाए रखा और



मौकों का पूरा लाभ उठाते हुए जीत हासिल की।

**विंसेंट कीमर ने खिताब जीता**

**इस** बीच, जमनी के विंसेंट कीमर ने टूर्नामेंट का पहला संस्करण जीतकर सभी को चौंका दिया। उन्हें टूर्नामेंट से पहले एक नौसिखिया माना जा रहा था, लेकिन उन्होंने कई दिग्गज खिलाड़ियों को मात देते हुए खिताब अपने नाम किया। उनकी यह जीत शतरंज जगत में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

**श्याम लाल मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट**

## पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचे श्याम लाल

- इंदिरा गांधी इंस्टिट्यूट और श्री गुरु तेग बहादुर खालसा भी अंतिम चार में पहुंचे

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**नयी दिल्ली** : 11वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में मेजबान श्याम लाल कॉलेज, श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज और श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने जगह बना ली है। लीग दौर के अंतिम मैच में



श्याम लाल कॉलेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए किरोड़ीमल कॉलेज को 8-1 से पराजित किया। श्याम लाल कॉलेज की ओर से प्रियांशु ने तीन, नवीन बिधूड़ी ने दो, जबकि मोहित राणा, मनमोहन और अतुल ने एक-एक गोल किया। किरोड़ीमल कॉलेज के लिए विशाल ने एकमात्र गोल दागा। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार श्याम लाल कॉलेज के हिमांशु लोहिया को मिला। वहीं, इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज ने एमिटी यूनिवसिटी को 8-4 से हराया। इस मैच में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट की ओर से फरमान ने तीन, चिरंजीवी और शेखर ने दो-दो, जबकि राम यादव ने एक गोल किया।

### चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए दुबई रवाना हुई भारतीय टीम

**मुम्बई** : कप्तान रोहित शर्मा सहित भारतीय टीम 19 फरवरी से होने वाले आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए दुबई रवाना हो गयी है। चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के मुकाबले हाईब्रिड मॉडल के आधार पर दुबई में खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट के लिए कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली के अलावा कोच गौतम गंभीर और अन्य खिलाड़ी एयरपोर्ट पर नजर आये। रोहित मुंबई एयरपोर्ट अपनी कार से पहुंचे। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाद बीसीसीआई ने भारतीय खिलाड़ियों के लिए कुछ दिशा-निर्देश जारी किए थे, जिसमें एक नियम यह था कि सभी खिलाड़ियों को एक साथ टीम बस में होने चाहिये, ऐसे में रोहित के इस प्रकार अपनी कार से आने पर सवाल उठे हैं हालांकि इस दौरान किसी खिलाड़ी का परिवार नहीं दिखा क्योंकि बीसीसीआई ने लंबे विदेश दौरे पर ही तय समय तक परिवार ले जाने की अनुमति दी है।

## झारखंड को मिली राष्ट्रीय ओपन कराटे प्रतियोगिता की मेजबानी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : आगामी 3 और 4 मई को झारखंड का खेल गांव कराटे खिलाड़ियों से गुलजार होगा। देशभर से हजारों कराटे खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शामिल होंगे।सिकोकई कराटे इंटरनेशनल इंडिया ने सिकोकई ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप की मेजबानी झारखंड को दी है।जिसका आयोजन रांची के खेल गांव में किया जाएगा। सिकोकई कराटे इंटरनेशनल इंडिया के झारखंड राज्य प्रतिनिधि सह कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ट्राईबल एंड माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमिश्न के चेरमैन शिहान सुनील किस्पोट्टा ने यह जानकारी दी। इन्होंने कहा कि सिकोकई कराटे इंटरनेशनल इंडिया के भारत प्रमुख सह कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष हांशी भरत शर्मा ने झारखंड को सिकोकई ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप की मेजबानी दी है। वर्ष 2023 में कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के महासचिव कियोशी संजीव जांगड़ा की उपस्थिति में सिकोकई ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप के सफल आयोजन को देखते हुए दूसरी बार इस प्रतियोगिता के आयोजन की मेजबानी झारखंड को दी गई है इस प्रतियोगिता में देश भर से हजारों राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी शामिल होंगे। वर्ल्ड कराटे फेडरेशन एवं एशियन कराटे फेडरेशन के जज एवं रेफरियों के देखरेख में प्रतियोगिता का संचालन किया जाएगा। देश भर से आए पदाधिकारियों के रहने की व्यवस्था रांची के विभिन्न होटलों में की जाएगी। वहीं खिलाड़ियों के लिए होटल के अलावे खेल गांव के डॉरमेट्री में भी रहने की व्यवस्था की जाएगी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए जल्द ही आयोजन कमेटी का गठन किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन साउथ एशियन कराटे फेडरेशन एवं कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष हांशी भरत शर्मा के द्वारा

## मैनचेस्टर सिटी को बड़ा झटका, डिफेंडर मैनुअल अकांजी 10 सप्ताह के लिए बाहर



एजेंसी

**लंदन** : मैनचेस्टर सिटी की चोट की समस्याएं और गहरी हो गई हैं, क्योंकि स्विस डिफेंडर मैनुअल अकांजी जांघ की चोट के कारण लगभग 10 सप्ताह तक मैदान से बाहर रहेंगे। सिटी के कोच पेप गाडियोला ने शुक्रवार को न्यूकैसल यूनाइटेड के खिलाफ शनिवार को होने वाले प्रीमियर लीग मुकाबले से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बात की पुष्टि की। अकांजी को मंगलवार रात रियल मैड्रिड के खिलाफ चैंपियंस लीग प्ले-ऑफ में सिटी की 3-2 की हार के दौरान हाफटाइम पर बाहर होना पड़ा था। गाडियोला ने बताया कि डिफेंडर की शनिवार को सजरी होगी और उन्हें ठीक होने में आठ से 10 सप्ताह का समय लग सकता है। कोच ने कहा, शनिवार को उनकी सजरी होगी। हमें उम्मीद है कि वह जल्द स्वस्थ होंगे। इस सीजन में उन्होंने अविश्वसनीय मेहनत की है, लेकिन अंततः शरीर ने संकेत दिया कि अब ब्रेक की जरूरत है। हालांकि, मैन सिटी के लिए राहत की खबर यह रही कि विंगर जैक ग्रीलिश की चोट गंभीर नहीं है।

## सविर्सेज़ ने हासिल किया शीर्ष स्थान, उत्तराखंड सातवें स्थान पर रहा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**देहरादून** : उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल 2025 का सफल समापन 14 फरवरी को हुआ। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 28 राज्यों, आठ केंद्र शासित प्रदेशों और सेवा खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) सहित विभिन्न टीमों ने भाग लिया। 26 जनवरी को आरंभ हुआ यह खेल आयोजन देशभर के खेल प्रेमियों के लिए उत्साह का केंद्र बना।



**राष्ट्रीय खेल 2025**

**सविर्सेज़ ने पदक तालिका में मारी बाज़ी**

**सेवा** खेल नियंत्रण बोर्ड (सविर्सेज़) ने 121 पदकों (68 स्वर्ण, 26 रजत और 27 कांस्य) के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया। महाराष्ट्र ने कुल 201 पदक (54 स्वर्ण, 71 रजत, 76 कांस्य) जीतकर दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि हरियाणा ने 153 पदक (48 स्वर्ण, 47 रजत और 58 कांस्य) के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। मेज़बान उत्तराखंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 24 स्वर्ण पदकों के साथ पदक तालिका में सातवां स्थान प्राप्त किया। हालांकि, नागालैंड, पुडुचेरी और सिक्किम इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने में असफल रहे। इस आयोजन ने खेल प्रतिभाओं को निखारने और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने तेज गेंदबाज सोनी बेकर को दिया विकास अनुबंध

एजेंसी

**लंदन** : हैम्पशायर के 21 वषीय तेज गेंदबाज सोनी बेकर को इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा इंग्लिश पुरुष टीम का विकास अनुबंध प्रदान किया गया है। उन्होंने लायंस के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन कर यह अवसर अर्जित किया। इंग्लैंड के पूर्व अंडर-19 खिलाड़ी बेकर, सदियों में हैम्पशायर में शामिल होने से पहले समरसेट के लिए खेलते थे। उन्हें इंग्लैंड लायंस के ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए बुलाया गया था, जहाँ उन्होंने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ़ अपने प्रथम श्रेणी करियर की शुरुआत की और अंतिम दौरे के मैच में 60 रन देकर 3 विकेट



हासिल किए। उनके प्रदर्शन ने सभी का ध्यान आकर्षित किया, जिसमें क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया क के खिलाफ़ 71 रन देकर 5 विकेट लेना भी शामिल था। इस शानदार प्रदर्शन ने लायंस के मुख्य कोच एंड्रयू फ़्लिंटॉफ़ को प्रभावित किया, जिसके बाद ईसीबी ने उन्हें सितंबर तक अनुबंधित कर लिया। फ्लिंटॉफ ने कहा, सदियों में सोनी को उभरते हुए देखना बहुत खुशी की बात है। मैं और वह चरित्र और व्यक्तित्व में बहुत अलग हैं ।

**अखिल भारतीय इंटर जोनल महिला भारोत्तोलन प्रतियोगिता**

# अंडर-45 और अंडर-49 कैटेगरी विजेता किये सम्मानित

एजेंसी

**धमर्शाला** : हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धमर्शाला में भारतीय विश्वविद्यालय संघ के सौजन्य से आयोजित की जा रही चार दिवसीय अखिल भारतीय इंटर जोनल महिला भारोत्तोलन प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर-45 और अंडर-49 कैटेगरी विजेताओं को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में अंडर-45 वर्ग में रानी नायक (चंडीगढ़ यूनिवसिटी) ने पहला स्थान हासिल कर गोल्ड मैडल जीता



है। जबकि सरगार काजोल महादेव (शिवाजी यूनिवसिटी, कोल्हापुर) ने सिल्वर और विनाताई अय्यर (लमरीन टेक. स्किल यूनिवसिटी) ने ब्रॉन्ज मैडल अपने नाम किए। इसी तरह अंडर-49 वर्ग में थोकचोम संजू देवी (जैन यूनिवसिटी), बोनली बोराह (लवली प्रोफेशनल यूनिवसिटी) और वानी पूरी (पंजाब यूनिवसिटी चंडीगढ़) ने मैडल अपने नाम किए।

**अंडर-59 वर्ग के विजेता**

**वहीं** प्रतियोगिता के अंडर-59 वर्ग में रीमा बोही (लवली प्रोफेशनल विवि) को गोल्ड मैडल, शक्गुन राव (एमजी काशी विद्यापीठ वाराणसी) को सिल्वर और राजेश्री बिस्वा (एडम्स विश्वविद्यालय) को ब्रॉन्ज मैडल मिला है।




हरबिन में चीन और दक्षिण कोरिया के बीच कर्लिंग के खिताबी मुकाबले के बाद पोज देती हुई विजेता कोरियाई टीम।

## एक झलक

### होंडा की नयी पेशकश- दमदार एनएक्स 200 बाइक हुई लॉन्च

**रांची :** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज नई एनएक्स 200 को लॉन्च करने की घोषणा की है। होंडा के प्रतिष्ठित एडवेंचर बाइक लाइन-अप से प्रेरित यह बाइक उन राइडर्स (सवारों) के लिए बनाई गई है जो रोमांच के साथ-साथ रोजमर्रा की जरूरतों के लिए एक बेहतरीन वाहन चाहते हैं। ऑल-न्यू एनएक्स 200 की कीमत रु. 1,68,499 (एक्स-शोरूम, दिल्ली) रखी गई है और यह अब पूरे भारत में सभी एचएमएसआई रेड विंग और बिग विंग डीलरशिप पर उपलब्ध है नई एनएक्स 200 को पेश करते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष और सीईओ, त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, होंडा हमेशा अपने ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नई तकनीकों और इनोवेशन पर काम करता रहा है। एनएक्स 200 इसी सोच का एक बेहतरीन उदाहरण है, जो रोमांचक राइडिंग का नया अनुभव देगा। लोकप्रिय एनएक्स 500 से प्रेरित यह बाइक ज्यादा से ज्यादा लोगों को एडवेंचर का आनंद लेने का मौका देगी और हर सफर को यादगार बनाएगी। इस अवसर पर होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर, योगेश माथुर ने कहा, हमें बेहद खुशी है कि हम एनएक्स 200 को भारत में लॉन्च कर रहे हैं। यह बाइक उन लोगों के लिए बनी है जो दो पहियों पर खुली सड़क का मजा लेना चाहते हैं और एडवेंचर को महसूस करना चाहते हैं। शानदार डिजाइन, दमदार परफॉर्मेंस और लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के साथ एनएक्स 200 राइडिंग के अनुभव को नए स्तर पर ले जाने के लिए तैयार है। हमारी एडवेंचर और एक्सप्लोरेशन के मूल सिद्धांत के अनुरूप, एनएक्स 200 राइडर्स को बिना किसी रुकावट के नई मंज़िलें तलाशने के लिए आमंत्रित करती है।

### छावा के एलबम लॉन्च में ए.आर. रहमान की बेहतरीन परफॉर्मेंस ने जीता लोगों का दिल

**रांची :** एक भव्य म्यूजिकल कार्यक्रम में एकेडमी अवार्ड विजेता कंपोजर, ए.आर. रहमान ने छावा के अत्यधिक प्रतीक्षित एलबम का लॉन्च किया। इस अवसर पर उन्होंने ताकत, भावनाओं और ऐतिहासिक भव्यता का प्रदर्शन करते हुए एक जबरदस्त परफॉर्मेंस भी दी। एलबम के अनावरण के मौके पर फिल्म के कलाकार विकी कौशल और रश्मिका मंदाना, डायरेक्टर लक्ष्मण उटेकर, प्रोड्यूसर दिनेश विजान, और प्रोजेक्ट की क्रिएटिव टीम भी मौजूद थी। इस संगीत संध्या के अवसर पर ए.आर. रहमान ने मीठे गीतों और भव्य व्यवस्थाओं के साथ अपने सिग्नेचर स्टाईल में संगीत का ऐसा माहौल बना दिया, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले दिनेश विजान द्वारा निर्मित और लक्ष्मण उटेकर द्वारा निर्देशित छावा की वर्ल्डवाईड रिलीज 14 फरवरी, 2025 को हो गई है। छावा का एलबम लॉन्च संगीत का एक महाआयोजन था, जिसमें ए.आर. रहमान और उनकी टीम ने छावा एलबम से कुछ ऐसे सम्मोहक गीतों की प्रस्तुति दी, जिसने सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डांस ट्रूप की ऊर्जा ने हर परफॉर्मेंस को जीवंत कर दिया, जिससे माहौल की तीव्रता परवान चढ़ गई। हर ताल, हर तान बाणों की तरह वातावरण को चीरते हुए लोगों के कानों तक पहुंच रही थी और उन्हें मीठे स्वरों में मराठा गौरव का एहसास करा रही थी।

# भारत व श्रीलंका ने खनिजों, खोज व खनन क्षेत्र में सम्बन्धों को किया मजबूत



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय कोयला और खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने आज यहां शास्त्री भवन में श्रीलंका सरकार के उद्योग और उद्यमिता विकास मंत्री सुनील हंडुनेट्टी के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। चर्चा में खनिज अन्वेषण और खनन में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया, विशेष रूप से दोनों देशों के आर्थिक और औद्योगिक विकास के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण खनिजों को सुरक्षित करने पर। श्रीलंका के विशाल ग्रेफाइट और समुद्र तट रेत खनिज संसाधनों पर मुख्य ध्यान दिया गया, जो स्वच्छ ऊर्जा, उन्नत बैटरी प्रौद्योगिकियों और उच्च तकनीक उद्योगों की ओर वैश्विक बदलाव का समर्थन करने की अपार क्षमता रखते हैं। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने श्रीलंका में भारतीय कंपनियों के लिए खनिज अन्वेषण और खनन अवसरों में सहयोग को मजबूत करने के महत्व को स्वीकार किया। दुबे ने इस बात पर जोर दिया कि भारत के राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन का उद्देश्य देश के महत्वाकांक्षी अक्षय ऊर्जा लक्ष्य को पूरा करने के लिए लिथियम, ग्रेफाइट, निकल, कोबाल्ट और तांबे जैसे आवश्यक कच्चे माल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि भारत महत्वपूर्ण खनिजों के लिए खनन अधिकार देने, अंतरराष्ट्रीय साझेदारी बनाने और भारतीय कंपनियों को वैश्विक स्तर पर खनिज संपत्ति हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। दोनों पक्षों ने इन क्षेत्रों में अन्वेषण के अवसरों, तकनीकी सहयोग और निवेश की संभावनाओं पर गहन चर्चा की। सरकार-से-सरकार (जी टू जी) आधार पर खनिज अन्वेषण की संभावना पर भी चर्चा की गई, जिसमें भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने श्रीलंका में खनिज आकलन करने में अपनी रुचि व्यक्त की। इसके अतिरिक्त, श्रीलंका ने भारत से भारतीय कंपनियों को अपने समुद्र तट की रेत और ग्रेफाइट संसाधनों के अन्वेषण और विकास में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया। भारत के खान मंत्रालय और श्रीलंका के भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और खान ब्यूरो के बीच भूविज्ञान और खनिज संसाधनों के क्षेत्र में सहयोगर पर समझौता ज्ञापन (एमओयू) को अंतिम रूप देने पर भी चर्चा की गई। दुबे ने विश्वास व्यक्त किया कि यह समझौता ज्ञापन एक बार संपन्न होने के बाद क्षमता निर्माण, खनन अन्वेषण और उन्नत खनिज प्रसंस्करण में सहयोग को गहरा करने के लिए एक मजबूत ढांचा प्रदान करेगा। उन्होंने कौशल विकास, ज्ञान के आदान-प्रदान और तकनीकी और वित्तीय सहायता के माध्यम से अपने खनन उद्योग के आधुनिकीकरण में श्रीलंका का समर्थन करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। इस अवसर पर दुबे ने कहा कि भारत और श्रीलंका एक दीर्घकालिक साझेदारी साझा करते हैं और खनन क्षेत्र में हमारा सहयोग हमारे आर्थिक संबंधों को और मजबूत करेगा। एक साथ काम करके हम अपने खनिज संसाधनों की पूरी क्षमता का दोहन कर सकते हैं, जिससे आपसी विकास और स्थिरता सुनिश्चित हो सके। बैठक में दोनों नेताओं ने समझौतों को औपचारिक बनाने और खनिज क्षेत्र में सहयोग के नए रास्ते तलाशने के प्रयासों में तेजी लाने पर सहमति व्यक्त की।

# सर्राफा बाजार में मामूली तेजी सोना व चांदी की बढ़ी चमक

**नयी दिल्ली :** घरेलू सर्राफा बाजार में मामूली तेजी का नजर आ रही है। आज की तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 87,170 रुपये से लेकर 87,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 79,910 रुपये से लेकर 80,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज मामूली तेजी दर्ज की गई है, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,00,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 87,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 80,060 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 87,170 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 87,220 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 79,960 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 87,170 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 79,910 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 87,170 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# जेईई मेन रिजल्ट 2025: रांची शहर में फिजिक्सवाला के 11 छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक किया प्राप्त

**रांची :** एजुकेशन कंपनी फिजिकसवाला (पीडब्लू) ने जेईई मेन 2025 सेशन 1 परीक्षा में अपने नतीजे घोषित किये हैं , जिनमें से एक ने गुजरात से 100 पर्सेंटाइल हासिल किया है` साथ ही 612 से अधिक छात्रों ने 99.5 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, 1359 से अधिक छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, 3548+ छात्रों ने 98 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, और परिणामों की गिनती अभी भी जारी है। रांची में फिजिक्सवाला के 11 छात्रों ने जेईई मेन सेशन 1 2025 के परिणामों में 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। अर्नव पांडे (99.94), इशान गौतम (99.93), और रोशन कुमार (99.68) रांची में पीडब्लू के शीर्ष 3 छात्रों में शामिल थे। चार राज्य टॉपर्स अपनी शानदार उपलब्धियों के साथ इस सूची में सबसे आगे हैं ` गुजरात के शिवेन विकास तोशनीवाल ने 100 पर्सेंटाइल हासिल किए, मिजोरम के इशांत वर्मा ने 99.57 पर्सेंटाइल हासिल किए, अरुणाचल प्रदेश के प्रणय कुमार रॉय ने 99.38 पर्सेंटाइल हासिल किए और जम्मू-कश्मीर के कामरान बिलाल भट ने 99.89 पर्सेंटाइल हासिल किए, जो पीडब्लू के मॉक टेस्ट में उनके प्रदर्शन से काफी मेल खाता है` इन छात्रों ने ढह के ऑफलाइन सेंटरों (विद्यापीठ और पाठशाला) या फिर ऑनलाइन बैचों (अर्जुन खएए और लक्ष्य खएए) से पढ़ाई की थी। यह पीडब्लू के डिजिटल और फिजिकल लर्निंग प्लेटफॉर्म के एकीकृत दृष्टिकोण को दशार्ती है, जिससे छात्रों को सर्वोत्तम तैयारी का लाभ मिला। अलख पांडे, अध्यापक, संस्थापक और सीईओ, फिजिक्सवाला, ने कहा, सभी सफल छात्रों को बधाई! आपकी मेहनत ने बेहतरीन परिणाम दिए हैं। मैं उन छात्रों पर भी गर्व करता हूं, जिन्होंने अपेक्षित परिणाम नहीं प्राप्त किए। हताश न हों, अगले दो महीने आपके लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। सेशन 2 की परीक्षा के लिए नियमित रिवीजन और सेशन 1 के पेपर का अभ्यास करें, क्योंकि परीक्षा का कठिनाई स्तर समान रहेगा। अपने लक्ष्य पर ध्यान दें, निरंतर सुधार करते रहें और प्रक्रिया पर भरोसा रखें। हम हर कदम पर आपके साथ हैं।

## केन्द्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने समकक्ष उप मंत्री यू मिन मिन से मुलाकात की

**नयी दिल्ली :** म्यांमार के वाणिज्य मंत्रालय के उप मंत्री यू मिन मिन ने यहां वाणिज्य भवन में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद से मुलाकात की। बैठक में दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने की संभावनाओं पर जोर देते हुए मंत्रियों ने फार्मास्यूटिकल्स, दालें और बीन्स, पेट्रोलियम उत्पादों के क्षेत्रों में संभावनाओं और आपसी विकास को बढ़ावा देने के लिए हाल ही में शुरू किए गए रुपया-क्यात व्यापार निपटान तंत्र के अधिक उपयोग पर चर्चा की। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर विचार-विमर्श किया और सड़कों के माध्यम से सीमा व्यापार को फिर से शुरू करने के महत्व को भी स्वीकार किया और इस मुद्दे पर कदम उठाने पर सहमति व्यक्त की।

# बिमटेक ने प्रबंधन में पीएच.डी. समकक्ष फेलो प्रोग्राम के लिए आवेदन किया आमंत्रित



**मुंबई :** भारत के प्रमुख बिजनेस स्कूलों में से एक बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) ने 2025 सत्र के लिए पीएच.डी. इक्विवेलेंट फैलो प्रोग्राम (एफपीएम/ईएफपीएम) में आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस इमर्सिव स्टडी प्रोग्राम में सीट सुरक्षित करने की अंतिम तिथि 23 फरवरी 2025 है। यह प्रोग्राम ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई), एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) और भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा अनुमोदित है। इसका उद्देश्य शोध से जुड़ी शिक्षा देकर स्कॉलर्स को अकादमिक क्षेत्र, उद्योग या परामर्श में बेहतर करियर बनाने के लिए तैयार करना है। इच्छुक उम्मीदवारों को आमंत्रित करते हुए बिमटेक की डायरेक्टर डॉ. प्रबीना राजीब ने कहा, 'हमारा संस्थान एक ऐसा वातावरण तैयार कर रहा है, जो शोध करने के इच्छुक छात्रों को प्रबंधन क्षेत्र में योगदान देने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करेगा। इसलिए, हम ऐसे उम्मीदवारों की तलाश कर रहे हैं जिनका शैक्षिक रिकॉर्ड अच्छा हो, जिन्होंने पेशेवर रूप से सफलता प्राप्त की हो, और जो ज्ञान सृजन और प्रसार में योगदान देने के लिए तैयार हों। हम शोध करने के इच्छुक छात्रों को इस अवसर का उपयोग करने के लिए प्रेरित करते हैं ताकि वे प्रबंधन के सिद्धांतों और प्रथाओं में खामियों को दूर कर सकें।' यह चार साल का कार्यक्रम फाइनेंस, रिस्क मैनेजमेंट, ऑपरेशन्स और डिसीजन साइंसेज, स्ट्रैटेजी, इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप, सस्टेनेबिलिटी और सीएसआर, बिजनेस कम्युनिकेशन, इकनॉमिक्स, मार्केटिंग, और ओबी एंड एचआर जैसे क्षेत्रों में शोधकर्ताओं की भर्ती करता है। एफपीएम प्रोग्राम प्रतिभागियों को डॉक्टरेट कंसोर्टियम और कॉन्फ्रेंस तथा अन्य प्रोग्राम में भाग लेने के लिए 1,80,000 रुपए तक के एकमुश्त शोध अनुदान के साथ सहायता करेगा। पहले और दूसरे वर्ष के एफपीएम छात्रों को 45,000 रुपए, 50,000 रुपए की छात्रवृत्ति दी जाएगी, जबकि तीसरे और चौथे वर्ष के एफपीएम उम्मीदवारों को 55,000 रुपए की छात्रवृत्ति दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, 90 प्रतिशत और उससे अधिक के वैलिड यूजीसी-नेट जेआरएफ या कैट स्कोर वाले एफपीएम छात्र उच्च छात्रवृत्ति के लिए पात्र हैं, जिन्हें पहले वर्ष में 50,000 रुपए, दूसरे वर्ष में 55,000 रुपए और तीसरे और चौथे वर्ष में 60,000 रुपए मिलते हैं।

# अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ वैल्यू फॉर मनी एसयूवी का स्थान बरकरार



**रांची :** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की प्रमुख एसयूवी, एमजी हेक्टर भारतीय कार खरीदारों के लिए लगातार पहली पसंद बनी हुई है, जो बगैर भारी कीमत के स्टाइल, स्पेस, आराम और अत्याधुनिक तकनीक की तलाश में हैं, साथ ही 500 रुपये प्रति माह का कम मेंटेनेंस खर्च. प्रीमियम हैचबैक की तुलना में कम मेंटेनेंस खर्च के साथ, एमजी हेक्टर 2024 में एसयूवी श्रेणी में एक स्मार्ट निवेश के रूप में उभरकर सामने आई है। भारत की पहली इंटरनेट एसयूवी- एमजी हेक्टर ने अपनी लॉन्चिंग के बाद से ही भारतीय एसयूवी उत्साही लोगों में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। यह लक्जरी, दक्षता और बोल्ड आइकोनिक डिजाइन का एक बेमिसाल संयोजन है। तकनीक-आधारित सुविधाओं से लैस और आरामदायक सवारी प्रदान करने वाली हेक्टर आधुनिक ड्राइवर की जरूरतों को पूरा करती है। एमजी हेक्टर अपनी कम कुल स्वामित्व लागत, उच्च रीसेल वैल्यू और उत्कृष्ट गुणवत्ता के कारण उद्योग में एक बेंचमार्क स्थापित कर रही है।

## वैश्विक मछली उत्पादन में 08 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ भारत दूसरा सबसे बड़ा मत्स्य उत्पादक देश

**नयी दिल्ली :** वैश्विक मछली उत्पादन में लगभग 8 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ भारत दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश है। पिछले दो दशकों में भारत मत्स्य पालन क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि और परिवर्तन का साक्षी बना है। तकनीकी प्रगति से लेकर नीतिगत सुधारों तक 2004 से 2024 की अवधि में ऐसी उपलब्धियां रही हैं, जिन्होंने वैश्विक मत्स्य पालन और जलीय कृषि में भारत की स्थिति को मजबूत किया है। केंद्रीय बजट 2025-26 में मत्स्य पालन क्षेत्र के लिए 2,703.67 करोड़ रुपये का अब तक का सबसे अधिक कुल वार्षिक बजटीय समर्थन प्रस्तावित किया गया है। यह जलीय कृषि और समुद्री खाद्य निर्यात में अग्रणी के रूप में भारत की उपलब्धि का प्रमाण है। केन्द्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अनुसार 2025-26 के बजट की घोषणा रणनीतिक रूप से वित्तीय समावेशन को बढ़ाने, सीमा शुल्क को कम करते हुए किसानों पर वित्तीय बोझ को कम करने और समुद्री मत्स्य पालन के विकास को आगे बढ़ाने पर केंद्रित है। इसके अतिरिक्त, बजट 2025-26 में विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) और खुले समुद्र से मत्स्य पालन के सतत दोहन के लिए एक रूपरेखा को सक्षम करने पर प्रकाश डाला गया है।

## पेज एक के शेष

**छोटे और पारम्परिक समाधान को भी आजमायें युवा : द्रौपदी...**

उन्होंने कहा कि बीआईटी मेसरा न केवल इंजीनियरिंग और प्रबंधन, बल्कि सामाजिक समावेशिता की दिशा में भी कार्य कर रहा है। यहां संचालित पॉलिटेक्निक संस्थान विशेष रूप से आदिम जनजातियों सहित आरक्षित श्रेणियों के छात्रों को तकनीकी शिक्षा और व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान कर रहा है, जो रोजगार और उद्यमिता के बेहतर अवसर की दिशा में सहायक हैं।

मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि बीआईटी मेसरा सबसे अधिक मांगवाला संस्थान बना हुआ है और इसका श्रेय इसके प्रबंधन, संकाय, पूर्व छात्रों और सबसे महत्त्वपूर्ण रूप से उन छात्रों को जाता है, जो यहां अपनी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

सीके बिरला ग्रुप के चेयरमैन ने कहा, 'हमारे पास 20 से अधिक विषय हैं, जिनमें 10,000 से अधिक स्टूडेंट्स और 600 से अधिक फैकेल्टी सदस्य हैं, और हमें दुनिया भर में 50,000 मजबूत एल्यूमनी नेटवर्क पर गर्व है।

समारोह का मुख्य आकर्षण राष्ट्रपति मुर्मू और राज्यपाल गंगवार द्वारा एक विशेष स्मारक रजत पदक, डाक टिकट और लिफाफा जारी करना था, जो शिक्षा, इनोवेशन और राष्ट्र निर्माण में इंस्टीट्यूट के उल्लेखनीय योगदान का प्रतीक है। समारोह में 780 एकड़ के परिसर में पौधरोपण और राष्ट्रपति द्वारा रिसर्च एग्जीबिशन का उद्घाटन जैसी गतिविधियां भी शामिल थीं। इस मौके पर बीआईटी के सैकड़ों छात्र और शिक्षक सहित कई लोग मौजूद थे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम में शामिल होने के बाद एयरपोर्ट पहुंचीं और विशेष विमान से नयी दिल्ली के लिए रवाना हो गयीं।

**काशी-तमिल संगमम करेगा तमिलनाडु व काशी के बीच संबंधों को मजबूत : मोदी...**

प्रधानमंत्री ने संदेश में लिखा कि वाराणसी में काशी तमिल संगमम-3 के आयोजन के बारे में जानना आनन्ददायक है। प्रयागराज में महाकुम्भ के बीच होने के कारण यह अवसर और भी महत्त्वपूर्ण हो गया है। तमिलनाडु और काशी के बीच, कावेरी और गंगा के बीच का अटूट सम्बन्ध हजारों साल पुराना है। पिछले दो संगमों के दौरान लोगों की हार्दिक भावनाओं और अनुभवों ने भारत की विविध संस्कृति की सुन्दरता के साथ-साथ लोगों के बीच मजबूत सम्बन्धों को भी प्रदर्शित किया।

उन्होंने कहा कि यह भी उल्लेखनीय है कि प्रतिभागियों को महाकुम्भ का अनुभव करने के साथ-साथ अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन भी करने का मौका मिलेगा। मुझे यकीन है कि सभी प्रतिभागी इन स्थानों की दिव्यता से धन्य महसूस करेंगे। जैसे-जैसे राष्ट्र विकसित भारत के निर्माण के सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, काशी तमिल संगमम जैसे प्रयास हमारी विविधता का जश्न मनाते हुए हमारी एकता को मजबूत करने में सर्वोपरि हो जाते हैं। काशी आनेवाले तमिलनाडु के लोग जीवन भर याद रखने योग्य महान यादें लेकर वापस जायें।

**प्रधानमंत्री ने संत सेवालाल महाराज को उनकी जयंती पर नमन किया...**

समर्पित समाज के निर्माण के लिए सदैव मार्गदर्शन देते रहेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने सेवालाल महाराज की समाधि के दर्शन करते हुए अपनी एक पुरानी तस्वीर 'एक्स' पर साझा करते हुए लिखा, 'पूज्य संत श्री सेवालाल महाराज जी की जयंती पर उन्हें मेरा शत-शत नमन। उन्होंने अपना पूरा जीवन गरीबों और वंचितों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। अपनी पूरी क्षमता के साथ उन्होंने निरन्तर सामाजिक अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी। समानता, सद्भावना, भक्ति और निःस्वार्थ सेवा के मूल्यों के प्रति भी महाराज जी का सदैव समर्पण रहा। उनके संदेशों ने समाज की हर पीढ़ी को संवेदनशील और करुणामयी जीवन के लिए प्रेरित किया है। उनके सद्विचार एक न्यायप्रिय, सौहार्दपूर्ण और मानवता की सेवा में समर्पित समाज के निर्माण के लिए सदैव मार्गदर्शन देते रहेंगे।'

**प्रधानमंत्री मोदी आज दिल्ली में भारत टेक्स 2025 में लेंगे भाग...**

स्टार्टअप के लिए वित्तपोषण के अवसर प्रदान करेंगी। बयान में कहा गया है कि 17 फरवरी तक चलने वाले भारत टेक्स 2025 में नीति निमार्ताओं, वैश्विक सीईओ के साथ-साथ 5000 से अधिक प्रदर्शकों, 120 से अधिक देशों के 6000 अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और अन्य आगंतुकों के आने की उम्मीद है। अंतरराष्ट्रीय वस्त्र निर्माता संघ, अंतरराष्ट्रीय कपास सलाहकार समिति, यूरेटेक्स, टेक्सटाइल एक्सचेंज, यूएस फैशन इंडस्ट्री एसोसिएशन सहित दुनियाभर के 25 से अधिक प्रमुख वैश्विक वस्त्र निकाय और संघ भी इस कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं।

**भारत को नये युग के उद्योगों में प्रतिस्पर्द्धा के लिए खोखले भाषणों की नहीं, मजबूत उत्पादन आधार की जरूरत : राहुल...**

बैटरी, मोटर और ऑप्टिक्स के संयोजन से युद्ध के मैदान में घात-प्रतिघात और संचार में अभूतपूर्व बदवाल आया है। लेकिन ड्रोन सिर्फ एक टेक्नोलॉजी भर नहीं है, वह एक मजबूत इंडस्ट्रियल सिस्टम द्वारा जमीनी और छोटे-छोटे स्तर पर उत्पादित होनेवाला नवाचार है।

राहुल ने कहा कि ड्रोन्स ने टैंक, तोप और यहां तक कि एयरक्राफ्ट कैरियर के महत्त्व को भी कम कर दिया है। एयर पावर को प्लाटून लेवल तक ला दिया है और युद्धक्षेत्र में खुफिया तंत्र एवं सटीकता को नया रूप दिया है। लेकिन, यह क्रांति सिर्फ युद्ध तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उद्योग, एआई और अगली पीढ़ी की तकनीक की भी बात है। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना करते हुए कहा कि दुर्भाग्य से प्रधानमंत्री इसे समझने में असफल रहे हैं। ऐसे समय में जब वह एआई पर सिर्फ.'टेलीप्रॉम्प्टर' से पढ़ कर भाषण देने में लगे हैं, हमारे कॉम्पीटिटर्स नयी टेक्नोलॉजी में महारत हासिल कर रहे हैं। भारत को खोखले भाषणों की नहीं, बल्कि मजबूत उत्पादन बेस की जरूरत है। असली शक्ति सिर्फ ड्रोन बनाने में नहीं, बल्कि उनके पीछे की इलेक्ट्रिक मोटर, बैटरी, ऑप्टिक्स और उत्पादन तंत्र को नियंत्रित करने में है, लेकिन भारत इस क्षेत्र में नहीं बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि हम एआई या तकनीक में नेतृत्व नहीं कर सकते, अगर हमारा उत्पादन पर नियंत्रण नहीं है। हमने अपनी उपभोक्ता डेटा सौंप दी है। हम मुख्य कॉम्पोनेंट्स नहीं बनाते हैं और जब बाकी दुनिया भविष्य गढ़ रही है, तब हम सिर्फ असेंबल करने तक ही सीमित हैं। राहुल ने कहा कि भारत के पास अद्भुत प्रतिभा, विशाल क्षमता और जबरदस्त इच्छाशक्ति है। लेकिन, खोखली बातों से कुछ नहीं होगा। हमें स्पष्ट दृष्टि और असली औद्योगिक ताकत चाहिए। भविष्य ऊपर से नहीं बनेगा, यह जमीनी स्तर से उभरेगा। अब वक्त है कि भारतीय युवा कदम बढ़ायें और सुनिश्चित करें कि भारत पीछे न छूटे।

**प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना भारत सरकार का दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य कवरेज कार्यक्रम : नड्डा...**

इस तरह अब वे पांच लाख रुपये के स्वास्थ्य बीमा कवरेज के लिए पात्र हैं। इसके साथ अब इस योजना का लाभ भारतीय आबादी का लगभग 40 प्रतिशत से बढ़ कर 50 प्रतिशत हो गया है। पीएमजेएवाई से लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

नड्डा ने कहा कि केवल छह वर्षों में एम्स झज्जर एक विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवा संस्थान के रूप में उभरा है, जिसने चिकित्सा उत्कृष्टता में नये मानक स्थापित किये हैं। संकाय सदस्यों, डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को हार्दिक बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि इनके अथक प्रयासों ने इस संस्थान को प्रतिष्ठित और उच्च गुणवत्ता वाले स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र में बदल दिया है। उन्होंने स्टेट आफ आर्ट राष्ट्रीय कैंसर संस्थान की सुविधाओं को निरीक्षण भी किया और बाढ़सा गांव स्थित एम्स-2 (राष्ट्रीय कैंसर संस्थान) में उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करते हुए कई नयी सुविधाओं का शुभारम्भ किया।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने इन सेवाओं को जनता को समर्पित किया। इसके साथ नई स्वास्थ्य सेवाओं में बोन मैरो ट्रांसप्लांट इकाई की शुरुआत हुई। इससे रक्त कैंसर सहित अन्य गम्भीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा मिलेगी। उन्होंने नाभिकीय चिकित्सा विभाग के तहत कैंसर के आधुनिक इलाज के लिए रेडियो न्युक्लिड थेरेपी वार्ड का शुभारंभ किया। यह तकनीक कैंसर के प्रभावित अंगों को लक्षित कर इलाज में सहायता करेगी। इसके साथ एक निःशुल्क जेनेरिक औषद्यालय की भी शुरुआत की गयी है, जिससे कैंसर रोगियों और जरूरतमंदों के लिए एम्स-2 में मुफ्त जेनरिक दवाइयों की सुविधा मिलेगी। इससे गरीब और वंचित वर्ग के मरीजों को आर्थिक राहत मिलेगी।

**कोटा के सीएफसीएल में गैस रिसाव, 14 छात्राएं अस्पताल में भर्ती...**

राहत पहुंचाने के निर्देश दिये।

स्कूल के शिक्षक सुरेन्द्र नागर ने बताया कि शनिवार को सुबह प्रार्थना के दौरान हवा में गैस की दुर्गन्ध फैलने से बच्चों को सांस लेने में घबराहट होने लगी। इसके चलते बच्चों में अफरा-तफरी मच गयी। तभी छात्राएं बेहोश होने लगीं, तो तत्काल एम्बुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया गया। पांच छात्राओं की हालत अधिक खराब है। उन्हें कोटा मेडिकल कॉलेज रैफर किया गया है। सभी को एनआईसीयू में भर्ती हैं। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि पीड़ित बच्चों को 48 घंटे निगरानी में रखा जायेगा। कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा व जिला कलक्टर डॉ. रवीन्द्र गोस्वामी, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने अस्पताल पहुंचे और पीड़ित बच्चों की जानकारी ली व चिकित्सकों को निर्देश दिये।

**बोलेरो व बस की सीधी भिड़ंत में 10 की मौत...**

पुरवा गांव के सामने बोलेरो व बस में भिड़ंत हो गयी। इसमें बोलेरो के परखच्चे उड़ गए और बस का भी अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद बस में चीखपुकार मच गयी। शोरगुल सुन कर कुछ दूर पर स्थित पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने सूचना दी, तो पुलिस पहुंच गयी। बोलेरोसवार सभी लोगों की मौत हो चुकी थी और गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी थी, ऐसे में शव बाहर निकालने के लिए गैस कटर मंगवाना पड़ा। करीब 2.5 घंटे की मशक्कत के बाद शव मर्चरी भेजवाये जा सके। उधर, हादसे में बस में सवार 19 श्रद्धालु भी चोटिल हुए। उन्हें मेजा के रामनगर सीएचसी भेजा गया, जहां देर शाम तक उनका इलाज चलता रहा। डॉक्टरों ने इन सभी की हालत खतरे से बाहर बतायी है। सुबह छह बजे के करीब पुलिस आयुक्त तरुण गाबा व डीएम रवीन्द्र मांदड़ भी घटनास्थल पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हादसा अचानक बोलेरो के रांग साइड पर आने के कारण हुआ। मौका मुआयना के बाद पुलिस अफसरों का भी यही कहना है। बताया जा रहा है कि शहर की ओर जा रही बोलेरो अचानक हाईवे की प्रयाराज से मिर्जापुर जानेवाली लेन पर आ गयी और तभी सामने से बस आ गयी। आशंका जतायी जा रही है कि चालक के नियंत्रण खो देने की वजह से ऐसा हुआ और इसकी वजह झपकी आना हो सकता है। हादसे में जान गंवानेवाले दो पिता-पुत्र भी शामिल हैं।

# फ्लिपकार्ट ने ग्रामीण महिला उद्यमियों को सक्षम बनाने के लिए आयोजित कीं कार्यशालाएं



**बेंगलुरु/मुंबई :** भारत का घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट अपने प्रयासों के माध्यम से छोटे कारोबारियों, ग्रामीण उद्यमियों और महिलाओं द्वारा संचालित उद्यमों को डिजिटल इकोनॉमी में आगे बढ़ने में सक्षम बना रहा है। फ्लिपकार्ट ने वंचित वर्ग के विक्रेताओं एवं उद्यमियों को सक्षम बनाने के लिए कई कार्यशालाओं का आयोजन किया है, जिनके माध्यम से उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, उनकी क्षमता बढ़ाई जाती है और उन्हें ऑनबोर्डिंग के बारे में बताया जाता है। इनमें ऐसे क्षेत्रों को लक्ष्य किया जाता है, जहां डिजिटल साक्षरता एवं ई-कॉमर्स को लेकर जागरूकता की कमी के कारण उनके लिए बाजारों तक पहुंचना और लिंक पाना मुश्किल होता है, जिससे आजीविका पर प्रभाव पड़ता है। फ्लिपकार्ट ने 'एक जिला, एक उत्पाद' पहल के तहत सेलर्स को शिक्षित करने एवं जोड़ने के लिए विभिन्न सरकारी इकाइयों, नॉर्थ ईस्टर्न हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और 'एक जिला, एक उत्पाद' पहल से हाथ मिलाया है। फ्लिपकार्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोगी के रूप में महा कुंभ 2025 में भी भागीदारी की है। ग्रामीण उद्यमियों के लिए फ्लिपकार्ट ने कई प्रशिक्षण सत्रों का भी आयोजन किया है। अकेले 2024 में फ्लिपकार्ट ने भारत भर में 1500 से अधिक ग्रामीण महिला उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों एवं सूक्ष्म, लघु उद्यमियों, विक्रेताओं का सहयोग करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों को कवर करते हुए 40 से अधिक कार्यशालाएं आयोजित कीं। एनएसडीसी, डीपीआईआईटी और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के साथ रणनीतिक सहयोग के माध्यम से फ्लिपकार्ट ने जम्मू कश्मीर, पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, गोवा समेत पूरे भारत में ओरिएंटेशन एवं ट्रेनिंग प्रोग्राम्स की मेजबानी की है। इन प्रोग्राम्स के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं, कारीगरों और सूक्ष्म उद्यमियों को डिजिटल कौशल और बाजार तक पहुंच प्रदान की जाती है। टेक्नोलॉजी, साझेदारी और वित्तीय समावेशन का लाभ उठाते हुए फ्लिपकार्ट भारत के एमएसएमई इकोसिस्टम के विकास को बढ़ावा दे रहा है, साथ ही बड़े पैमाने पर आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तीकरण को बढ़ावा दे रहा है। फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉर्पोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा, फ्लिपकार्ट भारत के ई-कॉमर्स इकोसिस्टम को मजबूत करने, लाखों एमएसएमई, उद्यमियों एवं एसजीएच को प्रौद्योगिकी, इनोवेशन व एक मजबूत बाजार के माध्यम से आगे बढ़ने में सक्षम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। अपनी राष्ट्रव्यापी कार्यशालाओं के माध्यम से हम छोटे व्यवसायों और उद्यमियों को आत्मनिर्भर होने और समावेशी विकास को आगे बढ़ाने में सक्षम बना रहे हैं। हम लगातार इनोवेशन कर रहे हैं और इसके साथ-साथ हम समाज के सभी वर्गों के उत्थान एवं सशक्तीकरण के लिए ई-कॉमर्स का लाभ उठाने के नए तरीकों की खोज भी कर रहे हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि एमएसएमई एक अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में भारत की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

## 'भारत में विज्ञान संचार की आवश्यकता और महत्व' पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद- राष्ट्रीय विज्ञान संचार और नीति अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-एनआईएससीपीआर) ने यहां अपने परिसर में 'भारत में विज्ञान संचार की आवश्यकता और महत्व' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय भाषाओं में विज्ञान संचार में मौजूदा प्रयासों का मूल्यांकन करना और भारत के विविध भाषाई समुदायों में विज्ञान के साथ सार्वजनिक जुड़ाव बढ़ाने की रणनीतियों का पता लगाना था। अपने स्वागत भाषण में सीएसआईआर-एनआईएससीपीआर की निदेशक प्रो. रंजना अग्रवाल ने वैज्ञानिक अनुसंधान और समाज के बीच की खाई को पाटने में विज्ञान संचार की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने समावेशिता और व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय भाषाओं में विज्ञान संचार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सच्ची वैज्ञानिक प्रगति समावेशी होती है। क्षेत्रीय भाषाओं में विज्ञान को बढ़ावा देना यह सुनिश्चित करता है कि ज्ञान समाज के हर कोने तक पहुंचे। पीएमई प्रमुख डॉ. नरेश कुमार ने परिचयात्मक टिप्पणी करते हुए क्षेत्रीय भाषाओं में वैज्ञानिक ज्ञान के प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया। सीएसआईआर-एनआईएससीपीआर के वरिष्ठ वैज्ञानिक और भारतीय भाषा परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ. मनीष



मोहन गोरे ने कहा कि देश की क्षेत्रीय भाषाओं में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की प्रामाणिक जानकारी को प्रसारित करने के लिए जन सहभागिता आवश्यक है। कार्यशाला में विभिन्न वैज्ञानिक और मीडिया संस्थानों के प्रतिष्ठित वक्ताओं द्वारा विचारोत्तेजक चर्चा की गई। वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग के सहायक निदेशक दीपक कुमार ने 'विज्ञान शब्दावली का वर्तमान स्वरूप, समस्याएं और उपयोगिता' विषय पर चर्चा की। माइक्रोसॉफ्ट के डिजिटल मीडिया संचार प्रमुख बालेंदु शर्मा ने 'एआई और डिजिटल दुनिया का वर्तमान और भविष्य' विषय पर जानकारी दी। राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, भारत के कार्यकारी सचिव डॉ. संतोष कुमार शुक्ला ने 'भारतीय भाषाओं में विज्ञान लेखन और लोकप्रिय विज्ञान साहित्य' पर चर्चा की। डिजिटल और सोशल मीडिया विशेषज्ञ नेहा त्रिपाठी ने 'वैज्ञानिक सामग्री के विभिन्न स्रोत और उनकी प्रामाणिकता' पर विस्तार से चर्चा की। इसके अलावा, डॉ. कृष्ण नंद पांडे, पूर्व वैज्ञानिक-एफ, आईसीएमआर ने 'भारतीय समाज में जागरूकता पैदा करने में स्वास्थ्य संचार की भूमिका' पर प्रकाश डाला। दोपहर के सत्र में क्षेत्रीय दृष्टिकोणों पर चर्चा की गई। आकाशवाणी के कार्यक्रम अधिकारी शिवनंदन ने 'रेडियो और कृषि विज्ञान कार्यक्रमः प्रकृति और संभावनाएं' पर अंतर्दृष्टि साझा की। विज्ञान लेखक समीर गांगुली ने 'विज्ञान कथा कहानियों के सामाजिक संदर्भ' पर प्रकाश डाला। कार्यशाला ने विशेषज्ञों, संचारकों और प्रतिभागियों को सार्थक बातचीत में शामिल होने के लिए एक गतिशील मंच प्रदान किया। चर्चाओं से भारतीय भाषाओं में विज्ञान संचार को मजबूत करने के लिए नीतिगत सिफारिशें प्राप्त हुईं, जिसमें अकादमिक-सरकार-मीडिया सहयोग बढ़ाने और विज्ञान संचारकों के बीच क्षमता निर्माण के लिए रणनीतियों पर जोर दिया गया।

## एक झलक

### मैक्सिको में मारा गया यूरोप का खूंखार अपराधी

**वाशिंगटन :** यूरोप के सबसे खूंखार अपराधियों में शुमार एक ड्रग तस्कर मैक्सिको में मारा गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी है। मार्को एब्बन को मैक्सिको सिटी से करीब 25 किलोमीटर दूर अटिजापान डी जारागोसा के एक शहर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। प्रवर्तन अधिकारियों ने एब्बन की पहचान की पुष्टि की। पुलिस के अनुसार ने एब्बन को यूरोप के सबसे वांछित भगौड़ों में सूचीबद्ध किया था। वहां ब्राजील से नीदरलैंड्स में ड्रग्स की तस्करी में शामिल था। 2014 और 2015 के बीच एब्बन और उसके साथियों ने 400 किलो कोकीन को अनानास के कंटेनरों में छिपाकर तस्करी करने का आरोप है। गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने ने पिछले अक्टूबर में कूलियाकान में अपनी मौत का ढोंग किया था। यह मैक्सिको के सिनालोआ कार्टेल का गढ़ है और वहां दो कार्टेल गुटों के बीच संघर्ष चल रहा था। मीडिया के अनुसार, एब्बन को एक गुट से जुड़े होने का आरोप था, लेकिन उस समय उसकी मौत का कोई सबूत नहीं मिला था। केवल एक कथित प्रेमिका का बयान था जिसने शव की पहचान की थी।

### अरब देश बना रहे गाजा के पुनर्निर्माण का प्लान

**रियाद :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा के पुनर्निर्माण के लिए एक प्रस्ताव पेश किया है, जिसके तहत फिलिस्तीनियों को बाहर जाना होगा। ट्रंप के प्रस्ताव से अरब देश भड़क गए हैं। मिस्र और जॉर्डन पहले ही ट्रंप के प्लान को खारिज कर चुके हैं। वहीं सऊदी अरब भी कह चुका है कि फिलिस्तीनियों को लेकर वह किसी भी तरह का समझौता नहीं करेगा। वहीं अब सूत्रों ने बताया है कि सऊदी अरब, गाजा के भविष्य को लेकर एक योजना विकसित करने के लिए अरब देशों की कोशिशों का नेतृत्व कर रहा है। इसका मतलब ये है कि सऊदी अरब, गाजा में ट्रंप के प्रस्ताव को रोकने के लिए एक समूह का नेतृत्व कर रहा है। यानि मोहम्मद बिन सलमान और ट्रंप सामने खड़े हो गए हैं। सूत्रों ने बताया है कि इस महीने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में एक बैठक होने वाली है। जिसमें सऊदी अरब के साथ मिस्र, जॉर्डन और संयुक्त अरब अमीरात औार कई अरब देशों के अधिकारी हिस्सा लेंगे।

### बेरुत में संयुक्त राष्ट्र शांति सेना के काफिले पर हमला

**बेरूत :** लेबनान में मौजूद संयुक्त राष्ट्र शांति सेना के काफिले पर हमला हुआ है, जिसमें उसके निवर्तमान डेप्युटी कमांडर घायल हो गए हैं। हमला बेरूत में हुआ जहां हिजबुल्लाह के समर्थक प्रदर्शन कर रहे थे। लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूनिफिल) ने कहा कि काफिला शांति सैनिकों को बेरूत हवाई अड्डे पर जा रहा था, तभी उसे निशाना बनाया गया और गाड़ी में आग लगा दी गई। मिशन ने लेबनानी अधिकारियों से पूर्ण और तत्काल जांच की मांग की है। सोशल मीडिया पर कई वीडियो सामने आए हैं, जिसमें एक सफेद यूएन वाहन को जलते हुए दिखाया गया है। इस दौरान पीले झंडे लिए हुए कुछ युवा पुरुषों का समूह भागने की कोशिश कर रहे शांति सैनिकों का पीछा करता है और उन्हें पीटता है। बयान के मुताबिक हमले में घायल डेप्युटी कमांडर अपना मिशन समाप्त करने के बाद घर लौट रहे थे।

### मारवत ने निष्कासन के लिए राजा को दोषी ठहराया

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) से बाहर किए जाने के बाद असंतुष्ट विधायक शेर अफजल मारवत ने चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने अपने निष्कासन के लिए सीधे तौर पर पीटीआई महासचिव सलमान अकरम राजा और उनके सहयोगियों को जिम्मेदार ठहराया है। मारवत ने दावा किया है कि जनाधारहीन नेता पार्टी के सभी मामलों का प्रबंधन कर रहे हैं। द न्यूज इंटरनेशनल समाचार पत्र के अनुसार, मारवत ने यह टिप्पणी सहयोगी समाचार चैनल जियो न्यूज के कार्यक्रम 'आज शाहजेब खानजादा के साथ' में की।

## अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण के बाद...

# जम्मू और कश्मीर में शुरू हुई एक नयी यात्रा : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**कटरा :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि 2019 में अनुच्छेद 370 के ऐतिहासिक निरस्तीकरण के बाद जम्मू और कश्मीर में एक नई यात्रा शुरू हुई है। पवित्र क्षेत्र अब संघर्ष क्षेत्र नहीं माना जाता। यहां के लोगों की उम्मीदें बहुत अधिक हैं। उन्होंने भाजपा के विचारक श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संदर्भ देते हुए कहा कि धरती के एक महान सपूत ने एक बार 'एक देश में एक निशान, एक विधान, एक प्रधान' की मांग उठाई थी। वह सपना अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद पूरा हुआ है।

उन्होंने कटरा स्थित श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय (एसएमवीडीयू) के 10वें दीक्षांत समारोह के दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जहां कभी अव्यवस्था थी, वहां अब हम वास्तविक व्यवस्था और स्थिरता देख रहे हैं। अनुच्छेद 370 के ऐतिहासिक निरस्तीकरण के साथ जब अलगाव की संवैधानिक दीवारें ढह गईं तो नई पीढ़ियों को आकांक्षाओं को पंख लग गए हैं। माता वैष्णो देवी की पवित्र भूमि में एक नई तीर्थयात्रा शुरू हुई- अलगाव से एकीकरण की यात्रा। अनुच्छेद 370 संविधान में एक अस्थायी अनुच्छेद था।

उन्होंने कहा कि संविधान के निमार्ता बीआर आंबेडकर ने अनुच्छेद 370 को छोड़कर सभी अनुच्छेदों का मसौदा तैयार किया था। मैं आपसे आग्रह करूंगा कि आप ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में जाएं, ताकि यह पता चल सके कि उन्होंने क्यों मना कर दिया था। भारतीय राजनीतिक क्षितिज के एक ओर विशाल दिग्गज सरदार वल्लभभाई पटेल ने जम्मू और कश्मीर राज्य को छोड़कर भौतिक राज्यों को एकीकृत करने का कार्य अपने ऊपर लिया। धनखड़ ने कहा कि अब बदलाव की हवा शांति और प्रगति लेकर आई है। धरती के एक महान सपूत ने एक देश में एक निशान, एक विधान, एक प्रधान की मांग की थी और वह पूरी हो गई है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि वह पहली बार 1980 के दशक की शुरूआत में जम्मू-कश्मीर आए थे, जब उन्होंने अपने परिवार के साथ गुलमर्ग, सोनमर्ग और अन्य स्थानों का दौरा किया था। दूसरी यात्रा में एक बहुत ही दर्दनाक अनुभव था। मैं 1989 में संसद के लिए चुना गया था। मंत्रिपरिषद के सदस्य के रूप में श्रीनगर आया था। हमने श्रीनगर की सड़कों पर दर्जनों लोगों को भी नहीं देखा, जो कि दृश्य एक उदासी भरा था। उन्होंने कहा कि देखिए हम अब कहां हैं। राज्यसभा में यह मेरे लिए गौरव का क्षण था, जब यह घोषित किया गया कि दो करोड़ से अधिक पर्यटक जम्मू-कश्मीर गए थे।

उन्होंने बताया कि केवल दो वर्षों में जम्मू-कश्मीर को 65,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं जो इस क्षेत्र में मजबूत आर्थिक रुचि का संकेत हैं। वर्ष 2019 के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है और कई अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने इसमें रुचि दिखाई है। यह क्षेत्र आत्मविश्वास और पूंजी का संगम है।

■ कटरा में एसएमवीडीयू के 10वें दीक्षांत समारोह के दौरान एक सभा को सम्बोधित कर रहे थे उपराष्ट्रपति



### जम्मू-कश्मीर में मतदाता भागीदारी में वृद्धि

**उपराष्ट्रपति** धनखड़ ने यह भी कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान 35 वर्षों में सबसे अधिक मतदान करने वाले जम्मू-कश्मीर में घाटी में मतदाता भागीदारी में भारी वृद्धि देखी गई। लोकतंत्र को उसकी असली आवाज, उसकी असली प्रतिध्वनि मिल गई है। यह क्षेत्र अब संघर्ष की कहानी नहीं है, नए कश्मीर में हर निवेश प्रस्ताव सिर्फ पूंजी के बारे में नहीं है। यह विश्वास बहाल करने और विश्वास को पुरस्कृत करने के बारे में है। यह बदलाव अदृश्य नहीं है, बल्कि प्रत्यक्ष है। धारणा बदल गई है, जमीनी हकीकत बदल रही है, लोगों की उम्मीदें बढ़ रही हैं।

## ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स नीति से निवेश और नवाचार का प्रारम्भ होगा नया युग : डॉ. यादव

एजेंसी

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार ने 'मध्य प्रदेश ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पॉलिसी 2025' लॉन्च की है, जो बहुराष्ट्रीय कंपनियों को आकर्षित करने और राज्य को एक डिजिटल एवं तकनीकी हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और डिजिटल इंडिया विजन को गति देने में यह नीति एक मील का पत्थर साबित होगी।

भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025, इस नीति को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करने का सबसे बड़ा मंच मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समिट का 24 फरवरी को शुभारंभ करेंगे, जिससे मध्यप्रदेश का निवेश परिदृश्य और भी मजबूत होगा। दुनिया भर के निवेशकों, उद्योगपतियों और नीति-निमार्ताओं के समक्ष मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस नीति को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करेंगे, जिससे जीसीसी के क्षेत्र में राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सके। इस समिट से जीसीसी के लिये बड़ी संख्या में निवेश प्रस्तावों की उम्मीद है, जिससे राज्य का आर्थिक परिदृश्य बदल जाएगा।

वर्तमान में भारत दुनिया का सबसे बड़ा जीसीसी हब बन चुका है, जहां 1600 से अधिक जीसीसी कार्यरत हैं। मध्य प्रदेश इस सेक्टर में अपनी भागीदारी को तेजी से बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है।



### जीसीसी : वैश्विक कारोबार का नया केन्द्र

**ग्लोबल** कैपेबिलिटी सेंटर्स वे केन्द्र हैं, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय कंपनियां अपने मुख्यालय से अलग अन्य देशों में स्थापित करती हैं। इनका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर अपने ऑपरेशंस को सुचारू रूप से चलाना और अत्याधुनिक तकनीकों का लाभ उठाना होता है। इन केन्द्रों में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, डेटा एनालिटिक्स, वित्तीय सेवाएं, अनुसंधान एवं विकास, सप्लाई चेन मैनेजमेंट और ग्राहक सहायता जैसी सेवाएं दी जाती हैं।

### लोगों को अमेरिका भेजनेवाले एजेंट गिरफ्तार

**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने एनआरआई मामले में अवैध इमिग्रेशन घोटाले को लेकर कार्रवाई तेज कर दी है। इस मामले में पुलिस ने एक विशेष टीम गठित की थी। टीम ने पटियाला से ट्रैवल एजेंट अनिल बत्रा को गिरफ्तार कर लिया है। पंजाब पुलिस डंकी रूट से लोगों को अमेरिका भेजने वाले ट्रैवल एजेंटों के विरूद्ध जांच कर रही है। इस मामले में 10 एफआईआर दर्ज की गई हैं। पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने अमेरिका से अवैध पंजाबियों का पहला जहाज आने के बाद इमिग्रेशन( अप्रवास) की गतिविधियों में शामिल धोखेबाज ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ शिकायतों की जांच के लिए चार सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था।

## इजराइल ने 369 फिलिस्तीनी कैदियों को किया रिहा



■ टी-शर्ट पर लिखा 'हम न भूलेंगे और न माफ करेंगे'

■ हमास ने किये तीन इजराइली बंधकों को रिहा

एजेंसी

**तेलअवीव :** हमास की कैद से इजराइली बंधकों की रिहाई के बाद इजराइल ने भी 369 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक इन कैदियों को एक खास तरह की टी-शर्ट पहनाकर रिहा किया गया है। इन सभी टी-शर्ट पर हम न भूलेंगे और न माफ करेंगे लिखा हुआ है। दरअसल, हमास हर बार इजराइली बंधकों की रिहाई से पहले एक इवेंट करता है। इसमें सभी बंधकों को लाकर उनसे हमास की तारीफ करवाई जाती है। इस इवेंट में हजारों फिलिस्तीनी जुटते हैं। इजराइल इसी बात से नाराज है। शनिवार को भी हमास ने 3 इजराइली बंधकों को रिहा कर इवेंट का आयोजन किया।



इंडोनेशिया में एक समारोह में कार्यक्रम पेश करती हुई डांसर्स

### एमपी टूरिज्म बोर्ड को मिला स्कॉच अवॉर्ड-2024

**भोपाल :** एमपी टूरिज्म बोर्ड (एमपीटीबी) को उसके सतत पर्यटन पहल 'प्रोजेक्ट क्लीन डेस्टिनेशंस' के लिए प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में सिल्वर ओक हॉल, इंडिया हैबिटेट सेंटर में 100वें स्कॉच समिट के दौरान एमपी टूरिज्म बोर्ड की अपर प्रबंध संचालक बिदिशा मुखर्जी ने यह अवार्ड ग्रहण किया। पर्यटन और संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव एवं टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक शिव शेखर शुक्ला ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने इस उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए कहा कि एमपी टूरिज्म बोर्ड सतत और जिम्मेदार पर्यटन के प्रति प्रतिबद्ध है।

## श्वेता तिवारी ने बाथरूम में किया फोटोशूट

**मुंबई :** सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस श्वेता तिवारी अक्सर अपनी तस्वीरें शेयर करके फैंस का दिल जीत लेती हैं।बाथरूम में इठालते हुए श्वेता तिवारी ने अपनी कई तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं जिन पर फैंस फिदा हो रहे हैं। हाल ही में उन्होंने अपने बाथरूम फोटोशूट की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कीं, जो तेजी से वायरल हो रही हैं। इस तस्वीर में एक्ट्रेस काफी सेंसुअस लग रही हैं और अपनी टोन्ड लेग्ट भी फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। श्वेता की ये तस्वीर कातिलाना है। इन तस्वीरों में श्वेता व्हाइट बाथरोब पहने नजर आ रही हैं और उनके स्टाइलिश पोज ने फैंस को दीवाना बना दिया है। खुले बालों और सटल मेकअप के साथ श्वेता की मुस्कान तस्वीरों को और भी खास बना रही है। इस तस्वीर में श्वेता अपनी खुली हुई जुल्फों के साथ अपनी प्यारी स्माइल का जादू बिखेर रही हैं। इस फोटो से नजरें हटाना मुश्किल है। श्वेता की इन अदाओं ने उनकी उम्र को मात दे दी है। 44 साल की उम्र में भी वह अपनी खूबसूरती और फिटनेस से यंग एक्ट्रेसेस को टक्कर दे रही हैं। श्वेता ने अपने बाथरूम फोटोशूट के लिए व्हाइट बाथरोब के साथ सटल मेकअप किया है और बालों को खुला रखा है। इस लुक में वे गजब ढा रही हैं। फैंस उनकी इन तस्वीरों पर दिल खोलकर लाइक्स और कमेंट्स कर रहे हैं। श्वेता की ये तस्वीर भी कातिलाना है। एक्ट्रेस बाथरूम स्लैब पर बैठे हुए दिलकश पोज में नजर आ रही हैं। श्वेता तिवारी का यह बाथरूम फोटोशूट इंटरनेट पर तहलका मचा रहा है और उनके फैंस उनकी खूबसूरती की जमकर तारीफ कर रहे हैं।



# एक भारत-श्रेष्ठ भारत का अनमोल उदाहरण है महाकुम्भ : पीयूष

एजेंसी

**महाकुम्भ नगर :** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल शनिवार को त्रिवेणी संगम पहुंचे और आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान उन्होंने महाकुम्भ को एक भारत- श्रेष्ठ भारत का अनमोल उदाहरण बताते हुए कहा कि विश्व भर के लोगों की आस्था देख कर आनंद की अनुभूति हो रही है। हमारा सनातन धर्म सुरक्षित है और यह देश को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएगा। उन्होंने प्रयागराज में परमार्थ निकेतन आश्रम (ऋषिकेश) के प्रमुख, स्वामी चिदानंद सरस्वती के दर्शन कर, उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। पीयूष गोयल ने मीडिया से कहा कि यह सचमुच एक भावनात्मक क्षण है। महाकुम्भ में आने का सौभाग्य मिलना एक आशीर्वाद जैसा है। यह भारत की सामूहिक भावना का अद्भुत उदाहरण है। अब तक 50 करोड़ से अधिक लोग देश और विदेश से महाकुम्भ में आ चुके हैं, जिससे भारत की बढ़ती शक्ति का संदेश पूरी दुनिया में गया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं जब बेल्जियम में था, तब मुझे जानकारी मिली कि कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन महाकुम्भ आना चाहते हैं। मैंने तुरंत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात की और उनकी यात्रा की व्यवस्था करवाई। इस अनूठे अनुभव के बाद वे बेहद उत्साहित थे। महाकुम्भ का यह आयोजन 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का संदेश पूरे विश्व और देश तक पहुंचाएगा।

■ केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने संगम में लगायी पावन डुबकी



### संगम में स्नान कर अभिभूत हुए गोवा के मुख्यमंत्री सावंत

**महाकुम्भ** में देश-विदेश से दिग्गजों के आने का क्रम लगातार जारी है। महाकुम्भ में आने वाला हर एक व्यक्ति यहां की भव्यता व दिव्यता को अनुभूत करके मंत्रमुग्ध हो जा रहा है। यही कारण है कि इतने व्यापक स्तर पर हो रहे इस महा आयोजन को लेकर सीएम योगी और योगी सरकार के प्रयास, विजन व क्रियान्वयन की तारीफ करते लोग नहीं थक रहे हैं। शनिवार को गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत भी इस कड़ी का हिस्सा बने। महाकुम्भ का हिस्सा बनने, पुण्य की डुबकी लगाने और तीर्थराज प्रयागराज की दिव्यता को अनुभूत करने वह पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व पूरी कैबिनेट को लेकर आए। अपने अनुभव को अविस्मरणीय बताते हुए सावंत के कहा कि 50 करोड़ श्रद्धालुओं का इस महा आयोजन में आना इसकी व्यापकता व दिव्यता का प्रमाण है। उन्होंने स्वयं व गोवा की जनता की ओर से सीएम योगी व योगी सरकार का आभार जताते हुए कहा कि इतने सुव्यवस्थित तरीके से इतना बड़ा आयोजन कराने के लिए योगी आदित्यनाथ बधाई के पात्र हैं और इस दिव्य, आनंद व उत्सव से भरे क्षण उपलब्ध कराने के लिए सीएम योगी को धन्यवाद। महाकुम्भ में अब तक 50 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु आ चुके हैं। 13 जनवरी से यह महा आयोजन शुरू हुआ था और महाकुम्भ में अब तक आए कुल श्रद्धालुओं की संख्या 50 करोड़ को पार कर गई है। इस पर हर्ष व्यक्त करते हुए गोवा के सीएम सावंत ने कहा कि यह इसका स्पष्ट प्रमाण है कि महाकुम्भ का महा आयोजन कितना विराट है, भव्य है और लोगों को आनंदित करने वाला है।

